www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:42

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 3.05 न्यू | 15.00 अधि |
| धर्मशाला | 5.02 न्यू | 20.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 71657.71 |
| निफ्टी | 21618.70 |

सोना 62,247 चांदी 71,295

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | वीरवार, 11 जनवरी 2024 | 27 पौष, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 24 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए |

अयोध्या से प्रेरित होकर भक्तों ने साहो जालपा मंदिर में शुरू की श्रीराम की पूजा...पेज 3

## राम मंदिर में सुशोभित होगा 2400 किलो का घंटा

अनंत ज्ञान विशेष

**श्रीराम** जन्मभूमि मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बुधवार को उत्तर प्रदेश के एटा जिले के जलेसरवासियों की तरफ से 2400 किलो का घंटा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपा गया है। इसके साथ 51-51 किलो के सात घंटे भी भेंट किए हैं।




इस घंटे की आवाज 10 किलोमीटर तक सुनाई देगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक, करीब 500 रामभक्तों के साथ अयोध्या पहुंचे हैं। यह घंटा अष्टधातु का है, जिसमें पीतल, कांस्य, तांबा, एल्यूमिनियम, लोहा, स्वर्ण, चांदी और जस्ता शामिल है। रास्ते में जगह-जगह रथयात्रा पर पुष्पवर्षा की गई, हजारों लोगों ने रास्ते में इसके दर्शन किए। वहीं, बेंगलुरु से पांच फुट की एक अगरबत्ती व हवन सामग्री भी अयोध्या पहुंची है।



**अष्टधातु का प्रयोग**

**जलेसर से 500 रामभक्तों ने पहुंचाया अयोध्या**

**10 किलोमीटर तक सुनाई देगी आवाज**

**5 फुट की अगरबत्ती और हवन सामग्री बेंगलुरु से भेजी**

**51-51 किलो के सात घंटे भी ट्रस्ट को सौंपे**

### गुजरात से आया पंचधातु से बना 'अजय बाण'

**गुजरात** के अहमदाबाद में पंचधातु से निर्मित 'अजय बाण' श्रीराम जी के लिए अयोध्या लाया गया है। इसका वजन 11 किलो व लंबाई पांच फुट है।



### 2121 कुंडीय महायज्ञ में आहुति डालेंगे श्रीराम के वंशज

**सरयू** तट पर 2121 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ होगा। इसमें श्रीराम के वंशज कहे जाने वाले लगभग 10,000 रघुवंशी विभिन्न राज्यों से आकर आहुति डालेंगे। इस आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए करीब एक माह से सरयू तट पर 60 एकड़ भूमि में हवन कुंड व टेंट सिटी बन रही है।

सीएम योगी का रामभक्तों के लिए बड़ा ऐलान

## रामलला के दर्शन करने अयोध्या आइए, खर्च जनप्रतिनिधि उठाएंगे

**बरेली**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामभक्तों के लिए बड़ा ऐलान किया है। बरेली पहुंचे मुख्यमंत्री ने लोगों को अयोध्या आने के लिए न्योता दिया। उन्होंने कहा कि विधायक व सांसद के जरिए 22 जनवरी के बाद रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आइए, सारा खर्चा जनप्रतिनिधि उठाएंगे। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब अयोध्या नाम से कइयों को करंट लगता था। लोग अयोध्या का नाम लेने से भी डरते थे, लेकिन आज पूरी दुनिया अयोध्या आना चाहती है। एयर कनेक्टिविटी बढ़ाई गई है, ताकि सम्मान से लोग आएंगे और रामलला के दर्शन करेंगे। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों को अयोध्या आने का निमंत्रण दिया।

### एयरपोर्ट के लाउंज में रहेंगे वीवीआईपी के सहयोगी, 80 हेलिकॉप्टरों से आएंगे मेहमान

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले वीवीआईपी के सहयोगियों को एयरपोर्ट के लाउंज में रोकने की योजना है। 80 हेलिकॉप्टरों से वीवीआईपी के आने की सूचना है। कुछ ने उतरने की अनुमति मांग ली है। अभी कुछ ने अनुमति नहीं मांगी है। समारोह में जाने के लिए कुछ वीवीआईपी के अपने वाहन से सड़क मार्ग से आ सकते हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स


### पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में चार लोगों की मौत

**पेशावर**। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में बुधवार को टोल प्लाजा पर हुए आतंकवादी हमले में तीन पुलिसकर्मियों सहित चार लोग मारे गए। पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया है और तलाशी अभियान शुरू किया है। प्रांत के कार्यवाहक मुख्यमंत्री न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरशद हुसैन ने हमले की निंदा की।

### संजय सिंह, मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 20 तक बढ़ी

**नई दिल्ली**। दिल्ली आबकारी नीति मनी लॉड्रिंग मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 'आप 'सांसद संजय सिंह और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 20 जनवरी तक बढ़ा दी है। वित्तीय जांच एजेंसी ने चार अक्तूबर को नॉर्थ एवेन्यू इलाके में उनके आवास पर तलाशी लेने के बाद सिंह को गिरफ्तार कर लिया था।

### भूकंप के झटकों से कांपा अंडमान निकोबार द्वीप समूह



**नई दिल्ली**। केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीप समूह में बुधवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.1 मापी गई है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने बताया कि अंडमान द्वीप पर भूकंप के झटके सुबह 7.53 बजे महसूस किए गए। वहीं, जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

## टॉप स्टोरीज

एनएचएआई का इंजीनियर रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार ...पेज 2

अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 में विराट और रोहित पर नजरें ...पेज 15

हूती विद्रोहियों पर बड़ा पलटवार, अमेरिका और ब्रिटेन ने नष्ट किए ड्रोन और मिसाइल ...पेज 16

एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634



ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

सोलन-शिमला, सिरमौर 98160-10065

महाराष्ट्र के विस स्पीकर ने 16 विधायकों की सदस्यता बरकरार रखी, कहा-

# शिंदे गुट ही असली शिवसेना

### 18 महीने 18 दिन बाद शिवसेना टूट पर फैसला

एजेंसी, मुंबई

**महाराष्ट्र** विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित 16 विधायकों की अयोग्यता मामले में 1200 पन्नों का फैसला सुनाया। विधानसभा स्पीकर ने शिंदे गुट को ही असली शिवसेना माना। साथ ही 16 विधायकों को अयोग्य करार देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है।

उन्होंने कहा कि जब पार्टी में बंटवारा हुआ था, तब शिंदे गुट के पास 37 विधायकों का समर्थन था। ऐसे में उनके नेतृत्व वाला गुट ही असली शिवसेना है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने भी इसे मान्य करार दिया था। उद्धव ठाकरे के पास एकनाथ शिंदे को पार्टी से हटाने का अधिकार नहीं था। ये अधिकार सिर्फ पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पास है। यह फैसला उद्धव ठाकरे गुट के लिए बड़ा झटका है। इस फैसले के बाद आदित्य ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी सुप्रीम कोर्ट जाएगी।

**बंटवारे के समय शिंदे गुट को था 37 विधायकों का समर्थन, ऐसे में यही गुट असली शिवसेना**



### उद्धव गुट को भी राहत 14 विधायक योग्य करार

महाराष्ट्र में झटके के बीच उद्धव ठाकरे गुट के लिए भी राहत की खबर है। दरअसल, शिंदे गुट ने उद्धव गुट के 14 विधायकों को अयोग्य करने की मांग की थी। अपने फैसले में स्पीकर राहुल नार्वेकर ने शिंदे गुट की मांग को खारिज कर दिया यानी शिंदे गुट के 16 विधायकों के साथ उद्धव गुट के 14 विधायक भी योग्य करार दिए गए।

### वोटिंग के आधार पर नहीं हुआ था शिवसेना प्रमुख का चुनाव

**राहुल** नार्वेकर ने कहा कि सुनील प्रभु की याचिका पर सुनवाई के समय प्रस्तुत किए गए दस्तावेज से पता चलता है कि शिवसेना प्रमुख का चुनाव वोटिंग के आधार पर नहीं किया गया था। किसी भी पार्टी प्रमुख को अपने मन के आधार पर निर्णय लेने का अधिकार नहीं रहता है। पार्टी प्रमुख के पास किसी को पार्टी से निकालने का अधिकार नहीं है, यह अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी को है। इसी वजह एकनाथ शिंदे की ओर चीफ व्हिप के पद पर भरत गोगावले की नियुक्ति सही पाई गई है।

### नेतृत्व संरचना पर अलग-अलग दृष्टिकोण

**महाराष्ट्र** विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शिवसेना के दो गुटों की ओर से चुनाव आयोग को सौंपे गए संविधान पर कोई सहमति नहीं है। दोनों दलों के नेतृत्व संरचना पर अलग-अलग दृष्टिकोण हैं। मुझे विवाद से पहले मौजूद नेतृत्व संरचना को ध्यान में रखते हुए प्रासंगिक संविधान तय करना होगा। शिवसेना के 2018 संशोधित संविधान को वैध नहीं माना जा सकता, क्योंकि यह भारत के चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में नहीं है। राहुल नार्वेकर ने कहा कि विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली सभी याचिकाएं खारिज की जाती हैं। शिवसेना के किसी भी गुट का कोई भी विधायक अयोग्य नहीं।

### आज का फैसला न्याय नहीं, सिर्फ एक षड्यंत्र



**शिवसेना** सांसद संजय राउत ने कहा कि आज का फैसला कोई न्याय नहीं है, यह एक षड्यंत्र है। हम सुप्रीम कोर्ट जरूर जाएंगे। हमारी लड़ाई न्यायालय में जारी रहेगी।

### कानून के मुताबिक फैसला



**केंद्रीय** मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने जो फैसला दिया है, यह नियम और कानून के मुताबिक है। 2/3 बहुमत के माध्यम से एकनाथ शिंदे के पास 37 विधायक हैं, इसलिए चुनाव आयोग ने भी शिंदे की शिवसेना को असली गुट माना। उद्धव ठाकरे को बहुत झटका लगा है। उद्धव गुट की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि मुझे आश्चर्य नहीं है। 2014 के बाद एक नई परंपरा शुरू हुई है। यह नैतिकता का एक दुर्भाग्यपूर्ण समझौता है।

## जिन मंत्रियों से विभाग लिए उन्हें नए डिपार्टमेंट मिलेंगे

सीएम बोले- दो नए विभाग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंफ्रास्ट्रक्चर होंगे गठित

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में विभागों का पुनर्गठन होगा, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंफ्रास्ट्रक्चर दो नए विभाग गठित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन दो नए मंत्रियों को विभागों का बंटवारा हुआ है, उससे कोई भी मंत्रिमंडल का सदस्य नाराज नहीं है। यह बात सीएम सुक्खू ने नादौन नगर पंचायत के साथ लगती बेला व भरमोटी पंचायत में पेयजल योजना का शिलान्यास के बाद पत्रकारों से बातचीत में कही।

उन्होंने कहा कि जिनसे विभाग लिए हैं, उनको उनके विभाग के अनुसार और दो नए विभाग दिए जाएंगे। ये विभाग जल्द ही नया रूप लेंगे। उन्होंने कहा कि किसी मंत्री के विभाग को छोटा या कम नहीं किया गया है। हर्षवर्धन चौहान के विभाग के साथ आयुष अच्छा नहीं लगता है। विक्रमादित्य अच्छा काम कर रहे हैं। उनका पीडब्ल्यूडी डिपार्टमेंट बड़ा है। उनको स्पोर्ट भी दिया था, जो इस डिपार्टमेंट के साथ अच्छा नहीं लगता है। इंफ्रास्ट्रक्चर से ताल्लुक होना चाहिए, इसलिए एक नया डिपार्टमेंट बना रहे हैं, उसको जोड़ा जाएगा। आईटी का नाम बदलने की जरूरत है। एक और 'एआई' विभाग बनाने जा रहे हैं। सीएम सुक्खू ने कहा कि मंत्रियों को उनके साथ संबंधित डिपार्टमेंट ऑफ एआई बनाने जा रहे हैं। हम कई और डिपार्टमेंट्स का रि-ऑर्गेनाइज करना चाहते हैं। मंत्रियों को उनके विभागों से संबंधित विभाग दिए जा रहे हैं।

**आईटी का नाम बदलने की जरूरत, एक और 'एआई' विभाग बनाने जा रहे**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का स्वागत करती बुजुर्ग महिला।

### भाजपा नहीं निभा रही सकारात्मक भूमिका

**मुख्यमंत्री** ने भाजपा पर आरोप लगाया कि उनके नेता न तो सकारात्मक भूमिका निभा रहे और न ही हिमाचली हितों की पैरवी केंद्र में कर रही है। केंद्र सरकार के जो उपक्रम हैं, उनमें भी भाजपा वाटरसेस का विरोध कर रही। बीबीएमबी के 4300 करोड़ राज्य सरकार को लेने हैं, जो केंद्र में फंसे हुए हैं। हिमाचल में धौलासिद्ध, नूरी और सुन्नी के पावर प्रोजेक्ट्स में हिमाचली हितों का ध्यान नहीं रखा गया है।

पवन ऊर्जा संयंत्र की स्थापना में बरती अनियमितताओं को लेकर हरकत में आई सीबीआई

## एसजेवीएनएल के तीन पूर्व अधिकारियों और निजी कंपनी पर एफआईआर

रविंद्र जस्टा, शिमला

**सतलुज** जल विद्युत निगम लिमिटेड के महाराष्ट्र के अहमदनगर स्थित पवन ऊर्जा संयंत्र की स्थापना में बरती गई अनियमितताओं को लेकर सीबीआई हरकत में आ गई है।

सीबीआई ने इस मामले को लेकर एसजेवीएनएल के तीन पूर्व अधिकारियों व निजी कंपनी पर एफआईआर दर्ज की है। वहीं, सीबीआई ने आरोपियों के सात ठिकानों पर दबिश दी है। एसजेवीएनएल सार्वजनिक उपक्रम के तत्कालीन तीन अधिकारियों के साथ एक निजी कंपनी के दो प्रतिनिधियों व एक अन्य कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई की एफआईआर में एसजेवीएनएल के कार्यकारी निदेशक सेवानिवृत्त आरके अग्रवाल, मुख्य महाप्रबंधक (सेवानिवृत्त) संजय उप्पल और उप महाप्रबंधक (सेवानिवृत्त) एके जिंदल के साथ मैसर्स पावर एनर्जी के प्रतिनिधि कंसल्टेंट्स विनीत शर्मा व सीएम. जैन सहित मेसर्स गमेसा विंड टरबाइन प्रा. लिमिटेड चेन्नई अब मेसर्स सीमेंस गे सारियूएबल पावर प्राइवेट लिमिटेड लिमिटेड चेन्नई सहित अन्यों को नामजद किया है।

**सीबीआई ने आरोपियों के सात ठिकानों पर दी दबिश**

कंपनी पर आरोह है कि पवन ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए दोषपूर्ण व्यवहार्यता रिपोर्ट प्रदान की थी। आरोपियों ने खिरविरे व कोंभलाने अहमदनगर जिला (महाराष्ट्र) स्थित एसजेवीएनएल के पवन ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए निविदा विनिर्देशों के अनुसार उपकरणों एवं सामग्री की उचित आपूर्ति व स्थापना सुनिश्चित नहीं की, जिसके परिणामस्वरूप उक्त संयंत्र का प्रदर्शन कम हो गया। ऐसे में एसजेवीएनएल को लगभग 191 करोड़ रुपए की कथित हानि हुई है। (अनंत ज्ञान)

### ब्रिटेन को पछाड़कर आगे बढ़ी भारत की अर्थव्यवस्था : नड्डा

**गुवाहाटी**। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बना है। भारत ने उस ब्रिटेन को पछाड़ दिया, जिसने भारत पर शासन किया था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार इस वर्ष 10 लाख करोड़ रुपए सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च कर रही है। नड्डा ने पूर्वोत्तर राज्यों की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार ने पूर्वोत्तर भारत को देश की मुख्यधारा में शामिल किया है।



## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नहीं जाएंगे सोनिया, खड़गे

एजेंसी, नई दिल्ली

**अयोध्या** में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, जयराम रमेश तमाम बड़े नेता नहीं जाएंगे। पिछले महीने राम जन्मभूमि ट्रस्ट की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और कांग्रेस संसदीय दल के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन का निमंत्रण मिला था।

इस संबंध में कांग्रेस पार्टी की ओर से एक वक्तव्य जारी किया गया है। इस वक्तव्य में कहा गया है कि एक अर्धनिर्मित मंदिर का उद्घाटन केवल चुनावी लाभ के लिए किया जा रहा है।



### राम मंदिर को बना दिया एक राजनीतिक परियोजना

**कांग्रेस** महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पिछले महीने राम मंदिर के उद्घाटन का निमंत्रण मिला था। भगवान राम की पूजा-अर्चना करोड़ों भारतीय करते हैं। धर्म मनुष्य का व्यक्तिगत विषय होता आया है, लेकिन बीजेपी और आरएसएस ने वर्षों से अयोध्या में राम मंदिर को एक राजनीतिक परियोजना बना दिया है।

**आयोजन** वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 के 10वें संस्करण के उद्घाटन सत्र में बोले पीएम मोदी

## भारत 25 साल में बनेगा विकसित देश

एजेंसी, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में भारत विश्व मित्र के रूप में आगे बढ़ रहा है। दुनिया भारत को स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ और वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकास के इंजन के रूप में देखती है।

**तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में भारत विश्व मित्र के रूप में बढ़ रहा**

यह बात पीएम मोदी ने गांधीनगर के महात्मा मंदिर में 10 से 12 जनवरी तक आयोजित होने वाले वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 के 10वें संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमने अगले 25 साल में भारत को एक विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख रेटिंग एजेंसियों की राय है कि भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि 10 साल पहले भारत 11वें स्थान पर था। आज दुनिया की हर प्रमुख रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की टॉप-3 इकोनॉमी में जाएगा।

एक ऐसे समय में जब विश्व अनेक अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। तब भारत दुनिया में विश्वास की एक नई किरण बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत विश्वमित्र की भूमिका में आगे बढ़ रहा है। आज भारत ने विश्व को यह भरोसा दिया है कि हम साझा लक्ष्य तय कर सकते हैं, अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।

विश्व कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता, निष्ठा, प्रयास और भारत का परिश्रम आज की दुनिया को ज्यादा सुरक्षित और समृद्ध बना रहा है। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात समिट आर्थिक विकास और निवेश का एक वैश्विक मंच बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत-यूएई संबंधों में आई प्रगाढ़ता का श्रेय संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को दिया। पीएम ने यूएई राष्ट्रपति को भाई बताया।



10वें संस्करण के उद्घाटन पर मेहमानों का हाथ जोड़कर स्वागत करते पीएम मोदी।

### 2028 तक दुनिया की तीसरी इकोनॉमी होगा भारत



**वाइब्रेंट** गुजरात शिखर सम्मेलन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत 2027-28 तक पांच ट्रिलियन डॉलर से अधिक की जीडीपी के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वर्तमान में 50 करोड़ से अधिक भारतीयों के पास बैंक खाते हैं, जबकि 2014 में यह संख्या 15 करोड़ थी। वित्त मंत्री ने बताया है कि भारत को पिछले 8-9 साल में 595 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है।

सपा के वरिष्ठ नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने दिया **विवादित बयान**

## सरकार का सही था कारसेवकों पर गोली चलाने का फैसला

एजेंसी, कासगंज

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि कारसेवकों पर तत्कालीन सरकार ने संविधान और कानून की रक्षा के लिए अराजक तत्वों पर देखते ही गोली मारने के आदेश दिए थे। उस समय तत्कालीन सरकार ने अपना कर्तव्य निभाया था। जिस समय अयोध्या में राम मंदिर पर घटना घटी थी, वहां पर बिना किसी न्यायपालिका और प्रशासनिक के आदेश के बड़े पैमाने पर आराजतक तत्वों ने तोड़फोड़ कर दी थी। 33 साल पहले सन् 1990 में अयोध्या के हनुमान गढ़ी जा रहे कारसेवकों पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई गई थीं। उस समय उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार थी, मुलायम सिंह यादव यूपी के मुख्यमंत्री थे।



### हमारा काम धर्म का नहीं है गैर बराबरी दूर करने का है



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी नेताओं से कहा कि हमारा काम धर्म का नहीं है, गैर बराबरी दूर करने का है। कई विधायकों ने उनसे स्वामी प्रसाद मौर्य की शिकायत की। इस पर अखिलेश यादव ने ऐसी बातें दोबारा न होने देने का आश्वासन दिया।

### कांग्रेस नेता प्रमोद बोले- स्वामी मौर्य से डरते हैं अखिलेश यादव



**कांग्रेस** नेता प्रमोद कृष्णम ने कहा कि अखिलेश यादव स्वामी प्रसाद मौर्य से डरते हैं, वे जानते हैं कि स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा के व्यक्ति है, उनके बयानों से उनकी पार्टी का बेड़ा गर्क होगा।

## सदियों पुराने जालपा माता मंदिर में नरेश महाजन परिवार ने स्थापित करवाई थी भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियां

# अयोध्या से प्रेरित होकर भक्तों ने साहो जालपा मंदिर में शुरू की श्रीराम की पूजा

**एमएम डैनियल, साहो ( चंबा )**

अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण से जुड़ा सर्वोच्च न्यायालय निर्णय, मंदिर की स्थापना नींव रखने सहित इस दौरान कोविड-19 काल जैसे कई बातें उजागर हुई हैं। इस निर्णय एवं निर्माण अवधि में जिला चंबा के साहो क्षेत्र में निर्मित मां जालपा मंदिर में स्थापित भगवान श्रीराम मंदिर की स्थापना आपस में काफी मेल खाती है।

हालांकि प्राचीन जालपा मंदिर साहो सदियों पूर्व स्थापित हुआ है, तो वहीं भगवान श्रीराम मंदिर को स्थापित किए आगामी माह में महज एक वर्ष होगा, लेकिन मंदिर की एक छत तले ही निर्मित माता और भगवान श्रीराम दोनों मंदिरों को लेकर आस्था की अपनी-अपनी धारणाएं हैं, जो कि इस मंदिर की आस्था एवं विश्वास के महत्व को और भी अहम बना देती हैं। प्राचीन जालपा मंदिर साहो में स्थापित भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण व हनुमान की मूर्तियां सफेद संगमरमर की हैं, जिसमें भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण पूर्ण राज-लिबास में आभूषणों, धनुष-बाण सहित दर्शाए हुए हैं, जबकि भगवान श्रीराम के ठीक चरणों के समक्ष अक्षत कलश मौजूद है। वहीं, भगवान श्रीराम के दाएं ओर हनुमान की प्रतिमा स्थापित है।


(अनंत ज्ञान)

### ऐसे बसे जालपा मंदिर में भगवान श्रीराम

**प्राचीन** जालपा मंदिर साहो में भगवान श्रीराम की प्रतिमाएं स्थापित करने के पीछे आस्था का अहम महत्व है, जिसका श्रेय साहो क्षेत्र निवासी नरेश महाजन परिवार को जाता है। देश में सबसे बड़े मामले भगवान श्रीराम मंदिर पर वर्ष 2019 में फैसला आने के बाद कई श्रीराम भक्तों की अयोध्या में भगवान राम मंदिर स्थापना को लेकर आस्था बढ़ गई। इस निर्णय के एक वर्ष के भीतर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2020 में मंदिर निर्माण का पहला चरण शुरू करते हुए मंदिर की नींव रखी, लेकिन इस दौरान कोविड-19 के दस्तक देने से जहां मंदिर निर्माण कार्य बाधित हुआ, वहीं कई श्रीराम भक्तों की आस्था को ठेस पहुंची। कोविड काल पर विराम लगते ही वर्ष 2023 में जहां अयोध्या में भगवान श्रीराम भव्य मंदिर का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर आरंभ हुआ। वहीं, साहो क्षेत्र के नरेश महाजन परिवार ने भी भगवान श्रीराम के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए प्राचीन जालपा मंदिर कमेटी साहो समक्ष भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण व पवन पुत्र हनुमान की प्रतिमाएं मंदिर परिसर में खाली स्थल पर स्थापित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे आस्थावादी मंदिर कमेटी द्वारा स्वीकार कर लिया गया।

इसके बाद फरवरी, 2023 में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण व पवन पुत्र हनुमान की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा करवा मंदिर श्रद्धालुओं के लिए समर्पित कर दिया गया। 22 जनवरी को जहां अयोध्या में भगवान श्रीराम भव्य मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा होगी, वहीं जिला चंबा के साहो में स्थापित भगवान श्रीराम मंदिर का फरवरी माह में स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होंगे।

**प्राचीन जालपा माता मंदिर साहो में भी बसते हैं भगवान श्रीराम**


जालपा माता मंदिर

### चीड़ के पेड़ में वास करती थी माता जालपा

**माना** जाता है कि 920 ई. में तत्कालीन शासक साहिल वर्मन द्वारा भगवान चंद्रशेखर मंदिर साहो का निर्माण करवाया गया। इसी अवधि में ही भगवान चंद्रशेखर मंदिर के पश्चात माता जालपा मंदिर का निर्माण चंबा-साहो-प्रौथा मार्ग पर किया गया। जालपा मंदिर में मां काली के स्थापित होने के पीछे दीयुल गांव के स्थानीय लोगों जुड़े हैं, जिनके पास सदियों पूर्व एक वृद्ध आकर बसा था, जो कि ग्रामीणों के मवेशियों को चराता हुआ दिन व्यतीत कर रहा था। रोजाना वह मवेशियों को लेकर साल नदी पर चराते हुए नदी के पास स्थित एक फलदार चीड़ के पेड़ के ठूंठ यानी तने के एक भाग को रोज तराशता रहता था। एक दिन उस पेड़ के शेष बचे टुकड़े से उसे आवाज सुनाई दी कि उसमें जालपा माता का निवास है और तूने फलदार पेड़ को नुकसान पहुंचाने सहित मेरे स्थल को भी प्रभावित किया है, जिसके चलते मुझे यहां बसाने का इंतजाम कर। जैसे उसे दिव्य ध्वनि सुनाई दी, उसने वैसे कर दिया, जिसके बाद नदी ने अपना रास्ता बदलने सहित जालपा मंदिर की स्थापना हुई। चीड़ फल पेड़ का वह भाग आज भी विद्यमान है और जालपा मंदिर स्थापना का साक्ष्य व्यक्त करता है।



### तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार के लिए प्रवीण सिंह को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रवीण सिंह को तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार 2022 से सम्मानित होने पर बधाई दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा यह पुरस्कार उन्हें मंगलवार को नई दिल्ली में प्रदान किया गया। कांगड़ा जिला से संबंधित प्रवीण सिंह बीएसएफ में एएसआई के पद पर कार्यरत हैं। प्रवीण सिंह माउंट एवरेस्ट और माउंट कंचनजंगा को दो बार फतह करने के साथ-साथ 20 से अधिक हिमालयी चोटियों पर सफलतापूर्वक पर्वतारोहण कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि साहसिक खेलों में प्रवीण की उल्लेखनीय उपलब्धियां दूसरे लोगों के लिए प्रेरक हैं और सभी को कड़ी मेहनत तथा समर्पण के बल पर अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।



# नादौन को मिलेगा 24 घंटे पानी

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने नादौन विस क्षेत्र के लिए चार विकास परियोजनाओं की रखी आधारशिला

**अनंत ज्ञान, नादौन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को नादौन विधानसभा क्षेत्र के लिए चार विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने नादौन शहर के लिए 24 घंटे पेयजल की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए 44.66 करोड़ से बनने वाली परियोजना का शिलान्यास किया।


बलडूहक में लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना का निर्माण कार्य इसी वर्ष गर्मियों से पहले पूरा कर लिया जाएगा, जिससे नगर पंचायत नादौन के सभी सात वार्डों के निवासियों को 24 घंटे पेयजल आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा अवतार और दूसरे इलाकों में भी इस योजना का पानी मिलेगा। योजना में अत्याधुनिक यूवी फिल्टर तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। सुक्खू ने 43.06 करोड़ रुपए की लागत से नादौन में बनने वाले हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होटल का शिलान्यास भी किया, जिसे जुलाई 2025 तक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सीएम ने गगाल में 6.54 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह तथा जलाड़ी में 14.02 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले मॉडल करियर एवं स्किल सेंटर की आधारशिला भी रखी। स्किल सेंटर जून, 2025 तक बनकर तैयार कर लिया जाएगा।

### लोगों की समस्याएं सुनीं

**मुख्यमंत्री** ने इसके बाद बलडूहक में भी लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने वहां पर जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क से संबंधित उनकी जितनी भी समस्याएं आई हैं, उनका हल किया जाएगा। लोगों की सारी मांगों पर वे शिमला पहुंचकर अध्ययन करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोलर प्रोजेक्ट लगाने के लिए भी सरकार ने अब नीति बदल दी है। पंचायतों में जो प्रोजेक्ट लोग लगाएंगे, उनमें उनका केवल दस फीसदी हिस्सा लगेगा। बाकी का पैसा सरकार उपलब्ध करवाएगी। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने सेरा विश्राम गृह में जन समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए। विधायक संजय रत्न, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, राज्य कौशल विकास निगम के समन्वयक अतुल कड़ोहता, कांग्रेस नेता सुरेंद्र मनकोटिया, नादौन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद, उपायुक्त हेमराज बैरवा, हिमाचल कौशल विकास निगम के प्रबन्ध निदेशक जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक डॉ. आकृति शर्मा भी मौजूद रहे।

### निराश्रित नक्षत्रा को भवन निर्माण के लिए तीन बिस्वा भूमि के दस्तावेज सौंपे

**शिमला ।** मुख्यमंत्री ने ओक ओवर शिमला में मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत निराश्रित बेटी नक्षत्रा सिंह को भवन निर्माण के लिए तीन बिस्वा जमीन के दस्तावेज प्रदान किए। नक्षत्रा सिंह वर्तमान में बिलासपुर जिला के सदर उपमंडल के तहत निदेशालय महिला एवं बाल विकास के वुमन वर्किंग होस्टल में रह रही है। इस योजना के तहत भवन निर्माण के लिए भूमि प्राप्त करने वाली वह जिला बिलासपुर की पहली लाभार्थी हैं। मुख्यमंत्री ने नक्षत्रा सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अपने ध्येय को प्राप्त करने के लिए उन्हें जीवन में निरन्तर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बिलासपुर के उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत जिला बिलासपुर में 18 से 27 वर्ष आयु के 128 चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट पंजीकृत किए गए हैं, जिन्हें योजना के तहत विभिन्न लाभ प्रदान किए जा रहे हैं।

# अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए सीएम ले रहे मेरे नाम का सहारा: अनुराग ठाकुर

## बोले- फेल गारंटियों पर पर्दा डालने के लिए सुक्खू जप रहे भाजपा की माला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- कहा- मोदी ने हिमाचल को अपना घर माना, कभी कोई कमी नहीं की, सुक्खू बताएं कांग्रेस ने क्या किया
- आपदा में राजनीति करना कांग्रेस की पुरानी आदत



केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल, युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हालिया बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि कांग्रेस की फेल गारंटियों पर पर्दा डालने के लिए सुक्खू भाजपा की माला जप रहे हैं और अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए मुख्यमंत्री मेरे नाम का सहारा ले रहे हैं, जबकि सबको पता है कि आपदा के समय हिमाचल की जनता के साथ मोदी सरकार डट कर खड़ी थी और हरसंभव सहायता देवभूमि को दी है।

उन्होंने कहा कि मुझे लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हालिया बयान उनकी हताशा और निराशा को दिखाते हैं। कांग्रेस की फेल गारंटियों पर पर्दा डालने के लिए सुक्खू भाजपा की माला जप रहे हैं और अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए मुख्यमंत्री मेरे नाम का सहारा ले रहे हैं, जबकि सबको पता है कि आपदा के समय हिमाचल की जनता के साथ मोदी सरकार डट कर खड़ी थी और हरसंभव सहायता देवभूमि को दी है। प्रधानमंत्री ने सदैव हिमाचल को प्राथमिकता देते हुए इसे अपना दूसरा घर माना है। आपदा के समय उन्होंने स्वयं मुख्यमंत्री से बात कर हर स्थिति का जायजा लिया और सभी जरूरी मदद सुनिश्चित कराई, मगर आपदा में भी राजनीति करना कांग्रेस की पुरानी आदत है और मुख्यमंत्री के बयान इसी दुर्भावना से ग्रसित है। हिमाचल में आपदा के दौरान में तीन बार केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने मिलकर प्रदेश के लिए 16,206 हजार घर आवास योजना के अंतर्गत व 2373 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 2700 किमी की सड़कें प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत मंजूर करवाई, जहां तक पैसों की बात है तो आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्र सरकार ने पहले दो किस्तों में 180-180 करोड़ दिए, फिर केवल सड़कों की मरम्मती के लिए लगभग 400 करोड़ दिए।

### सरकार उठाएगी विधवा महिलाओं के बच्चों की पढ़ाई का खर्च: नरेश चौहान

**शिमला।** राज्य सरकार अब प्रदेश की विधवा महिलाओं के बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाने जा रही है और इसको लेकर विभाग ने प्रस्ताव बनाना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल सरकार ने बीते एक साल के दौरान समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कई बेहतर कार्य किए हैं। ऐसे में विधवा महिलाओं के बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाने को लेकर भी आगामी आवश्यक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री इसकी घोषणा करेंगे। पूर्व की भाजपा सरकार पर प्रदेश पर कर्ज का बोझ डालने का आरोप लगाते हुए नरेश चौहान ने केंद्र सरकार से प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की एवज में आर्थिक सहायता देने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि 16 जनवरी को कांग्रेस मुख्यालय में बड़ी बैठक का आयोजन होने जा रही, जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। मानसून के दौरान राज्य की क्या मदद की बताए भाजपा नरेश चौहान ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जनता भी भाजपा के सांसदों और विधायकों से पूछेगी कि मानसून के दौरान हिमाचल को हुए नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र सरकार से उन्होंने आर्थिक मदद दिलाने के लिए क्या प्रयास किया।



## व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर व्यवस्था बर्बाद करना बंद करे सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने क्रस्ना लैब द्वारा प्रदेश भर में जांच के काम बंद करने पर राज्य सरकार पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर पहले से चल रही व्यवस्थाओं का कबाड़ा कर दिया गया है। पैसा बाकी रहने के कारण अस्पतालों में होने वाली नियमित जांचें रोक दी गई हैं।

कंपनियां अपने बकाए पैसे की मांग कर रही हैं। सरकार सो रही है और बीमार लोगों को दर-दर भटकने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बिना जांच के इलाज कैसे होगा। सरकार को इस बात का की जानकारी होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री से जांच सुविधाओं को तुरंत बहाल करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस तरह की लापरवाही बंद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भले ही सत्ता झूठ बोल कर हासिल की है, लेकिन उसे चलाने में सरकार गंभीरता दिखाए तो बेहतर रहेगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं भगवान भरोसे नहीं चलेंगी। सरकार ज़िम्मेदारी से काम करे। सरकार प्रदेशवासियों को बताए कि आखिर ऐसी नौबत क्यों आई। इसके अलावा हिमकेयर का पैसा भी सरकार द्वारा नहीं दिया गया है। अगर सरकार इसी ढर्रे पर चलती रही तो आने वाले समय में हालात और बिगड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों के स्वास्थ्य को गंभीरता से ले क्योंकि जान बहुत कीमती होती है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार अपना रवैया बदले और अपनी जिम्मदारियों को समझे नहीं तो प्रदेशव्यापी आंदोलन के लिए तैयार रहे।

### घड़ियाली आंसू बहा रही कांग्रेस सरकार : बलबीर वर्मा


पत्रकारों को संबोधित करते विधायक बलबीर वर्मा ।

**शिमला।** व्यवस्था परिवर्तन की सरकार भाजपा की योजनाओं का श्रेय लेने का प्रयास कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक बलबीर वर्मा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि जिस स्टार्टअप योजना की बात कांग्रेस सरकार के नेता कर रहे हैं। वह स्टार्टअप योजना के अंदर सबसे ज्यादा योगदान केंद्र सरकार का है और अगर केंद्र सरकार की स्वावलंबन योजना को इस योजना के साथ न मिलाया जाए तो यह कभी धरातल पर नहीं उतरेगी। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन, जनता को परेशान करने की रणनीति है और कोई भी नया कार्य प्रदेश सरकार अपने दम पर नहीं कर रही है। बिजली बोर्ड के लिए उचित फंड नहीं, हिम केयर योजना के अंतर्गत 120 करोड़ से अधिक की राशि को रोकना और क्रस्ना लैब के 50 करोड़ से अधिक पैसे रोक दिए गए हैं, जिसके कारण इस लैब ने आज काम करना बंद कर गई है।

### वैज्ञानिक दल में नौणी विवि की वैज्ञानिक शामिल

## नैनोकणों के एंटीफंगल गुणों पर मिला पेटेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा वैज्ञानिकों की चार सदस्यीय बहु-संस्थागत टीम को नैनोकणों के एंटीफंगल गुणों पर पेटेंट प्रदान किया गया है। टीम में डॉ. यशवंत सिंह परमार औदयानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी की एक वैज्ञानिक शामिल हैं। विश्वविद्यालय के औदयानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, नेरी, हमीरपुर में पादप रोग विज्ञान विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ. मोनिका शर्मा ने एमिटी यूनिवर्सिटी और आईएसआरसी के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर इस पेटेंट को हासिल किया है। नैनोकणों में नए रोगाणुरोधी एजेंटों के रूप में उपयोग करने की क्षमता है और इसलिए फसलों में रोगों के प्रबंधन के लिए सिंथेटिक कवकनाशी के विकल्प के रूप में इसका उपयोग किया जा सकता है। नैनोकणों में अपने लक्ष्य स्थलों के लिए उच्च प्रतिक्रियाशीलता होती है और इसलिए बहुत कम मात्रा पर भी फंगल रोगजनकों की वृद्धि और गतिविधि को प्रभावित करते हैं। डॉ. मोनिका पिछले छह वर्षों से नैनोकणों के एंटीफंगल गुणों के क्षेत्र में काम कर रही हैं और अंतरराष्ट्रीय ख्याति शोध पत्रिकाओं में शोध पत्र प्रकाशित कर चुकी हैं। नौणी विवि के कुलपति ने वैज्ञानिकों के प्रयासों की सराहना की है।

### चार वर्षों से प्री नर्सरी टीचर्स की नियुक्ति न हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण

**अर्की।** पिछले चार वर्षों से सरकार व विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों में प्री नर्सरी टीचर की नियुक्ति नहीं कर पाने पर एनटीटी यूनियन सोलन की जिला अध्यक्ष चंचला सोनी ने रोष जताते हुए कहा कि किसी भी पोस्ट की भर्ती के लिए उम्मीदवारों को इंतजार करना सरकारी तंत्र की लचर कार्यप्रणाली का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार द्वारा एक ड्राफ्ट तैयार किया गया था, जिसमें एक साल का एनटीटी कोर्स डिप्लोमा किए अभ्यर्थियों को एक वर्ष का अतिरिक्त ब्रिज कोर्स करवाने की बात की गई थी, केवल कैबिनट की अंतिम मुहर लगना ही रह गया था। कांग्रेस सरकार को सत्तासीन हुए एक वर्ष हो गया है, परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हमारी मुख्यमंत्री व सरकार से एक ही मांग है कि नर्सरी टीचर पोस्ट पर केवल नर्सरी ट्रेंड टीचर को ही नियुक्त कर उनका अधिकार उन्हें दिया जाए।

**कार्रवाई** | हाई कोर्ट ने देवयानी इंटरनेशनल कंपनी को अगली सुनवाई तक फूड कोर्ट का संचालन न करने के दिए आदेश

# टाउन हॉल शिमला में फूड कोर्ट के संचालन पर रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश हाई कोर्ट ने टाउन हॉल शिमला में फूड कोर्ट के संचालन पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने फूड कोर्ट संचालक देवयानी इंटरनेशनल कंपनी को आदेश दिए कि वह अगली सुनवाई तक टाउन हॉल में फूड कोर्ट का संचालन न करे। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने कहा कि टाउन हॉल शिमला शहर का बहुत प्रतिष्ठित ऐतिहासिक स्थल रहा है।

इसे हाल ही में एशियन विकास बैंक के सहयोग से भारी खर्चा कर पुनर्निर्मित किया गया। कोर्ट ने कहा कि विरासत स्थल हमेशा अनमोल होते हैं। इस विरासत को विरासत के लिए संरक्षित करना होगा। प्रतिष्ठित इमारत में फूड कोर्ट चलाने से इस संपत्ति पर लगातार दबाव बढ़ेगा, जो इसके विरासत मूल्य को खतरा पैदा करेगा। कोर्ट ने इस मामले में जनहित को निजी हित से ऊपर बताया। कोर्ट ने कहा कि फूड कोर्ट चलाने से बिल्डिंग को अपूरणीय क्षति पहुंचेगी। कोर्ट ने नगर निगम शिमला के कमिश्नर को आदेश दिए कि वह इस आदेश का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करें। कोर्ट ने महाधिवक्ता कार्यालय के माध्यम से राज्य विरासत सलाहकार समिति को इस मामले के सभी पहलुओं पर गौर करने का आदेश भी दिया और अगली तारीख तक एक रिपोर्ट सौंपने को कहा है। मामले पर सुनवाई 14 मार्च को निर्धारित की गई है। हाई कोर्ट ने अधिवक्ता अभिमन्यु राठौर द्वारा दायर जनहित याचिका में अंतरिम राहत से जुड़े आवेदन का निपटारा करते हुए उपरोक्त आदेश पारित किए। याचिका में आरोप लगाया गया है कि नगर निगम शिमला ने प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल और अवशेष अधिनियम 1958, टीसीपी अधिनियम का उल्लंघन करते हुए इस विरासत संपत्ति को हाई-एंड कैफे में बदलने की अनुमति दी है। इसमें फूड कोर्ट चलाने से बिल्डिंग को भारी नुकसान पहुंचेगा। कोर्ट ने कभी भी इस बिल्डिंग में फूड कोर्ट जैसी गतिविधियां चलाने की अनुमति नहीं दी थी। निविदाएं भी हाई एंड कैफे चलाने के मांगी गई थी न कि फूड कोर्ट के लिए। प्रार्थी ने कोर्ट से दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश देने का आग्रह भी किया है, जो अनधिकृत आंतरिक निर्माण और संशोधन की निगरानी और सत्यापन करने में विफल रहे, जिससे विरासत भवन की प्रकृति बदल गई।


टाउन हॉल में चलाए जा रहे द स्ट्रीट फूड को हाई कोर्ट ने 14 मार्च तक बंद करने के दिए आदेश।

### भिक्षावृत्ति रोकने के लिए उनकी वास्तविक जानकारी न देने पर हाई कोर्ट ने सरकार को लगाई फटकार

**शिमला।** हाई कोर्ट ने प्रदेश में भिक्षावृत्ति रोकने के लिए उनकी वास्तविक जानकारी न देने पर सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने सरकार को स्टेट्स रिपोर्ट दायर करने का अंतिम अवसर देते हुए स्पष्ट किया कि यदि कोर्ट के आदेशों की अनुपालना न हुई तो महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक को कोर्ट में उपस्थित रहकर स्थिति स्पष्ट करनी होगी। मुख्य न्यायाधीश एम एस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने सरकार को शपथपत्र के माध्यम से प्रदेश में भिखारियों की जमीनी हकीकत से अवगत करवाने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने 43 साल पहले बनाए भिक्षावृति निवारण अधिनियम के प्रावधानों पर अमल को लेकर दायर स्टेट्स रिपोर्ट पर असंतुष्ट होते हुए सरकार को भिखारियों की जमीनी स्थिति कोर्ट के समक्ष रखने के आदेश दिए थे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 1979 में भिक्षावृत्ति रोकने के लिए भिक्षावृत्ति निवारण अधिनियम बनाया गया था। इस अधिनियम के तहत भिक्षा मांगने वालों, भिक्षा मंगवाने वालों और भिक्षा मांगने वाले पर आश्रीतों को सजा का प्रावधान किया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर भिक्षा मांगने को अपराध बनाते हुए दोषी को अधिकतम तीन माह की सजा का प्रावधान है। प्रार्थी ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों की अनुपालना बाबत निदेशक महिला एवं बाल विकास को प्रतिवेदन भेजा था, मगर उनकी ओर से इस बारे में कोई विशेष कदम नहीं उठाया गया। 12 से 18 महीने के बच्चों को फुटपाथ पर बिना घर के रोलर स्केटिंग रिंक लक्कड़ बाजार, लोअर बाजार और अन्य उपनगरों में देखा जा सकता है। प्रार्थी के अनुसार केंद्र व राज्य सरकार की ओर से इनके लिए कोई भी कारगर कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। यह सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की उल्लंघना को दर्शाता है। मामले पर सुनवाई छह मार्च को निर्धारित की गई है।

## 'देवता झूठ नहीं बोलता' के लिए कवि मनोज को जयपुर में सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश के युवा कवि और लेखक मनोज चौहान को उत्कृष्ट कृति पुरस्कार 2024 जयपुर साहित्य संगति संस्था के संयोजक साहित्यकार अरविंद कुमार संभव द्वारा सामुदायिक भवन ऑडिटोरियम मानसरोवर जयपुर में शीला माथुर ट्रस्टी, दीवान कृष्ण गोपाल माथुर बहरोड परिवार मंडल जयपुर के सौजन्य से प्राप्त हुआ।

उत्कृष्ट और सर्वोत्कृष्ट कृति के लिए प्रदान किए गए पूरे भारत में प्रतिष्ठित यह पुरस्कार मनोज चौहान को उनकी कृति देवता झूठ नहीं बोलता के लिए प्रदान किया गया। दिल्ली, पटना, रामपुर बुशहर हिमाचल, नागपुर, अमरावती, भोपाल, पंचकूला प्रयागराज, रांची, लखनऊ, कैथल चंडीगढ़, हैदराबाद, देहरादून, मुंबई, बीकानेर, पुणे, देवास नोएडा, जयपुर, उज्जैन से पधारे करीब 65 लेखन को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृष्ण चंद्र महादेविया को भी विशेष सम्मान दिया गया। कृष्ण महादेविया ने हिमालय के लोक साहित्य से भी सम्मान समारोह में बात रखी।


कवि मनोज चौहान को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय जयपुर सम्मान प्रदान करते हुए।

मनोज चौहान की इस उपलब्धि के लिए गंगाराम राजी, कृष्ण चंद्र महादेविया, पवन चौहान, हीरा सिंह कौशल, उत्तम शर्मा, रतन शर्मा, सुरेंद्र मिश्रा, राजेंद्र शर्मा मनोज शिव, प्रत्यूष शर्मा, मुरारी शर्मा, रोशन चौहान सहित अनेक कवि लेखकों ने बधाई दी है। सुकेत साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद के अनेक सदस्यों ने मनोज चौहान को बधाई दी है।

# मरीजों की पुकार! क्रस्ना लैब में टेस्ट की सुविधा उपलब्ध करवाए सरकार

## आईजीएमसी, केएनएच व डीडीयू में क्रस्ना लैब बंद होने से मरीजों को हुई परेशानी, मरीजों ने निजी लैब में जाकर करवाए टेस्ट, बढ़ा आर्थिक बोझ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी के सरकारी अस्पताल आईजीएमसी व डीडीयू और केएनएच अस्पताल में क्रस्ना लैब बंद होने से बुधवार को मरीजों को टेस्ट करवाने के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ी।

मरीजों को इस दौरान निजी लैब में टेस्ट करवाने जाना पड़ा। सरकारी की ओर से पेंमेंट न करने पर क्रस्ना लैब ने पैथोलॉजी के टेस्ट व एक्स-रे अस्पतालों में बंद कर दिए हैं। इस वजह से मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्रस्ना लैब में किसी भी प्रकार के सैंपल नहीं लिए गए। शिमला के आइजीएमसी, डीडीयू व केएनएच के क्रस्ना लैब में जब मरीज अपने सैंपल जमा करवाने पहुंचे, तो लैब के कर्मचारियों का जवाब था कि आज यहां पर किसी भी प्रकार के कोई भी सैंपल नहीं लिए जाएंगे। सरकारी लैब में टेस्ट तो करवाएं जा रहे हैं, लेकिन वहां पर कम टेस्ट होते हैं।

लोगों की सरकारी लैब के बाहर लाइनें लगी रहीं। कई मरीजों ने मजबूरन निजी लैब में जाकर टेस्ट करवाए। शहर के सभी अस्पतालों में यह स्थिति बनी हुई है। निजी लैब में जाकर मरीजों पर और ज्यादा आर्थिक बोझ पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत इस समय उन मरीजों को अस्पताल में करनी पड़ रही है, जो अन्य जिलों से यहां पर इलाज करवाने के लिए पहुंच रहे हैं। टेस्ट करवाने आ रहे लोगों का कहना है कि काफी दूर-दूर से यहां पर इलाज करवाने आ रहे हैं, लेकिन आज यहां पर लैब में टेस्ट और एक्स-रे नहीं हो रहे हैं, जिसके चलते परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


आईजीएमसी में क्रस्ना लैब के बाहर टेस्ट करवाने को परेशान लोग।

### आठ महीने से नहीं किया देय राशि का भुगतान

सरकार की ओर से आठ महीने से राशि जारी नहीं की गई है, जिसके चलते क्रस्ना लैब में सेवाएं बंद कर दी है। लैब में केवल मरीजों की रिपोर्ट ही दी जा रही है। इसके अलावा अन्य सेवाएं नहीं दी जा रही हैं। यदि सरकार की ओर से फंड नहीं जारी किए जाते हैं, तो आगे भी यह सेवाएं बंद की जा सकती हैं।

### अस्पताल में लंबी कतारों में खड़े लोग

अस्पतालों में क्रस्ना लैब में कोई भी टेस्ट नहीं किए जा रहे, जिससे लोगों को काफी दिक्कतें पेश आ रही है। सरकारी लैब में एक्स-रे तथा अन्य टेस्ट करवाए गए। उन लैब के सामने लोग लंबी कतारों में खड़े रहे।

> क्रस्ना लैब के साथ बैठक की जा रही है। जल्द ही यह मामला सुलझा दिया जाएगा। अस्पताल में भी लैब है और वहां भी टेस्ट हो रहे हैं। मरीजों को दिक्कतें नहीं आने दी जा रही हैं। अस्पताल प्रबंधन के अपने स्तर पर सभी इंतजाम पुख्ता हैं। मरीजों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा।
> **लोकेंद्र शर्मा, एमएस दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल।**

# ऐसी कंपनियों को ब्लैक लिस्ट करे सरकार

## आईजीएमसी व दंत महाविद्यालय कर्मचारी संघ ने लैब की ओर से सेवाएं बंद करने पर उठाए सवाल

**शिमला।** आईएमसी एवं दंत कर्मचारी महासंघ ने अस्पतालों में क्रस्ना लैब की ओर से सेवाएं प्रदान न करने को लेकर कई सवाल उठाए हैं। महासंघ ने कहा कि प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी प्रशासन को किसी भी तरह की कोई पूर्व सूचना दिए बगैर ही क्रस्ना लैब को बंद करना न्यायसंगत है।

मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए आईजीएमसी के एमएस की ओर से बैठक आयोजित की गई, जिसमें सरकारी लैब में टेस्ट करने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में विभाग अध्यक्ष, पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी तथा बायकेमिस्ट्री के अध्यक्षों ने भाग लिया। आईजीएमसी अस्पताल में क्रस्ना डायग्नोस्टिक की ओर से अचानक काम ठप करने के कारण व्याप्त परेशानी को देखते हुए सभी मरीजों को अस्पताल में टेस्ट करने के लिए अस्पताल की ही लैब में टेस्ट करवाने के निर्देश दिए। आईजीएमसी अस्पताल के कर्मचारियों ने क्रस्ना डायग्नोस्टिक के कार्यभार को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए प्रयास किया। वहीं, दूसरी ओर क्रस्ना लैब की कार्य प्रणाली को लेकर भी प्रश्न उठाए गए। इसमें कर्मचारियों ने भारी रोश दिखाया है। कर्मचारियों का कहना है कि जिस तरह इन्होंने पूरे प्रदेश में अपनी सेवाएं देना बंद की हैं, उससे मरीजों को काफी परेशानी हुई है। आईजीएमसी व दंत महाविद्यालय कर्मचारी संघ के प्रधान हरिंद्र सिंह मेहता ने कहा कि आईजीएमसी प्रशासन को कोई भी नोटिस जारी नहीं किया गया कि क्रस्ना लैब अपनी सेवाएं आज नहीं देंगे। उनका कहना है कि इस लैब प्रबंधक को नोटिस देकर ऐसी कंपनियों को ब्लैक लिस्ट करना चाहिए।


महासंघ अस्पतालों में क्रस्ना लैब की ओर से सेवाएं प्रदान न करने को लेकर सवाल उठाते हुए।

> क्रस्ना लैब की ओर से आईजीएमसी प्रशासन को किसी भी प्रकार की सूचना नहीं दी गई कि वह सेवाएं बंद रखेंगे। मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए सरकारी लैब में टेस्ट करने के निर्देश दे दिए गए हैं। अब मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना होगा।
> **डॉ. राहुल राव, एमएस आईजीएमसी अस्पताल।**

# 40 लाख से बनने वाले गोसदन में होगी 100 पशुओं की क्षमता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने कुमारसैन उपमंडल के किंगल के समीप खेखर में निर्माणाधीन गोसदन का निरीक्षण किया। इस गोसदन का निर्माण कार्य 40 लाख रुपए से किया जा रहा है और इसमें 100 पशुओं को रखने की क्षमता होगी।

यह उपमंडल का पहला गोसदन है और इसका कार्य पिछले वर्ष नवंबर माह में शुरू हुआ था और इसे 31 मार्च, 2024 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इस गोसदन के बनने से सर्दी के मौसम में पशुओं का ठंड से बचाव सुनिश्चित होगा और सड़कों पर निराश्रित घूमने वाले पशुओं की संख्या में भी कमी आएगी, जिससे सड़क हादसों का खतरा भी कम होगा। यह गोसदन एक उपयुक्त स्थान पर है, जिसके समीप एक प्राकृतिक जल स्रोत है, जिससे पशुओं को पानी की कमी नहीं होगी। गोसदन को चलाने के लिए एक संस्था को पंजीकृत किया जाएगा और आने वाले समय में यहां बायोगैस प्लांट विकसित करने का भी प्रस्ताव है। उपायुक्त ने कुमारसैन उपमंडल में निर्माणाधीन मिनी सचिवालय का निरीक्षण किया, जिसका निर्माण कार्य काफी समय से लंबित पड़ा था। इस निर्माण कार्य में अक्तूबर, 2023 से गति प्रदान की गई है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों व ठेकेदार को निर्माण कार्य अक्तूबर 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम कुमारसैन सुरेंद्र मोहन भी उपस्थित रहे।


डीसी आदित्य नेगी खेखर में निर्माणाधीन गोसदन का निरीक्षण करते हुए।

# केंद्र के खिलाफ एलआईसी कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



स्कैंडल प्वाइंट स्थित एलआईसी निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में भारतीय जीवन बीमा निगम में सभी श्रेणी के कर्मचारियों और कर्मचारी यूनियन ने बुधवार को अपने लंच टाइम में केंद्र सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शन में कर्मचारियों ने मांग की है कि एलआईसी कर्मचारियों का वेतन जो मार्च 2022 से लंबित पड़ा है, उसे कर्मचारियों को दे दिया जाए। इसके अलावा नई पेंशन स्कीम के तहत जो कर्मचारी आते हैं, उनके लिए एलआईसी का योगदान सिर्फ 10 प्रतिशत है, जिसे 14 प्रतिशत बढ़ाया जाना चाहिए। यूनियन का आरोप है कि 2008 से लेकर आज तक एलआईसी ने नए कर्मचारियों के लिए कोई भी पद नहीं निकाला। एलआईसी के सभी कार्यालयों में कर्मचारियों की भारी कमी चल रही है। विभागों में पांच से सात कर्मचारियों का कार्य एक ही कर्मचारी कर रहा है, जिससे ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्य का बोझ पड़ रहा है। इस परेशानी को दूर करने के लिए यूनियन ने कई बार हाइकमान को पत्र लिखे हैं, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। एलआईसी के मंडल सचिव प्रतिप मिंहास का कहना है कि केंद्र सरकार से आग्रह है कि एलआईसी कर्मचारियों को शीघ्रता से पूरा करें।

# केरल विस पहुंची लोक लेखा समिति

## दोनों राज्यों की विधानसभा की कार्यप्रणाली, आंतरिक व्यवस्था पर चर्चा की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश विधानसभा की लोक लेखा समिति जो आजकल चार राज्यों तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल के अध्ययन प्रवास पर हैं। समिति बुधवार को केरल विधानसभा पहुंची तथा केरल विधानसभा की लोक लेखा समिति के साथ बैठक की।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा की लोक लेखा समिति में केवल सिंह पठानिया, डॉ. हंस राज, डॉ. जनक राज तथा मलेंद्र राजन शामिल हैं, जबकि समिति के साथ समिति अधिकारी नैना कोटवी भी दौरे पर हैं। समिति के सदस्य केवल सिंह पठानिया ने कहा कि बैठक के दौरान केरल विधानसभा समिति के साथ दोनों राज्य की विधानसभा की कार्यप्रणाली, आंतरिक व्यवस्था, सदस्यों को दी जाने वाली सुविधाओं तथा पेपर लैस ई-विधान प्रणाली पर गहन चर्चा की गई, जहां केरल विधानसभा की लोक लेखा समिति ने अपनी कार्यप्रणाली का जिक्र किया। वहीं, समिति के क्रिया-कलापों के बारे में भी विस्तृत जानकारी मुहैया करवाई।

पठानिया ने कहा कि लोक लेखा समिति ने केरल की सिस्टर कमेटी के साथ बैठक के दौरान हि.प्र. सरकार की ओर से किए जा रहे विकासात्मक कार्य की चर्चा की तथा गत चार महीनें पूर्व प्रदेश में आई त्रासदी से किस तरह से सरकार ने निपटने के प्रयास किए आदि विषयों पर चर्चा की गई। पठानिया ने समिति को अवगत करवाते हुए कहा कि प्रदेश में विधानसभा के शिमला तथा धर्मशाला में दो भवन हैं।

बजट तथा मानसून सत्रों का आयोजन शिमला तथा शीतकालीन सत्र का आयोजन तपोवन धर्मशाला में किया जाता है। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शिमला विधानसभा में ई-विधान प्रणाली चार अगस्त 2014 को लागू की गई थी, जबकि इस वर्ष अध्यक्ष हि.प्र. विधानसभा कुलदीप सिंह पठानिया ने तपोवन विधानसभा में भी इसकी शुरूआत कर दी है।


केरल विधानसभा पहुंची प्रदेश विधानसभा की लोक लेखा समिति।

# बिजली बोर्ड के कर्मी आज शिमला में करेंगे मार्च

**शिमला।** लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे बिजली बोर्ड कर्मचारी, इंजीनियरों और पेंशनरों ने मिलकर बिजली बोर्ड प्रबंध निदेशक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आज वीरवार को शिमला में प्रदेश भर से करीब आठ हजार बिजली बोर्ड कर्मी, इंजीनियर व पेंशनर्स शिमला में मार्च निकालेंगे।

पुरानी पेंशन बहाल करने और प्रबंध निदेशक को बदलने की मांग को लेकर आवाज बुलंद की जाएगी। राज्य बिजली बोर्ड के इंजीनियर और कर्मचारियों ने इसको लेकर एक संयुक्त मोर्चे का गठन क्या है। संयुक्त मोर्चा के बैनर तले ही बिजली बोर्ड के कर्मचारी लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें संयोजक इंजीनियर लोकेश ठाकुर और सह संयोजक कर्मचारी नेता हीरालाल वर्मा को बनाया है।

# भराड़ा स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को नवाजा

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

शिक्षा खंड सुन्नी जिला शिमला के तहत भराड़ा स्कूल में वार्षिक पारितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसजेवीएनएल के महाप्रबंधक अनूप शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा वरिष्ठ प्रबंधक मानवेंद्र प्रताप सिंह विशेष अथिति के तौर पर मौजूद रहे।

दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया गया। स्कूल प्रबंधन की ओर से मुख्यातिथि को शाल, टोपी तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य राज कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ कर स्कूल की वर्ष भर की शैक्षणिक तथा खेलकूद गतिविधियों से अवगत करवाया। विद्यार्थियों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस दौरान मुख्यातिथि ने शैक्षणिक और खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान हिमाचल शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित दसवीं की परीक्षा में स्कूल में एकता को प्रथम, भाविका को द्वितीय तथा अक्षिता को तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया, जबकि आठवीं की परीक्षा परिणाम में दीक्षा को प्रथम, पूनम को द्वितीय तथा जया को तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए पुरस्कार दिया गया। नवीं कक्षा के विद्यार्थी कृष को प्रथम, आर्यन को द्वितीय तथा कृतिका को तृतीय स्थान प्राप्त कारण के लिए पुरस्कृत किया गया। इस दौरान खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश कुमार वर्मा, पंचायत उपप्रधान गोबिंद चौहान, सेवानिवृत्त प्रवक्ता परस व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।


भराड़ा में मुख्यातिथि को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधन के पदाधिकारी।

# विश्वविद्यालय में हॉस्टल की सड़कें खस्ताहाल

## एबीवीपी ने सड़कों की मरम्मत और स्ट्रीट लाइटें लगाने की मांग की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के हॉस्टल की सड़कों के खस्ताहाल के चलते एबीवीपी ने सचिव के समक्ष मामला उठाया है।

परिषद का कहना है कि छात्रों के लिए बनाए गए हॉस्टलों की सड़कों पर लंबे समय से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे छात्रों को भी आने-जाने में परेशानी हो रही है। परिषद के इकाई मंत्री अविनाश शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से शीतकालीन अवकाश के चलते हॉस्टल को खाली करवा तो दिया है, लेकिन अभी तक हॉस्टल की सड़कों से लेकर सीसीटीवी कैमरे तक सभी चीजों की हालत दयनीय है। ऐसे में उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से अपनी मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई है। सुरक्षा को मध्यनजर रखते हुए ब्वॉयज हॉस्टल के सभी फ्लोर में कैमरा लगाए जाने चाहिए। आए दिन हॉस्टल में आम छात्रों के साथ मारपीट और शराब पीकर शोर मचाने जैसी घटनाएं सामने आती रहती हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में ही हॉस्टल में हुई मारपीट की घटनाओं में तीन छात्र घायल हुए हैं और प्रशासन कैमरा न होने की वजह से एक्शन नहीं ले पाता है। हॉस्टल की सड़क का मरम्मत कार्य किया जाए, क्योंकि इस सड़क की हालत बहुत दयनीय है और साथ ही नई स्ट्रीट लाइटें लगाने को लेकर भी विश्वविद्यालय प्रबंधन से मांग उठाई गई है।



हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में कुलसचिव को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी के कार्यकर्ता।

### विद्यार्थियों को अंधेरे में ही जाना पड़ता हॉस्टल

अविनाश ने कहा कि स्ट्रीट लाइटें न होने से स्टूडेंट्स को भी परेशानी होती है। विश्वविद्यालय जैसे बड़े शिक्षण संस्थान में गर्ल्स हॉस्टल की तरफ एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं है, जिससे छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। एबीवीपी ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि आने वाले समय में प्रशासन की ओर से छात्रों की इन मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो परिषद् प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करेगी।

### सोशल मीडिया पर भी रील की पोस्ट

विद्यार्थियों ने इन समस्याओं को इंस्टाग्राम रील में भी पोस्ट किया है। इसमें सड़क, हॉस्टल स्ट्रीट लाइट और कैमरा न होने का जिकर किया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से छात्रों के लिए सुविधाएं प्रदान करने में हो रही आनाकानी का भी मामला उठाया गया है।

**प्रस्ताव** आईआईटी ने तैयार किया डंगे का डिजाइन, रिज को बचाने के कार्य को लेकर काफी सावधानी बरती जा रही

# रिज के स्टेबलाइजेशन का कार्य जून माह में होगा पूरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान के पास स्टेबलाइजेशन का काम जारी है। रिज मैदान को बचाने के कार्य को लेकर काफी सावधानी बरती जा रही है।

इसको लेकर मजबूती का सबसे ज्यादा ध्यान रखा जा रहा है। यहां पर डंगे लगाने का डिजाइन आईआईटी ने तैयार किया है, बता दें कि यहां पर निगम ने प्रपोजल दिया था कि इस डंगे में पदमदेव कांप्लेक्स की तर्ज पर कार्यालयों का निर्माण किया जाए, लेकिन अभी तक इस प्रस्ताव को मंजूरी तो नहीं मिली है, लेकिन डिजाइन को उसी हिसाब से तैयार कर कार्य किया जा रहा है। कार्य लगभग 80 प्रतिशत तक पुरा हो गया है। 20 प्रतिशत कार्य बचा है, जो इन दिनों चला है। यहां पर आरसीसी के डंगे का कार्य चला है। यह कार्य जून माह तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 67 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे इस कार्य से जहां रिज को मजबूती मिलेगी, वहीं निगम को भी यहां पर कार्यालय बनाने की सुविधा मिल सकती है।

पहले इसके लिए 37 करोड़ बजट का प्रावधान किया गया था। साल 2022 के जुलाई महीने में आईआईटी की एक टीम ने साइट का दौरा किया और साइट को देखने के बाद शुरुआती योजना में बदलाव किए। योजना और डिजाइन में बदलाव के कारण इसके अनुमानित बजट को बढ़ा दिया गया। दरअसल इस सर्वे में फाउंडेशन बनाने के लिए पक्की जमीन काफी नीचे है, जिस कारण पूर्व में निर्धारित बजट इस कार्य को करने के लिए कम है। अब इसे बढ़ाकर 67 करोड़ कर दिया गया है। रिज के नीचे पिलर बनाने के लिए मशीनों से ड्रिलिंग की गई है, जिसके लिए काम जोरों से चला है, बता दें कि रिज को स्टेबलाइज करने का काम स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत किया जा रहा है और इसको पूरा करने का काम साईं इंटरनल फाउंडेशन कंपनी को दिया गया है। इसे 2022 में शुरू किया गया था।


रिज मैदान के स्टेबलाइजेशन का चला हुआ कार्य।

### पर्यटकों के लिए बनेगा सेल्फी प्वाइंट

डंगे के निर्माण के बाद रिज मैदान पर पर्यटकों के लिए यहां पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाएगा। साथ ही यहां पर फूल, पौधे लगाकर यहां पर पार्क की तरह सजावट भी की जाएगी। रोपवे अथारिटी इस पर सिर्फ डंगे का कार्य ही करेगी। उसके बाद यहां का सारा कार्य निगम स्वयं ही करने वाला है। पहले यहां पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा लगाने का भी प्रस्ताव था। ऐसे में यहां पर पार्क के साथ पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा को भी स्थापित किया जा सकता है।

### तीन-चार बार हुआ बदलाव

इसकी मजबूती को देखते हुए इसके डिजाइन में करीब तीन-चार बार बदलाव भी हुए हैं। अंतिम डिजाइन के अनुसार डंगे का कार्य मल्टीलेयर में किया जा रहा है। इससे डंगे को मजबूती भी मिलेगी और इसके अलावा डंगे के उपर इमारत का कार्य भी आसानी से किया जा सकता है।

> जल्द ही इसका कार्य पूरा किया जाना है। देखते हैं कब तक इसका कार्य पूरा हो सके। फिलहाल अभी करीब 80 प्रतिशत कार्य हो गया है। अब बस आरसीसी के डंगे का कार्य किया जा रहा है। आईआईटी ने इसका डिजायन तैयान किया है, ऐसे में डिजायन के हिसाब से उन्हें ही पता है क्या करना है।
> **प्रवीण वर्मा, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग।**

# भाषण प्रतियोगिता में योगेश ने प्रथम स्थान किया हासिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- प्रतियोगिता में मृणाल ने द्वितीय ओर अभय आजाद तीसरे स्थान पर रहे

नेहरू युवा केंद्र शिमला और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से जिला शिमला मे करवाई गई जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में योगेश ने प्रथम स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता में मृणाल द्वितीय व अभय आजाद ने तीसरे स्थान पर रहे। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आजादी के 100 वर्ष 2047 में पूरे होने तक विकसित राष्ट्र बनाने की ओर एक कदम है, जिसका उद्देश्य युवाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जिससे वह अपना सर्वांगीण विकास करे व उनके विचार विकसित भारत की परिकल्पना में सहयोग दे। इस भाषण प्रतियोगिता का विषय मेरा भारत विकसित भारत 2047 रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी मनीषा शर्मा ने की। नेहरू युवा केंद्र शिमला के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. सीमा कश्यप, एसोसिएट प्रोफेसर व नरेश कुमार, भाषा अध्यापक ने निर्णयक मंडल की भूमिका निभाई। जिला युवा अधिकारी मनीषा शर्मा ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से युवा अपने व्यक्तित्व विकास के साथ समाज के विकास मे अपना योगदान दे सकते हैं व विकसित भारत की परिकल्पना में अपना योगदान दे सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### हड़ताल पर उतरे क्रस्ना लैब के कर्मचारी

**धर्मशाला।** वेतन न मिलने के कारण जोनल अस्पताल स्थित क्रस्ना लैब ने बुधवार से मरीजों के मेडिकल टेस्ट करना बंद कर हड़ताल शुरू कर दी है। गत वर्ष जुलाई महीने से अब तक क्रस्ना लैब के कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। जिसके चलते कर्मचारी हड़ताल पर बैठ गए हैं। जोनल अस्पताल धर्मशाला में क्रस्ना लैब के माध्यम से रोजाना करीब 150 मरीजों के मेडिकल टेस्ट किए जाते हैं। ऐसे में मरीजों को अब खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुशील शर्मा ने बताया कि मरीजों के मेडिकल टेस्ट अस्पताल की लैब में किए जाएंगे और मरीजों को दिक्कत पेश नहीं आएगी।

### पूजा-अर्चना कर दिया लोगों को न्योता

**नूरपुर।** नूरपुर की पंचायत सुलयाली में उपप्रधान नरेश कुमार की अध्यक्षता में 22 जनवरी को गांव आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम को लेकर सहयोगियों के साथ मिलकर कीर्तन करते हुए घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। इस मौके पर गांव महिलाएं कीर्तन कर प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर गांव में होने वाले कार्यक्रम का न्योता दे रही है। उपप्रधान नरेश शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम जी प्राण प्रतिष्ठा का बहुत भव्य कार्यक्रम होने जा रहा है इसके साथ हमारे गांव सुलयाली में चार पंचायत इलाकावासी मिलकर एक कार्यक्रम मनाने जा रहे हैं।

### छात्रों को पढ़ाया अनुशासन का पाठ

**नगरोटा बगवां।** राजकीय महाविद्यालय बड़ोह की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शिक्षित युवा एवं आत्मनिर्भर भारत थीम पर आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत्त समापन हुआ। समापन समारोह में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक सहायक आचार्य महेंद्र सिंह ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। समापन समारोह के मुख्यातिथि ने स्वयंसेवियों को शिविर में सीखी हुई बातों को जीवन में उतरने की अपील की और कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस शिवर में 25 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। इस शिवर के दौरान स्वयंसेवियों ने गोद लिए गांव कमलोटा में स्वच्छता अभियान, रक्तदान और नशा जागरूकता जैसे विषयों पर ग्राम वासियों को रैलियों के माध्यम से अवगत कराया।

### मनोज कपूर बने बैजनाथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष

**बैजनाथ।** बुधवार को हुए व्यापार मंडल के चुनावों में मनोज कपूर अध्यक्ष चुन लिए गए। बैजनाथ व्यापार मंडल के चुनावों में कुल मतदाता थे। इसमें से 1020 व्यापारियों ने अपने मत का प्रयोग किया। मनोज कपूर 516 लेकर पहले स्थान पर रहे। वहीं पर सचिन अवस्थी 419 वोट लेकर दूसरे स्थान पर है। गुलशन शर्मा को 46 वोट मिले, वहीं पर अजय सिंघानिया को 34 वोट प्राप्त हुए। यह पहली बार देखने को मिला जब व्यापार मंडल के चुनावों में इतनी भारी संख्या में व्यापारियों ने अपने मत का प्रयोग किया। सुबह साढ़े नौ बजे इन चुनावों के लिए मतदान आरंभ कर दिया गया था और शाम चार बजे तक लोग मतदान करते रहे। यह चुनाव पांच सदस्यीय कमेटी की देखरेख में करवाए गए।

### चांदड़ बमियाल में निकाली अक्षत कलश यात्रा

**पालमपुर।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के तहत पंचायत चांदड़ बमियाल में अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली गई। विधायक विपिन सिंह परमार के अगुआई में यह यात्रा निकाली गई। इसमें घर-घर जा कर लोगों को अक्षत बांटे। परमार ने कहा कि अयोध्या में बना राम मंदिर विश्व के इतिहास में एक बहुत बड़ा कदम है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में संभव हो पाया। इसके लिए हम सभी देशवासियों को गर्व की बात है। उन्होंने लोगों को इसके लिए बधाई भी दी। इस मौके पर अध्यक्ष देशराज शर्मा, महामंत्री हंसराज, प्रधान अनुपमा, संजय कुमार, मकड़ चंद, प्यार चंद, होशियार सिंह, रेनू देवी, विंता, रूमा, इंदिरा देवी समेत कई लोग मौजूद रहे।

### अलोह चंबियाला में जांचा 68 का स्वास्थ्य

**गरली।** गरली के निकटवर्ती गांव अलोह चबियाला मे बुधवार को बीडीसी राज रानी व वार्ड सदस्य सपना देवी की अध्यक्षता मे सांसद मोबाइल स्वास्थ्य कैंप का निशुल्क सफल आयोजन किया गया। इसमें एमओ डॉक्टर विजय जरियाल के नेतृत्व में आई लैब टेक्नीशियन अनुराधा, फार्मासिस्ट सर्वजीत, सहयोगी रविंद्र कुमार स्वास्थ्य टीम ने यहां भिन्न-भिन्न बीमारियों से पीड़ित 94 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसमें 45 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए और 25 मरीज हड्डियों के रोगी, चार शुगर के मरीज, छह बीपी के मरीज, एक स्त्री रोगी और 58 साधारण रोगी पाए गए। इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों व माजूद अन्य अलोह चबियाला वासियों ने एमओ डॉक्टर विजय जरियाल व उनकी पूरी टीम को सम्मानित किया।

### इटानगर में शुभांश ने जीता गोल्ड

**नूरपुर।** विधानसभा नूरपुर के खन्नी क्षेत्र के छोटे से गांव परगना के युवा ने हाल ही में अरुणाचल के इटानगर में आयोजित भारतोय वेटलिफ्टिंग फेडरेशन की तरफ से आयोजित 109 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपने प्रदेश में नूरपुर का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में उसने 293 किलोग्राम वजन उठाने का रिकॉर्ड बनाया। प्रतियोगिता में देश के 29 प्रदेशों के प्रतियोगी शामिल रहे। शुभांश के पिता दयाल सिंह बिट्टा ने बताया गया कि उनका बेटा खेलो इंडिया जैसी प्रमुख प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक हासिल कर चुके हैं।

### बच्चों की प्रस्तुतियां देख हर कोई दंग

**जवाली।** आदर्श भारती पब्लिक स्कूल सुगनाड़ा में विद्यालय का 31वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रबंधक विमला देवी, प्राचार्य शशिकांत, मुख्यध्यापक राकेश कुमार व निर्मला के कर कमलों के द्वारा मां सरस्वती के चरणकमलों में दीप प्रज्वलित करके किया गया। समारोह में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके समारोह में उपस्थित सभी गणमान्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा चौथी के बच्चों संयोग, चिराग एंड पार्टी ने ट्री एक्ट, रोहित और अन्य ने नशा मुक्ति स्किट, दृष्टि एंड पार्टी ने नाटी कक्षा नवमीं और दसवीं की कशिश एंड पार्टी ने गिद्दा और भांगड़ा की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को झूमने के लिए विवश कर दिया।

### ट्रेनें बहाल नहीं हुई, तो दिल्ली में देंगे धरना

**धर्मशाला।** पठानकोट-जोगेंद्रनगर रेल लाइन पर 18 जनवरी तक ट्रेनें बहाल न हुई तो 19 जनवरी को दिल्ली के जंतर मंतर में धरना दिया जाएगा और इस संबंध में उपायुक्त कांगड़ा के माध्यम से रेल मंत्री को ज्ञापन भी भेजा गया है। यह बात धर्मशाला में पत्रकारों को संबोधित करते हुए नव भारत एकता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीसी विश्वकर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि पहली अगस्त, 2023 से रेल लाइन पर ट्रेनें बंद पड़ी हैं। इस वजह से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, उन्होंने पौंग झील के साथ ईको सेंसटिव जोन को लेकर भी केंद्र सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग उठाई है कि इसमें क्या-क्या पाबंदियां होंगी। उन्होंने कहा कि यदि ईको सेंसटिव जोन के चलते जिन लोगों का रोजगार प्रभावित होगा, उन्हें सरकार हर माह दो से पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान करे।

### जेबीटी प्रशिक्षुओं ने सीएम के समक्ष उठाई मांगें

**धर्मशाला।** जेबीटी प्रशिक्षु बुधवार को नादौन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंप अपनी मांगों से अवगत करवाया। उन्होंने जेबीटी बैच वाइज भर्ती का रिजल्ट जल्दी निकलवाने की मांग रखी। प्रशिक्षुओं के अनुसार इसकी बैच वाइज भर्ती नवंबर 2023 में हुई थी और रिजल्ट भी तैयार है परंतु कोर्ट के मामलों के चलते हुए हाई कोर्ट ने इस भर्ती के रिजल्ट पर बिना कोर्ट की अनुमति के निकालने से इनकार किया हुआ है। प्रशिक्षुओं ने सरकार से मांग रखी है कि वो कोर्ट से जल्द रिजल्ट निकलवाने की अनुमति ले और रिजल्ट निकाले। क्योंकि जेबीटी प्रशिक्षुओ के 10-12 सालों के लंबे संघर्ष के बाद इन्हें बाद इन्हें भर्ती देने का मौका मिला था। जेबीटी संघ के प्रदेश महासचिव जगदीश परयाल ने बताया की प्रदेश में जेबीटी ओर बीएड के काफी लंबे विवाद के बाद जेबीटी की भर्ती हुई है। उन्होंने कहा कि जेबीटी कमीशन जो कि नवंबर 2022 में 467 पोस्ट के लिए आवेदन लिए गए थे, उसका कोई पता नहीं है, सरकार को जल्दी कमीशन के माध्यम से भी भर्ती शुरू करनी चाहिए।

### पर्यटन नगरी मुद्दे पर कांग्रेस पर साधा निशाना

**धर्मशाला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाल ही में लक्ष्यदीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निजी तौर पर प्रयास किया है। लेकिन विपक्ष को यह बात रास नहीं आ रही। धर्मशाला के पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने विपक्षी पार्टियों को कहा है कि पर्यटन नगरियां ढंकोंसलों से नहीं बनती। उसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह दूरदर्शी सोच होनी चाहिए। लक्ष्यद्वीप से पूर्व प्रधानमंत्री ने कांगड़ा को भी पर्यटन हब बनाने के लिए निजी प्रयास किए हैं। इसी का परिणाम है कि नरेंद्र मोदी ने धर्मशाला को स्मार्ट सिटी का तोहफा दिया और शहर के विकास के लिए फंडिंग की। यहां आने वाले पर्यटकों को कोई समस्या न हो, इसलिए जिला कांगड़ा में फोर लेन बनाने का कार्य जोरों से चलवाया है, तो कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारिकरण को लेकर भी कार्य प्रगति पर चलाया गया है। पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने कहा कि कांग्रेस ने कांगड़ा को पर्यटन के नाम पर सिर्फ ढंकोसलेबाजी की है।

---

आवारा पशुओं से परेशान योल और टंग नरवाना के आसपास के ग्रामीण, प्रशासन से समस्या से निजात दिलाने की उठाई मांग

# फसलें बचाने को रात भर पहरा दे रहे ग्रामीण

**नरेश धीमान, योल**



लोगों की फसलों को चट करते आवारा पशु।

धर्मशाला स्मार्ट सिटी के साथ लगते योल व टंग नरवाना के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग लावारिस पशुओं से बेहद परेशान हैं। वह दिन रात कड़कती धूप और तेज बारिशों में खेतीबाड़ी का कार्य कर अपना गुजर बसर करते आ रहे हैं। वहीं, लावारिस पशु खेतों में बीजी फसल को चट कर रहे हैं। फसलों को बचाने के लिए ग्रामीण अब रात भर बारी-बारी पहरा दे रहे हैं, लेकिन बावजूद इसके ग्रामीण किसानों के हाथ कुछ नहीं लग रहा। ऐसे में किसान करें तो क्या करें। प्रसासन के आगे कई बार हाथ जोड़कर इनसे निजात दिलाने और गो सदन बनाने के लिए गुहार लगा चुके हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन एक कान से सुनता है और लॉलीपाप देकर दूसरे कान से निकाल देता है। ग्रामीणों ने प्रशसन से मांग की है कि धर्मशाला विधानसभा में कहीं भी खाली पड़ी सरकारी भूमि में गो सदन का जल्द निर्माण कर किसानों और लावारिस पशुओं से निजात दिलाई जाए। (अनंत ज्ञान)

#### प्रशासन को उठाने चाहिए ठोस कदम



**टंग** नरवाना के पवन धीमान ने कहा कि पंचायत या प्रशासन को लावारिस पशुओं से निजात दिलाने के लिए कोई ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि किसानों को उनकी मेहनत का फायदा मिल सके।

#### जमीनें खाली की खाली ही रह जाएंगी



**नरवाना** खास के रमेश चंद ने कहा कि लावारिस पशु फसलें चट कर रहे हैं। अगर यही हाल रहा तो जमीनें खाली की खाली ही रह जाएंगी। पंचायत को भी इस बारे प्रस्ताव आदि डालकर प्रशासन के आगे रखना चाहिए।

#### प्रशासन जल्द करे गो सदन का निर्माण



**नरवाना** खास के रिंकू चौधरी ने कहा कि लावारिस पशु तो हैं ही जो फसले उजाड़ रहे, लेकिन कुछ टैग लगे पालतू पशु भी घूमते नजर आ रहे हैं। प्रशासन को उन पर तो कार्रवाई करनी चाहिए। इसके अलावा अगर प्रशासन गो सदन का निर्माण करे तो हम सब आभारी रहेंगे।

#### ...तो खेती करना छोड़ देंगे किसान



**नरवाना** खास के योगेश धीमान ने कहा कि पंचायत और प्रशासन के आगे लोग कई बार गुहार लगा चुके है, लेकिन प्रशासन भी इस बारे लाचार दिख रहा है। वहीं, जल्द कोई उचित समाधान न निकला तो लोग खेती करना ही छोड़ देंगे।

---

## सिहोर बाला स्कूल में विधायक संजय रतन ने नवाजे होनहार



कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सम्मानित करते हुए विधायक संजन रतन।

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिहोर बाला का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि ज्वालामुखी विधानसभा के विधायक संजय रतन ने शिरकत किया। विधायक ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने को कहा।

साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यार्थी ही हमारा आने वाला भविष्य है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि दिखाने को कहा। उन्होंने कहा कि खेलो से शरीर भी स्वस्थ रहता है। विधायक ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है और बच्चों के भविष्य को संवारने में शिक्षा और शिक्षक अहम भूमिका होती हैं। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने शिक्षा व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। विधायक ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए 11 हजार रुपए देने की घोषणा की।

## नगरोटा में दो प्लॉट साइट्स की जमीन की रजिस्ट्री व सेल पर्चेंज पर रेरा ने लगाया बैन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



फाइल फोटो।

आप भी प्लॉट खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो यह खबर आपके लिए है। नगरोटा बगवां में रियल एस्टेट विनियमन और विकास अधिनियम (रेरा) ने बड़ी कार्रवाई की है। रेरा ने नगरोटा बगवां में दो प्लॉटों की साइट की जमीन की रजिस्ट्री व सेल पर्चेज पर बैन लगा दिया है। सूत्र बताते हैं कि यह प्लॉट साइट रेरा की अनुमति के बिना बनाई गई थी और कई मानकों में यह फेल थी जिसके चलते यह बैन लगा है।

अब बैन के बाद स्थानीय लोग काफी परेशान हैं, क्योंकि कई लोगों की जमा पूंजी इसमें लगी है और अब बैन लगने के बाद उसका क्या होगा इससे वे परेशान हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि लोगों के करोड़ों रुपए इन प्लॉट साइट में लगे हैं। प्रॉपर्टी डीलर ने लोगों को जो प्लॉट बेचे हैं अब वहां रेरा की रोक के बाद उनका क्या होगा यह एक बड़ा सवाल है। आपको बता दें कि प्लॉट साइट काटने से पहले रेरा व टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीसीपी) से परमीशन लेनी होती है और उनके मानकों को पूरा करना होता है जो कि इस सभी साइट में नहीं हुआ है, न ही नियमों के अनुसार कॉलोनी काटी गई। यहीं नहीं, नियमों के अनुसार न तो कॉलोनी में आने जाने के लिए रास्ते बने है और न ही पार्क सुविधा दी गई है। बैन लगाए जाने के पीछे या भी एक बड़ी वजह मानी जा रही है।

गौरतलब है कि नगरोटा बगवां में जिन दो प्लॉटों को साइटों को रेरा ने अवैध ठहराया है उन को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीसीपी) की और से कॉलोनियों के लैंड यूज सर्टिफिकेट जारी ही नहीं किए गए थे। मामला तब संज्ञान में आया है जब रेरा के पास प्लॉटों को अवैध रूप से बेचे जाने की शिकायतें पहुंची तो रेरा ने भी कार्रवाई करने में देर नहीं लगाई। अब इस मामले में जहां एक तरफ प्रॉपर्टी डीलर की सांसें फूंली हुई हैं तो वहीं, प्लॉट की खरीददारी करने वालों की नींद भी हराम को गई है।

#### क्या बोले तहसीलदार

वहीं, रेरा की कार्रवाई को लेकर जब नगरोटा बगवां के तहसीलदार प्रवीण कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि शहर के दो प्लाटों की सेल और परचेज को लेकर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीसीपी) की ओर से आदेश आए हैं कि इन दो प्लॉट साइट्स पर यदि कोई सेल और परचेज होती है तो उसकी रजिस्ट्री न की जाए।

## छात्रों को बताए मतदान की महत्व

**नूरपुर।** स्वस्थ लोकतंत्र किसी भी राष्ट्र की उन्नति व अखंडता का आधार है। वर्तमान समय में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के नूरपुर क्षेत्र में भी सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम को महत्व का विषय बनाते हुए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जनजागरूकता अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत दिनांक 10 जनवरी को नूरपुर, जसूर और जाच्छ के विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्र) नूरपुर, बीटीसी राजकीय कन्या मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नूरपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसूर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाछ के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्र) नूरपुर में प्रधानाचार्य श्री करनैल सिंह जी की विशेष उपस्थिति में असिस्टेंट नोडल अधिकारी वरुण शर्मा व असिस्टेंट नोडल अधिकारी बृजेश पठानिया ने विद्यार्थी-वर्ग को संबंधित विषय पर जागरूक किया।

## रक्कड़ स्कूल में सालाना समारोह की धूम, होनहार छात्रों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



कार्यक्रम के दौरान बच्चों को संबोधित करते बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल।

संसदीय सचिव, कृषि, पशुपालन, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास किशोरी लाल आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रक्कड़ के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि सम्मिलित हुए। सीपीएस ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है और बच्चों के भविष्य को संवारने में शिक्षा और शिक्षक अहम भूमिका होती हैं। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवा शक्ति पर निर्भर है और युवाओं को सभी की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए देश तथा प्रदेश को विकास के स्वर्णिम पथ पर आगे बढ़ाना होगा।

उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि व्यायाम एवं खेल इत्यादि में नियमित रूप से भाग लेते हुए नशे से दूर रहें। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। किशोरी लाल ने कहा कि पपरोला से रक्कड़ सड़क के सुधारीकरण का कार्य को आने वाले समय में करवाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि स्कूल के नए भवन की मांग को मुख्यमंत्री के समक्ष समाधान के लिए रखा जाएगा। इससे पहले विद्यालय के प्रधानाचार्य मान सिंह ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को 11 हजार रुपए व प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को 5100 रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने शिक्षा व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

## युवक के पेट में घोंपा चाकू, मामला दर्ज

**देहरा।** उपमंडल देहरा के अंतर्गत गांव बनखंडी में बुधवार शाम हरियाणा राज्यों से गाड़ी मे सवार होकर आए चार युवकों ने गुड़ागर्दी दिखाते हुए एक स्थानीय युवक के पेट में दो बार चाकू घोप कर अधमरा कर डाला। वहीं, खून से लथपथ हुए स्थानीय युवक को लोगों ने तुरंत उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज टांडा पहुंचाया, लेकिन वहा उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं, इस बड़ी बारदात का पता चलते ही डीएसपी देहरा अनिल कुमार के नेतृत्व में मौके पर पुलिस ने अरोपी हमलावरों को कार सहित दबोच लिया है। खून से लथपथ हुए स्थानिय युवक की पहंचान विकास डोगरा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार विकास डोगरा गांव बनखंडी में बरतन की दुकान में काम करता है और बुधवार शाम को यह दुकान बंद करके अपनी गाड़ी में सवार होकर घर की ओर आ रहा था कि ज्यो ही विकास डोगरा ने अपनी गाड़ी वहां नौशहरा रोड के लिए टर्न की तो इतने में तेज रफ्तार पीछे से गाडी में सवार होकर आ रहे हरियाणा चार युवकों ने ओवर टेकिंग को लेकर विकास डोगरा की गाड़ी रोकी और मारपीट करना शुरू कर दी देखते ही देखते उपरोक्त बाहरी राज्यों के युवाओं ने उसके बाद गाली-गलौज व एक युवक ने गुस्से मे आकर चाकू निकाल लिया और विकास डोगरा के पेट में देखते ही देखते चाकू घोंप दिया। खबर की पुष्टी करते हुए डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने बताया कि हरियाणा राज्यों से आए हमलावर युवक को भिन्न भिन्न धाराओं सहित रेस्ट किया गया है छानबीन जारी है।

## बाइक-टिप्पर भिडंत में युवक की मौत

**धर्मशाला।** धर्मशाला के अंतर्गत शीला चौक में बुधवार शाम करीब छह बजे एक बाइक और टिप्पर की भिडंत से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई और दूसरे बाइक सवार को गंभीर हालत में जोनल अस्पताल भर्ती किया गया है। बाइक पर दो युवक सवार थे और बाइक शीला चौक के करीब एक टिप्पर से टकरा गई। बाइक और टिप्पर की भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बाइक सवारों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया जहां 26 वर्षीय सकोह निवासी अमन को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, सकोह के ही निवासी आदर्श को उपचार के लिए जोनल अस्पताल भर्ती कर दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीर बहादुर सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

---

**कार्यक्रम** | नगरोटा और कांगड़ा में कार्यक्रम के दौरान आरएस बाली ने दी जानकारी

# युवाओं को मिलेगी बेहतर जॉब प्लेसमेंट

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते आरएस बाली।

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि राज्य में युवाओं को रोजगार के बेहतरीन अवसर उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार संकल्प सेवा आरंभ की गई है जिसमें इंप्लायमेंट एमआईएस सॉफ्टवेयर में संशोधन किया जा रहा है।

इसके माध्यम से प्रदेश के दूर-दराज के क्षेत्रों के युवाओं को देश तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध रोजगार अवसरों से जोड़ा जाएगा, ताकि प्रदेश के युवाओं की उचित जॉब प्लेसमेंट हो सके। उन्होंने कहा कि एक नई पहल के अंतर्गत युवाओं को विदेशों में रोज़गार उपलब्ध करवाने के लिए श्रम एवमं रोजगार विभाग विभिन्न दूतावासों से संपर्क करके युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए मदद करेगा। बुधवार को नगरोटा तथा कांगड़ा में लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि हिमाचल में पर्यटन क्षेत्र में भी स्वरोजगार की असीम संभावनाएं हैं तथा इन्हीं संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए पर्यटन के अनछुए क्षेत्रों को भी विकसित किया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही स्टार्ट-अप योजना के तहत राज्य में कृषि और मत्स्य पालन विभागों की एक एकीकृत परियोजना शुरू की जाएगी, जो इस क्षेत्र में राज्य के लोगों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के तहत स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए उन्हें सब्सिडी के रूप में 680 करोड़ रुपए प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सभी क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित कर रही है तथा लोगों की समस्याओं का त्वरित निदान करने के लिए भी कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों से लंबित राजस्व मामलों की बड़ी संख्या पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कड़ा संज्ञान लेने के बाद प्रदेश में राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है तथा अब तक इंतकाल के लम्बित कुल 45,055 मामलों का निपटारा किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार, वर्षों से लंबित राजस्व मामलों का निपटारा कर प्रदेश के आम लोगों की समस्याओं का हल करने के प्रयास कर रही है।

## धर्मशाला में गद्दियाली डंगी लोकनृत्य को देख हर कोई दंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला कांगड़ा द्वारा जिला कांगडा की संस्कृति के लोकनृत्य, लोकगीतों एवं कांगडा की लोक संस्कृति पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन राजकीय उच्च विद्यालय कंड धर्मशाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी रिटायर्ड कनर्ल वाईएस राणा व विशिष्ठ अतिथि समाज सेवी मोहिंद्र सिंह, विशेष अतिथि हाई स्कूल कंड़ धर्मशाला के हैडमास्टर विवेक रैना व मुख्य वक्ता बॉलीवुड में काम कर चुके निर्देशक-लेखक नरेंद्र बड़ाण ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। विशेष अतिथि कंड स्कूल के हैडमास्टर विवेक रैना ने भी लोक संस्कृति पर अपने विचार साझा किए।

इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता निर्देशक-लेखक, शोधकर्ता व मैट्रो हार्न सोसायटी धर्मकोट भागसूनाग के अध्यक्ष नरेंद्र बड़ाण ने लोक संस्कृति के उदय, विभिन्न आयामों व स्वरूप को लेकर अपने विचार रखें। उन्होंने बताया कि क्यों युवा पीढ़ी में लोक संस्कृति को सिंचित किया जाना आवश्यकत है। उन्होंने सभी विषयों के बारे में विचार साझा करते हुए अपने विचार रखें। इस दौरान लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता से नरेन तूफान व विनोद ने भी लोक संस्कृति पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान लोक संस्कृति के लोक नृत्य व गायन कार्यक्रम में धुडू सांस्कृतिक, सामाजिक एवं युवा खेल मंच की ओर से गद्दियाली लोकनृत्य नुआला की प्रस्तुति ने सभी लोगों को झूमा दिया। वहीं, मैट्रो हार्न सोसाईटी धर्मकोट भागसूनाग धर्मशाला की ओर से गद्दियाली डंगी लोकनृत्य व बुडू नाग मंदिर कॅमेटी खनियारा की ओर से कांगड़ा के विभिन्न लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में उच्च विद्यालय कंड धर्मशाला के छात्र-छात्राओं ने गद्दियाली लोकनृत्य, कांगड़ा के लोकनृत्य व स्वागत गीत व लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई।

## न्यूज ब्रीफ

### बोह में शरद क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**शाहपुर।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के धारकंड़ी में हर वर्ष की तरह इस बार भी शरद क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता सीजन-12, 11 जनवरी से शुरू हो रही है। खास बात है कि यह क्रिकेट प्रतियोगिता सुंदर पहाड़ों के आंचल में बने धारकंडी वोह के मिनी स्टेडियम में होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 1650 रुपए एंट्री फीस रखी गई है और बुधवार से आवेदन शुरू हो गए हैं। इस प्रतियोगिता के आयोजक अवदेश कौशल, शंकर, विक्की, अबु जरियाल, सुभाष जरियाल, हैरी वशिष्ट, विनोद गौरा और विकास जरियाल आदि ने बताया कि प्रत्येक मैच कोस्को की गेंद से होगा।

### डाडासीबा में सजी माता की चौकी

**डाडासीबा।** युवा शक्ति मंडल की ओर से नवीं मुंबई में 21वीं विशाल माता की चौकी का आयोजन पूरे हर्षोल्लास तरीके से किया गया । इसमें जम्मू की मशहूर गायिका सर्स भारती ने एक से बढ़कर एक माता के भजनों से वहां मौजूद भक्तों को निहाल किया। युवा शक्ति मंडल हर वर्ष माता रानी का गुणगान कराते है। युवा शक्ति मंडल नेरुल नवी मुंबई के सदस्य मुकेश शर्मा, विवेक शर्मा, अजय शर्मा, रोहित शर्मा, अभिषेक, किशोर, बली एवम भक्तों द्वारा बहुत ही भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया था।

### गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित

**पालमपुर।** उपमंडलीय गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर निगम पालमपुर के मेयर गोपाल नाग, डिप्टी मेयर राज कुमार भी उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस पर उपमंडल स्तरीय समारोह हर वर्ष की भांति शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा मैदान पालमपुर में आयोजित किया जाएगा। समारोह में पुलिस, होमगार्ड, विभिन्न स्कूलों तथा कॉलेजों की एनसीसी, एनएसएस की टुकड़ियों द्वारा मार्चपास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम का आरंभ स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ होगा। कार्यक्रम में ऐसे अधिकारियों कर्मचारियों को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

### जवाली में राष्ट्रीय युवा दिवस कल

**धर्मशाला।** राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर 12 जनवरी को युवा सेवा एवं खेल विभाग द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पलौहड़ा, जवाली में जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यकारी जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी सन्नी कुमार ने बताया कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी राष्ट्रीय युवा दिवस पर विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष युवा मुद्दों पर आधारित थीम पर वाद-विवाद, चित्रकला, निबंध लेखन और हस्तशिल्प प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा देश भक्ति व लोक गीत की समूह गान स्पर्धा भी आयोजित की जाएगी।

### भगवान श्रीराम के भजनों से गूंजा शाहपुर

**शाहपुर।** अयोध्या में बने भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने वाली हैं। इस मौके पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर को लेकर देशभर में लोगों में उत्साह है। इसको लेकर जगह-जगह भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पंचायत शाहपुर के बाद वार्ड नंबर-दो की पार्षद और पूर्व अध्यक्ष ऊष्मा चौहान के नेतृत्व में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई और मुक्तिधाम सेवा सदन मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

### नगरोटा के छात्रों ने जाने ट्रैफिक नियम



**नगरोटा बगवां।** बुधवार को रोड सेफ्टी क्लब राजकीय वरिश्ठ माध्यमिक पाठशाला नगरोटा बागवा (ब्वॉयज) के छात्रों ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत नगरोटा बाजार के लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान की। बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत एक गाना भी गाया। इस कार्यक्रम मे बच्चों ने सुरक्षा अभियान से जुड़ी हुई पुस्तिका भी लोगों के बीच में वितरण की। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक मनु ने बच्चों को संबोधित भी किया गया। कार्यक्रम अधिकारी सुषमा धीमान ने भी बच्चों के माध्यम से लोगों को जानकारी प्रदान की। स्कूल की तरफ से प्रवक्ता संजय कुमार, बालकृष्ण, सतीश, सुमन लता, शशि कांत, महेश्वर, दीपक चौहान, किरण, स्वरूप व रिंकू भी उपस्थित रहे।

### रक्कड़ के प्रवीण सिंह को राष्ट्रपति अवॉर्ड



राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से अवॉर्ड लेते प्रवीण सिंह।

**रक्कड़।** गरली के निकटवर्ती गांव रक्कड़ तहसील मुख्यालय के प्रवीण सिंह को राष्ट्रपति आवार्ड से सम्मानित किया गया है। प्रवीण सिंह पुत्र उत्तम चंद ग्राम पंचायत रक्कड़ के निवासी हैं। इनका जन्म 25 दिसंबर 1975 को हुआ था और वह 1993 में बतौर कांस्टेबल सीमा सुरक्षा बल में भर्ती हुए थे। प्रवीण सिंह ने दो बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर तिरंगा फहराकर गांव, जिला व प्रदेश का नाम रोशन किया है। इसके अलावा हिमालय की अन्य चोटियों चंद्रभागा, संसर, हनुमान टिब्बा आदि पर भी तिरंगा फहरा चुके हैं।

### लोगों ने जाना कृषि लोन के बारे में

**जयसिंहपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा अपर लंबागांव की नाबार्ड के सौजन्य से गांव तलवाड़ झूगा देवी में बुधवार को वित्तीय साक्षरता शिवर का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा अपर लंबागांव शाखा के प्रबंधक साहिल जैन ग्राम, पंचायत प्रधान रेनू, वार्ड पंच स्वर्ण देवी, रिशला डोगरा, अनिता कुमारी व गांव के लोग इस कार्यक्रम मे उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में एसएचजी लोन कृषि लोन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजन, सुरक्षा बीमा योजना तथा एटीएम फ्रॉड से बचने की जानकारी दी गई।

### रक्तदान को हमेशा तैयार रहते हैं गगन

**नूरपुर।** नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब के सदस्य व संस्था के स्टार डोनर गगन सिंह, जोकि बीटीसी राजकीय आदर्श कन्या विधालय नूरपुर में लेक्चरर के पद पर कार्यरत हैं को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। गगन संस्था के उन रक्तवीरों में शामिल हैं, जिनको जब भी रक्तदान के लिए बोला जाता है, वो उसी समय रक्तदान के लिए तैयार रहते हैं। चाहे दिन हो, रात हो, कड़कती ठंड हो या आग उबलती गर्मी हो, वो हमेशा आपातकाल में रक्तदान के लिए तैयार रहते हैं। इन्होंने बहुत से युवाओं को रक्तदान की मुहिम से जोड़ा है।

### पूर्व मंत्री विपिन परमार ने नवाजी युवतियां




विधायक विपिन सिंह परमार युवतियों को सम्मानित करते हुए।

**पालमपुर।** संगठनात्मक जिला पालमपुर महिला मोर्चा द्वारा युवती सम्मेलन का आयोजन बुधवार को जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा रागिनी रकवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें 35 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताएं में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व में रहे विधानसभा के अध्यक्ष कांगड़ा चंबा प्रभारी एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया एवं प्रतियोगिता सहभागियों को प्रपत्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें उपस्थित जिला के अध्यक्ष हरिदत्त शर्मा, महामंत्री लीना भारद्वाज, चारों मंडल की अध्यक्ष वंदना कटोच, रंजन, मोनिका, मनीषा आदि मौजूद रहे।

---

सड़क किनारे आड़े-तिरछे खड़े वाहनों से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा; प्रशासन बेखबर, लोग हो रहे तंग

# बेतरतीब वाहनों ने बढ़ाया पालमपुर का ट्रैफिक



**अमर सिंह, पालमपुर**

नगर निगम पालमपुर के अधीन आते इलाके की सड़कों पर ट्रक, ट्रैक्टर एवं छोटे-बड़े वाहन सड़क किनारे आड़े-तिरछे खड़े हो जाते हैं। इस कारण यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को एक तरफ परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं दूसरी तरफ सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं पड़ते हैं, जिसके कारण हादसा होने की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को स्थानीय लोगों द्वारा अवगत कराया जा चुका है। इसके बाद भी यहां की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। (अनंत ज्ञान)

**रोज जाम लगने से लोग हुए परेशान**

#### झगड़ने लगते हैं चालक

**दुकानदारों** का कहना है कि उनकी दुकान के आगे अगर किसी को वाहन लगाने के लिए मना करें, तो वह झगड़ा करने लगते हैं।

**15** दिन ही चलती है सड़क किनारे खड़ी की हुई गाड़ियां। वहीं, इन गाड़ियों से ट्रैफिक जाम लग रहा है।

#### यहां खड़े रहते हैं वाहन

**शहर** के मेन बाजार से लेकर सैनिक विश्रामग्रह, ओल्ड एलआईसी बिल्डिंग, गुरुद्वारा रोड के बाहर माल्स के सामने रोटरी भवन से कोर्ट रोड, पुरानी सब्जी मंडी, रामचौक, एशिया पैलेस, चौकी रोड पर एक नामचीन निजी स्कूल के बाहर ठाकुरद्वारा घुघर मार्ग पर, इसके साथ ही पटवारी खाना के नीचे भी दर्जनों की कतार में संकरे रोड पर वाहन खडे रहते है।

**बेकाबू होने लगा है ट्रैफिक...**

#### रोज लगता है जाम

**शहर** के बाईपास कालू दी हट्टी में दुकानों के बाहर बड़ी गाड़ियां खड़ी रहने के चलते, मेन बाजार, रामचौक, एशिया पैलेस, चौकी इत्यादि स्थानों पर दिन में इसी कारण कई बार जाम लगते। इससे लोग तंग हो रहे है।




#### पुलिस करती है कार्रवाई

**पालमपुर** के डीएसपी लोकेंद्र नेगी ने कहा कि पुलिस के लगभग एक दर्जन जवान इलाके में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगाए है जो नियमित चलान व वाहनों को सड़क से हटाने का काम करते हैं। इसके अतिरिक्त थाना से भी गश्त की गाड़ी यातायात में बाधित तत्वों पर कार्रवाई करती है, उन्होंने कहा कि एरिया काफी बढ़ गया है इसके अनुरूप स्टॉफ नहीं है। अब एक जगह से कर्मी दूसरी जगह भेजते हैं तो पहले वाली जगह यह समस्या बढ़ जाती है। वहीं, नियमित रूप से वाहन खड़े हैं, तो उन पर शीघ्र कानूनी शिकंजा कसा जाएगा।

#### हादसे का खतरा

**इलाके** में कई जगह सालों से सड़क के किनारे वाहन और कृषि उपकरण मशीने खडी कर रखी है जो वर्षों में सिर्फ सीजन के समय 15 दिन चलती है और पूरा साल सड़क पर ही खड़ी रहती है। यही नहीं कई लोगों ने तो भवन निर्माण सामग्री ईंट, पत्थर और कंकरीट भी सड़क में स्टोर बना कर रखे हैं। इससे आगे कुछ न दिखने के चलते दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

---

## पंचायत स्तर तक मजबूत होगी आयुर्वेद चिकित्सा

### मंत्री यादविंद्र गोमा को विभाग मिलने से लगा बधाइयों का तांता, मंत्री ने सुनी लोगों की समस्याएं

**अजय पाल, पंचरुखी**

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने बुधवार को पंचरुखी में जनसमस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकतर समस्याओं का निपटारा मौके पर ही कर दिया और शेष समस्याओं को शीघ्र निपटारे के लिए अधिकारियों को आदेश दिए। गोमा ने कहा कि आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्रालय की जिम्मेदारी उन्हें मुख्यमंत्री और शीर्ष नेतृत्व ने सौंपी है।

इसे वह बखूबी निभाएंगे और पूरी क्षमता से प्रदेश के लोगों की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार, व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय से कार्य कर रही है और अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद, चिकित्सा की प्राचीन और कारगर उपचार पद्धति है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर तक सरकार आयुर्वेद स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध करवा रही है और आने वाले समय इसे और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेलों का जीवन में बहुत महत्व है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के लिए मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। गोमा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का विभाग आबंटित करने के लिए धन्यवाद किया और कहा कि जो भी इन्हें जिम्मेदारी दी है, उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। (अनंत ज्ञान)



मंत्री यादविंद्रर गोमा को बधाई देते कार्यकर्ता।



विभाग मिलने के बाद मंत्री यादविंद्र गोमा को सम्मानित करते कार्यकर्ता।

#### गोमा के घर लगा बधाइयों का तांता

**पंचरुखी।** हिमाचल सरकार ने कैबिनेट विस्तार करके दो मंत्री तो बना दिए थे लेकिन उनको विभाग आबंटित नहीं किए थे। मंत्रियों के विभागों को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे थे। इन चर्चाओं पर विराम लगाते हुए हिमाचल सरकार ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी जिसमें यादविंद्र गोमा को युवा खेल एवं आयुष विभाग दिया गया। युवा मंत्री यादविंद्र गोमा को विभाग मिलने पर जयसिंहपुर विधानसभा से सैकड़ों लोग उनके घर बधाई देने पहुंचे। आजादी के बाद पहली बार जयसिंहपुर विधानसभा से मंत्री बना है। इसलिए भी क्षेत्र की जनता में खुशी है। इस मौके पर सभी विभागों के अधिकारी व सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

---

## आईटीआई नैहरनपुखर में कैंपस इंटरव्यू 19 जनवरी को

**अनंत ज्ञान, गरली**

आईटीआई नैहरनपुखर में एक बार फिर युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। आगामी 19 जनवरी को स्वराज माजदा लिमिटेड द्वारा युवाओं को आईटीआई नैहरनपुखर में कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा। कंपनी के एचआर विभाग के अधिकारी ने बताया कि 19 जनवरी को होने वाले कैंपस इंटरव्यू मे भाग लेने के शैक्षणिक योग्यता आईटीआई के तकनीकी व्यवसाय मशीनिस्ट, टर्नर, मेकेनिक मोटर व्हिकल, मेकेनिक ट्रैक्टर, मेकेनिक डीजल, टूल व डाई मेकर में कोर्स पूरा कर चुके सभी पुरुष व महिला अभ्यर्थी पात्र होंगे।

कंपनी द्वारा चयनित युवाओं मे फ्रेशर को 12,688, दो वर्ष अनुभव के साथ 13,598, व तीन वर्ष अनुभव के साथ 14,638 रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त कंपनी द्वारा वर्ष 2020,2021, 2023 में आईटीआई पास कर चुके अभ्यर्थियों को बतौर अप्रेंटिशिप ट्रेनी चयन किया जाएगा। अप्रेंटिशिप ट्रेनी को प्रतिमाह 10,640 रुपए भत्ता दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त कंपनी द्वारा नियमानुसार भत्ते व सुविधाएं दी जाएंगी। चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 26 वर्ष के बीच ही होनी चाहिए। चयनित कैंपस इंटरव्यू में पात्र युवा 19 जनवरी 2024 को सुबह दस बजे अपने चार पासपोर्ट साइज फोटो व मूल प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों, शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड की प्रतिलिपियों के साथ आईटीआई नैहरनपुखर कैंपस में पहुंच जाने चाहिए। इस विषय में संस्थान प्रधानाचार्य ई. ललित मोहन ने बताया की युवाओं की चयन प्रक्रिया में पहले एक लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन होगी और उसके बाद साक्षात्कार लिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए संस्थान के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट अधिकारी मुकेश कौशल से दूरभाष 9418162333 व सदस्य रवि गुलेरिया से 8580467991 पर संपर्क करें।

---

### मांगों को लेकर उग्र हुए भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मचारी

**पालमपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम पालमपुर के कर्मचारियों व अधिकारियों के संयुक्त मोर्चा ने बुधवार दोपहर को एक घंटे के लिए अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और जोरदार नारेबाजी की। नार्दन जॉन इंश्योरेंस कर्मचारी एसोसिएशन, नेशनल फेडरेशन ऑफ फील्ड वर्कर्स ऑफ इंडिया तथा फेडरेशन ऑफ क्लास ऑफिसर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान संबोधित करते हुए कर्मचारी एसोसिएशन के सचिव राकेश चंद राणा ने कहा कि कर्मचारियों का वेतन संशोधन समझौता जोकि पहली अगस्त 2022 से लंबित है, उस पर शीघ्र वार्ता निगम प्रबंधन द्वारा शुरू की जाए। वहीं, एनपीएस में प्रबंधन के योगदान को दस से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी संवर्गों में पर्याप्त भर्ती की जाए। राकेश राणा ने चेतावनी कि यदि हमारी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो इस आंदोलन को और गति देकर तेज किया जाएगा जिसके लिए सरकार व निगम प्रबंधन उत्तरदायी होगा।

## धोखाधड़ी मामले में शामिल दोनों आरोपी पंजाब से किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**



पुलिस टीम के साथ दोनों आरोपी।

जिला पुलिस नूरपुर पुलिस द्वारा धोखाधड़ी के मामले शामिल दोनों आरोपियों को चंडीगढ़ के समीप पंजाब के खरड़ से गिरफ्तार कर लिया है।

इस मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस जिला नूरपुर एसपी अशोक रतन ने बताया कि पुलिस थाना नूरपुर में कुशल कुमार निवासी भड़वार ने चार सितंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी पत्नी प्रीति कौर ने एक अन्य व्यक्ति को पति के रूप में बैंक में पेश करके पांच लाख 70 हजार रुपए चेकों के माध्यम से निकलवा लिए। इस पर एसपी नूरपुर अशोक रतन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि धोखाधड़ी से बैंक से पैसे निकलवाने के आरोपियों को चंडीगढ़ के खरड़ से गिरफ्तार कर लिया है तथा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर छापामारी की लेकिन आरोपी हत्थे नहीं चढ़े। आखिरकार आरोपी प्रीति कौर पत्नी कुशल कुमार निवासी भड़वार तथा संदीप सिंह पुत्र परविंद्र सिंह निवासी उन (उत्तर प्रदेश) को चंडीगढ़ के खरड़ से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## बीजेपी लोकसभा चुनावों में जीतेगी चारों सीटें

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

भाजपा मंडल की आलमपुर जोन व शिवनगर जोन की बैठक बुधवार को मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें प्रदेश पार्टी विस्तारक सतीश राणा व पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। रविंद्र धीमान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की जनहितैषी नीतियों व कार्यक्रमों का ही करिश्मा है कि तीनों राज्यों में कमल खिला।

रविंद्र धीमान ने कहा कि कांग्रेस की तीनों ही राज्यों में हुई हार से यह अनुभूत होता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 से पार होगी और हिमाचल में भी चारों की चारों सीटें भारी बहुमत से भाजपा जीतेगी। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राम रतन शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवा कटोच, गंदड़ पंचायत की प्रधान विंता कटोच, आलमपुर पंचायत की प्रधान शंकुलता देवी, अशोक कटोच, मंगल व्यास, हनुमंत प्रसाद, राजीव राणा और बाकी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बैठक के दौरान कार्यकार्ताओं में जोश भरते पूर्व विधायक रविंद्र रवि।

#### लोगों के सहयोग से ठेहड़ में होगा गोशाला का निर्माण

**जवाली।** बेसहारा गोवंश से आज हर कोई परेशान है। किसानों ने फसलों को बीजना तक बंद कर दिया है। कुछ लोग रातों को जाग कर फसलों की रखवाली कर रहे हैं। आज तक कई सरकारें आई और चली गई किसी ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया, लेकिन बुधवार को शाहपुर विधानसभा के चंगर क्षेत्र की करीब छह पंचायतों के प्रतिनिधियों ने बेसहारा पशुओं से आ रही दिक्कतों को लेकर हारचकियां में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें पंचायत हारचकियां के प्रधान तिलक राज, पंचायत ठेहड़ के प्रधान मंजीत सिंह, पंचायत परगोड़ के प्रधान हेमराज, पंचायत मनेई प्रधान निशा देवी, पूर्व जिलापरिषद संजय कुमार सहित क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे। उन्होंने बेसहारा पशुओं को लेकर गोशाला बनाने व पशुओं के रखरखाब से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। पंचायत प्रधान तिलक राज ने बताया कि आज ग्राम सभा का आयोजन किया गया था, जिसमें अन्य ग्राम पंचायतों के प्रधानों सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि लोगों के सहयोग से ठेहड़ में एक गोशाला का निर्माण करवाया जाए। इसके लिए अनुदान हेतु आज हारचकियां पंचायत में शुरुआत कर दी है। सहयोग के तौर पर तिलक राज प्रधान ने 5100, रक्षपाल शास्त्री ने 5100, तरसेम सिंह 3100, जोगिंद्र सिंह, सुनीता देवी, विपिन कुमार ने 1100 रुपए, हरनाम सिंह, भजन सिंह, ओंकार सिंह, रशपाल सिंह ने सहयोग दिया।

---

**गुड न्यूज** सुधीर शार्मा में वास्तविक समय पेयजल गुणवत्ता निगरानी प्रणाली का किया शुभारंभ

## धर्मशाला के लोगों को जल्द मिलेगा स्वच्छ पानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि लोगों को शुद्ध तथा स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं तथा धर्मशाला तथा चामुंडा धाम सहित विभिन्न पर्यटक गंतव्यों पर पेयजल गुणवत्ता निगरानी प्रणाली के तहत 25 प्वाइंट विकसित किए जाएंगे।

विधायक सुधीर शर्मा ने बुधवार को धर्मशाला में 18-18 लाख की लागत से शहीद स्मारक तथा डीआरडीए के समीप वास्तविक समय पेयजल गुणवत्ता निगरानी प्रणाली स्कीम का शुभारंभ किया। विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि जल प्रदूषण वर्तमान एक बहुत बड़ी चुनौती तथा लोगों को स्वच्छ जल प्राप्त हो इस के लिए धर्मशाला में पेयजल गुणवत्ता निगरानी प्रणाली को विकसित किया जा रहा है। अगर प्रयोग सफल रहा तो अन्य जगहों पर भी इसी तरह से पेयजल सप्लाई सुनिश्चित की जाएगी। विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में पेयजल की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नाबार्ड के तहत ही 80 करोड़ पेयजल तथा सिंचाई योजनाएं मंजूरी के लिए भेजी गई हैं,जबकि 28 करोड़ की तीन सिंचाई योजनाओं स्वीकृत करवाई जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत 32 करोड़ की 15 योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं ताकि लोगों को बेहतर पेयजल की सुविधा मिल सके। विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि 100 लीटर प्रतिव्यक्ति प्रति दिन के आधार पर ही पेयजल योजनाओं का निर्माण किया जाएगा, ताकि प्रत्येक व्यक्ति को पानी उपलब्ध हो सके।



वास्तविक समय पेयजल गुणवत्ता निगरानी प्रणाली स्कीम का शुभारंभ करते धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा।

## गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल धर्मशाला बनेगा मॉडल विद्यालय



कार्यक्रम के दौरान छात्रों को टैबलेट बांटते विधायक सुधीर शर्मा।

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि राजकीय गर्ल्स वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मशाला को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस के लिए आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी।

बुधवार को राजकीय गर्ल्स वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मशाला के वार्षिक उत्सव में विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए व्यापक स्तर पर सुधार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है तथा इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इससे पहले प्रधानाचार्य ममता ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कि स्कूल की वार्षिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा मुख्यातिथि ने सत्तर मेधावी बच्चों को टैब्स देकर सम्मानित किया।

## हर हाथ अनंत ज्ञान


मोहल्ला कश्मीरी निवासी अमन मिर्जा अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


चंबा निवासी तनवीर मिर्जा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


चंबा मुख्यालय निवासी रीना अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुई।


पंचायत तीसा निवासी सारा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुई।


चौगान वार्ड निवासी ईशा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुई।


चंबा निवासी रजनीश सेठ अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### कीड़ी-ग्वाड़ में आज सुनेंगे समस्याएं

**चंबा।** सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत चंबा विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान लोगों की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ प्रदेश सरकार के एक वर्ष के जनहितकारी कार्यों से लोगों को अवगत करवाएंगे। सदर विधायक चंबा नीरज नैय्यर ने बताया कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र की मजबूती के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए ढांचागत विकास तथा सड़क नेटवर्क को भी मजबूती प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जनता की समस्याओं के निदान और लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने तथा उनका लाभ सुनिश्चित बनाने के लिए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम का पहला चरण 12 फरवरी तक चलेगा। इसी कड़ी में चंबा विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड मैहला के तहत 11 जनवरी को सुबह 11 से 1 बजे तक ग्राम पंचायत कीड़ी अठलूई ग्वाड़, सराहना में तथा दोपहर दो बजे बाद वन विश्राम गृह साहू में ग्राम पंचायत प्लयूर, पधरसाहू, रजिंडू प्रोथा, कुरैणा के निवासियों की समस्याएं सुनी जाएगी।

### तीसा में 12 युवाओं को मिली नौकरी

**तीसा।** जिला रोजगार उप कार्यालय तीसा परिसर में जिला रोजगार अधिकारी चंबा अरविंद सिंह चौहान की अध्यक्षता में रोजगार साक्षात्कार का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी चंबा अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों के 274 पदों को भरने के लिए ईवान सिक्योरिटी फंक्शंस प्राइवेट लिमिटेड शिमला द्वारा जिला चंबा के उपकार्यालय तीसा परिसर में साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस साक्षात्कार में 16 युवाओं ने भाग लिया और कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा 12 युवाओं का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के दौरान चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को 12 हजार से लेकर 25 हजार तक मासिक वेतन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोजित साक्षात्कार से पूर्व युवाओं का करियर को लेकर मार्गदर्शन व श्रम एवं रोजगार विभाग के विभिन्न योजनाओं से भी अवगत करवाया गया है।

### अमित मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**भरमौर।** भरमौर के गरीमा के फनार चोकली में अमित मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को किया गया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नवीन ठाकुर व उपप्रधान ग्राम पंचायत गरीमा तेज सिंह नागला ने किया। इस टूर्नामेंट के आयोजन विवेक चाडक ने बताया है कि हर्ष वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमित मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हो गया है। उन्होंने कहा है कि इस प्रतियोगिता में करीब दो दर्जन से अधिक टीम में भाग लेंगी। टूर्नामेंट में जो विजेता टीम होगी उसे 8100 नकद इनाम के साथ मोमेंटो भी दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर आने वाली टीम को 6100 के साथ-साथ स्मृति चिन्ह दिया जाएगा।

### भरियां स्कूल में बच्चों ने मनाई लोहड़ी

**चंबा।** राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला भरियां में लोहड़ी पर्व का आयोजन किया गया। पाठशाला स्टाफ में अध्यापक मनोज गुप्ता, नंदिनी, सरस्वती, मल्टी टास्क वर्कर ओम प्रकाश और मिड-डे मील वर्कर कमला देवी ने लोहड़ी पर्व के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। लोहड़ी पर्व पर प्राचीन संस्कृति के तहत स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा पाठशाला के आस-पास स्थित घर-घर जाकर लोहड़ी गाई गई। गांव के लोगों द्वारा इस प्रयास को बहुत सराहा गया। विद्यालय में वापस आकर सभी विद्यार्थियों द्वारा लोहड़ी जलाकर उसका पूजन किया गया। इस दौरान अग्नि में आहुति डाली व बच्चों ने अलग-अलग नृत्य की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों में मिहिका, नंदिनी, नितिन, काव्या, कृति, अधर्व, गीतिका, नियति, मृत्युंजय, कौशिक, निशांत, सायरा, मधुबाला, अभीर और परिनिधि ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला भरियां के विद्यार्थियों, शिक्षकों सहित स्थानीय लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### आरकेएस को मिलेंगे साढ़े आठ करोड़

**चंबा।** पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा में रोगी कल्याण समिति की तीसरी बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल और स्वास्थ्य सचिव एम सुधा देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें चंबा सदर विधायक नीरज नैय्यर विशेष रूप से उपस्थित रहे। जबकि मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा प्राचार्य डॉ. एसएस डोगरा समस्त स्टाफ के संग मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री शांडिल ने विभिन्न पहलूओं व योजनाओं सहित चंबा की आवश्यकताओं को लेकर रखी गई मांगों पर जहां विस्तार पूर्वक चर्चा की, वहीं रोगी कल्याण समिति 2023-2024 के वार्षिक बजट को लगभग साढ़े आठ करोड़ तक कर दिया। बैठक में आरकेएस के तहत कार्यरत कर्मचारियों की सेवाओं को आगे जारी रखने के लिए विधायक नीरज नैय्यर के द्वारा अपनी बात रखी गई। वहीं मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम सेवा को 24 घंटे करने के लिए भी विधायक नीरज नैय्यर ने प्रस्ताव रखा।

### बाल स्कूल चंबा में एनसीसी का विशेष सत्र

**चंबा।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा के एनसीसी कैडेट्स के लिए आर्मी बटालियन डलहौजी नौ एचपी एनसीसी के स्टाफ सूबेदार कुमार घाले व हवलदार अश्वनी कुमार की ओर से एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा एनसीसी इंचार्ज व सीटीओ प्रवक्ता भूगोल धीरज सिंह ठाकुर ने डलहौजी से आए हुए स्टाफ का पूर्ण सहयोग किया। एनसीसी इंचार्ज व सीटीओ प्रवक्ता भूगोल धीरज सिंह ठाकुर ने बताया कि इस सत्र में एनसीसी के ए प्रमाण पत्र के सिलेबस समेत परीक्षा में पूछे जाने वाले सवालों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों की 11 फरवरी को एनसीसी के ए सर्टिफिकेट के लिए परीक्षा राजकीय महाविद्यालय चंबा में आयोजित होगी। इस परीक्षा से संबंधित ओएमआर शीट में वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर किस तरह से देने हैं, इस बारे में विस्तार से बताया गया। किस प्रारूप में परीक्षा में प्रश्न पूछे जाएंगे।

# सुरंगानी-बनीखेत में धरना

## एनएचपीसी के ठेका मजदूरों ने मांगें मनवाने के लिए खोला मोर्चा

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

राष्ट्रीय एनएचपीसी वर्कर्स समन्वय समिति के आह्वान पर एनएचपीसी के ठेका मजदूरों की मांगों को लेकर बैरा स्यूल प्रशासनिक भवन सुरंगानी एवं क्षेत्रपालक कार्यालय बनीखेत में धरना-प्रदर्शन किया गया।

बताते चलें कि एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के ठेका मजदूर एवं बैरास्युल के ठेका मजदूरों ने एनएचपीसी प्रबंधन व सरकार की मजदूर विरोधी ठेका प्रथा, आउटसोर्स नीति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लंबे समय से ठेका मजदूर पत्राचार के माध्यम से एनएचपीसी प्रबंधन को अपनी मांगों के बारे में चेताते आए हैं, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की तथा बुधवार को मजबूरन प्रदर्शन करना पड़ा। वर्कर्स यूनियन की मांग है कि श्रम कानूनों को सख्ती के साथ लागू किया जाए, फैक्टरी एक्ट जिसे सीमित दायरे में रखा गया है उसे पूरे प्रोजेक्ट में काम कर रहे ठेका मजदूरों के लिए लागू किया जाए, ठेका मजदूरों को नियमित करने के लिए ठोस नीति बनाई जाए, नियमित कर्मचारियों की तरह हर सुविधा दी जाए, समान काम समान वेतन दिया जाए। मजदूरों ने कहा कि हम 15 से 20 सालों से ठेके पर काम कर रहे हैं और प्रबंधन मजदूरों का शोषण कर रहा है। प्रोजेक्ट में श्रम कानूनों की अनदेखी होती है। इस प्रदर्शन के माध्यम से हम चेताना चाहते हैं की समय रहते मांगों पर गौर किया जाए अन्यथा यह आंदोलन अपनी दिशा बदल लेगा जिसके लिए एनएचपीसी प्रबंधन व सरकार ही जिम्मेदार होगा। (अंनत ज्ञान)


मांगें मनवाने के लिए बुधवार को धरना-प्रदर्शन करते मजदूर।

### ये रहे शामिल

धरने में सीटू जिला कमेटी के प्रधान नरेंद्र , बनीखेत वर्कर यूनियन प्रधान सतीश कुमार, बैरा स्यूल प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के प्रधान चमन सिंह, महासचिव धर्म चंद, कुशल ठाकुर, लोक राम, सुरेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र सिंह, पवन कुमार,चैन सिंह, बलविंद्र ठाकुर सहित 200 ठेका मजदूरों ने भाग लिया।

# छठे वेतनमान की किस्तों का भुगतान न करने पर रोष


बैठक के दौरान मौजूद भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ चंबा इकाई के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ चंबा इकाई की बैठक का आयोजन इकाई के प्रधान अशोक शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में प्रदेश संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. डीके सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पेंशनरों की प्रमुख मांगों पर विस्तृत चर्चा हुई। जिसमें सभी वक्ताओं ने छठे वेतनमान की बकाया राशि 12 फीसदी महंगाई राहत की किस्तों का अभी तक भुगतान नहीं किए जाने पर भारी रोष प्रकट किया तथा सरकार की कड़ी आलोचना की गई तथा इसका तुरंत भुगतान किए जाने की मांग की गई। भुगतान न किए जाने को लेकर संघ ने 26 दिसंबर 2023 को सरकार को एक महीने का नोटिस जारी किया है। यदि सरकार इस अवधि में पेंशनरों की देय राशि का भुगतान नहीं करेगी तो संघ अपने सभी सहयोगी संगठनों के साथ प्रदेश में धरने व प्रदर्शन करेगा। बैठक में वजीर सिंह यादव, अशोक महाजन, देवेंद्र वगलवान, लोकिंद्र शर्मा, पृथ्वी सिंह, लेखराज धीमान, जरम सिंह ठाकुर, धर्म चंद ठाकुर, प्रमोद शर्मा, रोशन लाल शर्मा, ओम प्रकाश गुलेरिया, जगदीश, कुलदीप सिंह, राम लोक, हमिद्र शर्मा, अशोक गौतम आदि मौजूद रहे।

# कांधी से मिंद्रा संपर्क मार्ग पर बंद रहेगी आवाजाही

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**सुबह 11 बजे से 12 बजे और दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक रहेगा प्रतिबंध**

भरमौर उपमंडल के तहत एनएच लूना से खड़ामुख के बीच संपर्क मार्ग कांधी से मिंद्रा का निर्माण कार्य प्रगति पर है। कटाई के काम के दौरान इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि चट्टानें लूना से खड़ामुख के बीच एनएच 154 ए की ओर अनियंत्रित रूप से लुढ़क सकती हैं।

लिहाजा जिला दंडाधिकारी चंबा अपूर्व देवगन ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 117 के निहित और इस संबंध में अधिसूचित शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किए हैं कि निर्माण कार्य को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए 10 से 31 जनवरी 2024 तक सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे और दोपहर तीन से शाम पांच बजे के दौरान वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। आदेश में उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि आपातकालीन वाहनों और आवश्यक आपूर्ति वाहनों को चलने की अनुमति रहेगी और उक्त सड़क पर काम के दौरान जनहित के मामलों में कोई बाधा नहीं होगी। आदेश की अनुपालना सुनिश्चित बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक चंबा व उपमंडल अधिकारी नागरिक भरमौर तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी निर्देशित किया है।



### वेतन के लिए तरसे होमगार्ड जवान

**डलहौजी।** हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों में कानून व्यवस्था , रात्रि गश्त सेवा, यातायात व्यवस्था एवं अन्य सुरक्षा गार्द में तैनात होमगार्ड जवानों को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिला है। इससे होमगार्ड जवानों को अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश के राज्य अध्यक्ष जोगिंद्र सिंह चौहडिया ने दी। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर से रोजाना होमगार्ड जवानों के द्वारा फोन पर वेतन नहीं मिलने बारे व वेतन दिलाने के अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने सरकार व विभागों से अनुरोध किया है कि होमगार्ड जवानों को शीघ्र उन का वेतन प्रदान करने की कृपा करें ताकि वे अपने घर का खर्च बच्चों की फीस व बूढ़े मां-बाप की दवाई ले सकें और उन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े।



# स्कूल कार्य की कॉपी न लाने पर शिक्षक ने की छात्र की पिटाई

## प्राथमिक पाठशाला द्रबला का मामला, आंख में आई चोट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

देव भूमि हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा के प्राथमिक पाठशाला द्रबला में शिक्षक की विद्यार्थी पर क्रूरता देखने को मिली है। जिसमें शिक्षक द्वारा स्कूल कार्य की कॉपी स्कूल में न लाने को लेकर मासूम विद्यार्थी की क्रूरता से पिटाई कर डाली। जिसमें विद्यार्थी के चेहरे पर चोटें आई हैं।

गौर हो कि प्राथमिक पाठशाला द्रबला में एक शिक्षक ने दूसरी कक्षा के विद्यार्थी की बेरहमी से पिटाई कर दी। जिससे विद्यार्थी का दोष महज इतना था कि वह स्कूल कार्य की कॉपी स्कूल में नहीं लाया था। जिसका संज्ञान होते ही शिक्षक ने न आंव देखा न तांव और बस मासूम विद्यार्थी पर अपने गुस्से का प्रहार करता चला गया। जिसमें मासूम विद्यार्थी की आंख में गहरी चोट आने सहित वहां सूजन हो गई है। वहीं पीड़ित विद्यार्थी के अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन व शिक्षक पर लापरवाही सहित क्रूरता का परिचय देने का आरोप लगाया है। हालांकि यह बात फैलते ही पंचायत प्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर मासूम विद्यार्थी के अभिभावकों एवं शिक्षक के साथ समझौता करने की कोशिश का प्रयास देर शाम तक किया गया, लेकिन पंचायत प्रतिनिधियों व स्कूल प्रबंधन का समझौते को लेकर किया गया प्रयास बेनतीजा रहा। शिक्षक की इस हरकत से गुस्साएं पिता ने शिक्षा विभाग से अपनी शिकायत दर्ज करवाने सहित उचित कार्रवाई की मांग की है।

इस सदर्भ में प्रारंभिक शिक्षा कार्यकारी निदेशक चंबा सूर्यकांत ने बताया कि प्राथमिक पाठशाला द्रबला में शिक्षक के खिलाफ विद्यार्थी को बेहरमी से पीटने की शिकायत मिली है। जिसके तहत विभागीय अधिकारियों व स्कूल प्रबंधन को जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच के बाद आरोपी शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


द्रबला स्कूल का पीड़ित विद्यार्थी।

# एलआईसी ऑफ इंडिया के एडवाइजर सुनील कुमार बने एमडीआरटी

## लगातार चौथी बार शतकवीर बनकर बनाया रिकॉर्ड

**एमएम डैनियल, चंबा**

चंबा शहर के सुनील कुमार एलआईसी जिला के चौथी बार शतकवीर और तीसरी बार एमडीआरटी बने हैं। जिसके तहत प्रबंधन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सुनील कुमार व उनके परिवार को सम्मानित किया गया। जोनल मैनेजर सुनील कुमार ने बताया कि गत चार वर्षों से एलआईसी ऑफ इंडिया के एडवाइजर के तौर पर कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एलआईसी में एमडीआरटी बनने के लिए कुछ लक्ष्य निर्धारित हैं जिन्हें पूरा करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि वह कुछ समय से एलआईसी के साथ एक एजेंट के तौर पर जुड़े। जिसके पश्चात वह कंपनी प्रबंधन की ओर से मिले लक्ष्यों के तहत दिन-रात कार्य में जुटे रहे। जिसकी बदौलत इस उपलब्धि पर निकट भविष्य में विदेशों में होने वाली कॉन्फ्रेंस में भाग लेने का अवसर मिलेगा। जबकि अब हर वर्ष विदेशी अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्थानों पर आयोजित सेमिनार में भाग के सुअवसर भी प्राप्त होंगे।

एलआईसी में सलाहकार प्रसिद्ध मिलियन डॉलर राउंड टेबल के लिए भी अर्हता प्राप्त कर सकते हैं, जो एक विशेष अंतरराष्ट्रीय बीमा सलाहकार क्लब है। उन्होंने कहा कि एलआईसी देश के लोगों को उनके जीवन की सुरक्षा प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रही है। देश के आर्थिक विकास में इनका भरपूर सहयोग रहा है। जोनल मैनेजर सुनील कुमार ने कहा कि जीवन बीमा के क्षेत्र में बड़ी संख्या में निजी क्षेत्र की कंपनियां एवं डाक विभाग जैसे सरकारी विभाग भी तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। (अंनत ज्ञान)



एलआईसी ऑफ इंडिया के एडवाइजर सुनील कुमार परिवार के साथ।

### जपाईगो संस्था स्वास्थ्य विभाग मिलकर करेंगे काम

**चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा और जपाईगो संस्था के सयुंक्त तत्वावधान में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम सिंह भारद्वाज की अध्यक्षता में एक दिवसीय बोर्न हेल्थ विषय पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकरी और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज करवाई। जिला स्वास्थ अधिकारी डॉ. जालम सिंह भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और जपाईगो संस्था द्वारा जिला चंबा में एंटीनेटल केयर को बेहतर करने और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमता को जपाईगो संस्था स्वास्थ्य विभाग के साथ मिल के कार्य करेगी। जिससे उच्च जोखिम बाली महिलाओं के प्रसव और उनकी देखभाल करने में सहायता मिलेगी जिससे मातृ मृत्यु दर को कम करने और और नवजात शिशुओं की देख भाल की बेहतर सुविधा मिलेगी।

# 596 बैंक प्रभार सृजन के मामलों में से 537 का निपटारा किया


जिला स्तरीय बैंक समिति एवं राजस्व अधिकारियों की बैठक में उपस्थित उपायुक्त चंबा अपूर्व देवगन व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला स्तरीय बैंक समिति एवं राजस्व अधिकारियों की बैठक उपायुक्त चंबा अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला की समस्त तहसील उपतहसीलों में बैंक प्रभार सृजन (कृषि ऋण) से संबंधित समस्त मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि नवंबर व दिसंबर माह 2023 के दौरान जिला में कुल 596 बैंक प्रभार सृजन के मामलों में से 537 का निपटारा किया गया। उपायुक्त ने समस्त बैंक अधिकारियों व राजस्व अधिकारियों को बैंक प्रभार सृजन के शत प्रतिशत मामले ऑनलाइन माध्यम से अग्रेषित करने के निर्देश दिए ताकि किसानों के ऋण संबंधी आवेदन अविलंब निष्पादित हो सकें। बैठक में जिला राजस्व अधिकारी जगदीश सहित जिला के समस्त बैंक अधिकारियों ने भाग लिया।

### समय-समय पर करवाएं अपनी शारीरिक जांच

**चंबा।** कृषि विज्ञान केंद्र प्रशिक्षण संस्थान सरू में किसानों के लिए एचआईवी जागरूकता के तहत एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी की अध्यक्षता में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित किसानों को जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी ने एड्स कंट्रोल सोसायटी चंबा द्वारा किए जा रहे कार्य के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति को समय-समय पर अपनी शारीरिक जांच करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी तक जिले मे गर्भवती स्त्रियों की एचआईवी जांच विशेष रूप से की जाती है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर आईसीटीसी चंबा, भरमौर, किहार और चुवाडी में एचआईवी की जांच निशुल्क करवा सकते हैं। जिस की जानकारी विभाग द्वारा गोपनीय रखी जाती है।

**उद्घाटन** 72 लाख से हुआ निर्माण, विस अध्यक्ष ने किया लोकार्पण

# उपकोषागार कार्यालय सिहुंता को मिला भवन

**अनंत ज्ञान, सिहुंता**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बुधवार को टुंडी-धरुं संपर्क मार्ग के उन्नयन कार्य का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि टुंडी-धरुं संपर्क मार्ग के उन्नयन कार्यों पर 6 करोड़ 85 लाख की धनराशि व्यय होगी। उन्होंने कहा कि इस संपर्क मार्ग के निर्माण कार्यों को समयबद्ध सीमा के भीतर पूर्ण कर लोगों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। कुलदीप सिंह पठानिया ने इससे पहले 72 लाख की राशि से नवनिर्मित उपकोषागार कार्यालय सिहुंता के भव्य भवन का लोकार्पण भी किया। उन्होंने बताया कि कार्यालय भवन में आवास सुविधा का प्रावधान भी रखा गया है। जिससे यहां कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर आवास की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग दिवाकर पठानिया, तहसीलदार सिहुंता सुरेंद्र कुमार, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग हर्षपुरी, कोषाधिकारी राजीव शर्मा सहित क्षेत्र के पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



नवनिर्मित उपकोषागार कार्यालय सिहुंता के भव्य भवन का उद्घाटन करते विधानसभा अध्यक्ष।

### भराड़ी और छोंटलु में किया जाएगा वर्षाशालिका का निर्माण

**सिहुंता।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में बुधवार को राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टुंडी का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। इस दौरान उन्होंने स्कूल के होनहारों को इनाम बांटे। विधानसभा अध्यक्ष ने स्कूल भवन के निर्माण को लेकर आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाने के साथ खेल मैदान का निर्माण, बास्केटबॉल कोर्ट बनाने की घोषणा की तथा टुंडी कस्बे में एटीएम खोलने, भराड़ी और छोंटलु में वर्षाशालिका निर्माण का आश्वासन भी दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने स्कूल के सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 30 हजार की धनराशि देने की भी घोषणा की।

### राजस्व मामलों का शीघ्र समाधान किया जाए

**चंबा।** राजस्व संबंधी लंबित मामलों के शीघ्र समाधान के लिए उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्था सुनिश्चित बनाएं। ये निर्देश उन्होंने उपायुक्त कार्यालय के सभागार में राजस्व अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उन्होंने सभी उपमंडलों के एसडीएम को लोगों की समस्याओं के समाधान में विशेष प्राथमिकता रखने को भी कहा। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में निशानदेही मामलों, तकसीम कब्जा नाजायज, इन्तकाल, जमाबन्दी नवीनीकरण, राजस्व भवनों के निर्माण एवं मुरम्मत कार्यो, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत वकाया विभिन्न घटकों, स्वामित्व योजना, कृषि गणना, वसूली, पुस्तकालय निर्माण,का नवीकरण व कृषि गणन आदि पर भी चर्चा की गई।

# जोनल अस्पताल में लैंस नहीं ऑपरेशन करने पड़े स्थगित

## आंखें चेक करने वाली मशीन खराब, मरीजों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



जोनल अस्पताल मंडी में आंखों के ऑपरेशन के लिए मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्पताल द्वारा आंखों के ऑपरेशन के लिए तिथि निर्धारित करने के पश्चात जब मरीज दाखिल होता है तो एक स्कैनिंग मशीन से यह पता लगाना होता है कि आंखों में किस नंबर का लेंस डाला जाना, लेकिन यह मशीन काफी समय से खराब है। ऐसे में मरीज को यहां सरकारी अस्पताल में दाखिल होने के पश्चात इस टेस्ट के लिए निजी क्लीनिक में भेजा जा रहा है। वहां पर महंगी दरों से यह टेस्ट किया जा रहा है। यह भी पता चला है कि जिस निजी संस्थान में यह टेस्ट किया जा रहा है उसके संचालक मरीजों को यह कह कर अपने संस्थान में ही ऑपरेशन के लिए तैयार कर रहे हैं कि जब सरकारी अस्पताल में आंखों को चेक करने की मशीन ही ठीक नहीं है तो पता नहीं ऑपरेशन भी ठीक करेंगे या नहीं। निजी संस्थान का स्टाफ मरीज को यह भरोसा भी देते हैं कि यदि आपके पास हिमकेयर कार्ड हो तो उनका ऑपरेशन निशुल्क या सस्ता होगा। ऐसे में कई मरीज उनकी बातों में आकर वहीं पर ऑपरेशन करवा रहे हैं। बुधवार को कुछ मरीजों को इसलिए अपना आंखों का ऑपरेशन स्थगित करवाना पड़ा क्योंकि अस्पताल में 18 नंबर से कम नंबर के लैंस ही उपलब्ध नहीं थे। वैसे भी यह अस्पताल विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है। हालांकि अस्पताल के नेत्र अनुभाग में इस समय चार नेत्र विशेषज्ञ उपलब्ध है लेकिन नेत्र मरीजों की कतार सरकारी अस्पताल के बजाय निजी अस्पताल की ओर बढ़ती जा रही है। यह भी पता चला है कि मशीन से संबंधित कंपनी ने इस मशीन को मरम्मत योग्य न होने का प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि इस बारे में विभाग के उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है।

## विकास योजनाओं पर की गई चर्चा

**पधर।** पंचायत समिति द्रंग की साधारण त्रैमासिक बैठक समिति अध्यक्ष शीला ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति के कार्यकारी अधिकारी एवं विकास खंड अधिकारी विनय चौहान, पंचायत निरीक्षक, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। इस दौरान विकास खंड में विभिन्न विकासात्मक कार्यों के बारे विस्तार से चर्चा की गई। पंचायत समिति उपाध्यक्ष कृष्ण भोज ने बताया कि पंचायत समिति की बैठक में बुधवार को पंचायतों के विकास कार्य में गति देने के बारे में और पिछले सेल्फ के बारे में चर्चा की और साथ ही अगले वित्त वर्ष के बजट के बारे में भी बताया। इसके अलावा सदस्यों ने बिजली, सिंचाई ,स्वास्थ्य ,शिक्षा , मनरेगा योजना,नल-जल,सड़क, पुल पुलिया समेत अन्य मुद्दों पर विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की।

# डंगा तो लगाया पर नहीं लगाई रेलिंग

## थनहेड़ा मोहल्ले में जान जोखिम में डालकर गुजर रहे लोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



जान को जोखिम में डालकर डंगे को पार करते लोग।

नगर निगम मंडी के थनहेड़ा मोहल्ले में लोग जान को जोखिम में डालकर रास्ता आर पार कर रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि रेलिंग न होने से यहां कभी भी हादसा हो सकता है। इसको लेकर लोगों ने डंगे के ऊपर रेलिंग लगाने की मांग की है। नागरिक सभा मंडी के प्रवक्ता नीरज हांडा ने बताया कि बरसात के समय विश्वकर्मा मंदिर के ऊपर से गुजरने वाला रास्ता गिर गया था, जिसको हाल ही में लोक निर्माण विभाग द्वारा डंगा लगाकर सुरक्षित करने का प्रयास तो किया पर यहां पर रेलिंग नहीं लगाई गई।

जिसके चलते यहां से गुजरने वाले लोगों के साथ कभी भी हादसा हो सकता हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर रात के समय स्ट्रीट लाइट की भी सुविधा नहीं है, जिसके चलते यहां से रात के समय गुजरना खतरे से खाली नहीं हैं। नीरज हांडा ने बताया कि यह रास्ता लगभग तीन वार्डों को आपस में जोड़ता है। इसी रास्ते से लगभग पांच से छह हजार लोगों का रोजाना आना जाना है, जिसके चलते उन्होंने नगर निगम और जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि इस रास्ते में स्ट्रीट लाइट व रेलिंग लगाकर इसको सुरक्षित किया जाए। उनका कहना है कि यदि यहां से कोई नीचे गिरता है तो वह सीधा विश्वकर्मा मंदिर ही पहुंचेगा। आने वाले समय में कोई हादसा न हो उससे पहले नगर निगम मंडी व जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई हैं कि नगर निगम मंडी जल्द यहां पर लोगों की सुविधा के लिए कार्य करेगा।

वहीं स्थानीय लोगों ने भी यहां पर जल्द रेलिंग व स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की हैं। नगर निगम मंडी के महापौर ने बताया कि नगर निगम आयुक्त द्वारा उपायुक्त मंडी के समक्ष डंगे के लिए बजट की मांग रखी है, जैसे ही बजट का प्रावधान होगा तो कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### महादेव स्कूल में स्वयंसेवियों ने सीखा योग



महादेव स्कूल में प्रशिक्षक के साथ एनएसएस के स्वयंसेवी।

**महादेव।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला महादेव में चल रहे एनएसएस शिविर में आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक राजेंद्र कुमार, अमर सिंह और रीता कुमारी द्वारा प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम और ध्यान की क्रियाएं सिखाई गई। चार से 10 जनवरी तक चलने वाले इस शिविर के दौरान प्रतिभागियों को तनाव मुक्त जीवन जीने, संतुलित भोजन करने, फास्ट फूड और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कृष्ण चंद, उपप्रधानाचार्य राजेश सैनी, कार्यक्रम अधिकारी ललिता कुमारी, जगदीश कौशल, गोपाल चंद व स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

### सुंदरनगर में कल होगा कवि सम्मेलन

**मंडी।** लोहड़ी के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को प्रातः 11 बजे सुंदरनगर के देहरी स्थित वृद्धाश्रम के हाल में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें मंडी व सुंदरनगर के कवि भाग लेंगे। आयोजक संस्था हिम साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. पीसी कौंडल ने बताया कि सुंदरनगर के एसडीएम गिरीश सुमरा सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन स्थल देवी महामाया मंदिर के समीप है।

### निशांत ने पर्स लौटाकर दिखाई ईमानदारी



पर्स के मालिक को पर्स लौटाते निशांत।

**नरेश चौक।** पंजाब नेशनल बैंक की शाखा नरेश चौक, सुंदरनगर में कार्यरत मुख्य खजांची निशांत परमार ने 20 हजार रुपए से भरा हुआ पर्स उसके असली मालिक को लौटा कर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निशांत परमार को यह पर्स बैंक के एटीएम में मिला जिसे वहां कोई भूल गया था। उन्होंने पर्स को चेक किया तो उसमें एक कागज पर असली मालिक का नाम व फोन नंबर लिखा था। फोन करने पर पता चला कि पर्स के मालिक बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर के रविंद्र हैं। उसके पश्चात यह पर्स उसमें मौजूद राशि समेत मालिक रविंद्र को वापस कर दिया। उनकी ईमानदारी की सभी प्रशंसा कर रहे हैं।

### कृतिका-हेमपुष्पा का एसजीएफआई में चयन



एसजीएफआई के लिए चयनित छात्राएं प्रधानाचार्य व कोच के साथ।

**चैलचौक।** डीएवी की अंडर-14 आयु वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में कृतिका और हेमपुष्पा ने स्वर्ण पदक जीत कर क्षेत्र व स्कूल का नाम रोशन किया है। इन्होंने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में अपना स्थान पक्का किया है। अंडर-14 खो-खो प्रतियोगिता में मन्नत और वृतांगिनी ने रजत पदक हासिल किया। अंडर-17 बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भूमिका ने रजत पदक जीता और सीरत ने भी बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-17 खो-खो प्रतियोगिता में उर्वशी, देवांगना, कविता, लिपाक्षी और लिवेशा ने भी अपना शानदार प्रदर्शन दिखाया। डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर के प्रधानाचार्य चंद्रेश्वर कुमार शर्मा ने बताया कि हरियाणा, गाजियावाद में हुई प्रतियोगिताओं में स्कूल के खिलाड़ी छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस कारण उनका चयन अब एसजीएफआई के लिए हुआ है।

### विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में बुधवार को क्लस्टर स्तरीय वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जीवन सिंह ठाकुर थे। समारोह में केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर,राजकीय माध्यमिक पाठशाला पाली शासन, राजकीय माध्यमिक पाठशाला धरून के विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार वितरित किए। पाठशाला के स्टाफ व छात्राओं की तरफ से 11000 रुपए मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दान दिए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि कन्या पाठशाला हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल कर रही है। उन्होंने पूरे स्टाफ व प्रधानाचार्य को इसके लिए बधाई दी। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को नशे से दूर रहना चाहिए। नशा समाज को खोखला कर देता है। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों की बहुत तारीफ की।

### किसानों को नैनो यूरिया की जानकारी दी

**बलद्वाड़ा।** मंडी के खुड्डला सहकारी समिति में सरकाघाट तहसील के फसलों का उत्पादन करने वाले प्रगतिशील किसानों के लिए किसान सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से कृषि अधिकारी रूप सिंह, समिति के सचिव कश्मीर सिंह, इफको क्षेत्र अधिकारी रोहित गलोटिया वह एसएफए मोहित गुप्ता, धर्मेंद्र ठाकुर विशेष रूप से शामिल रहे। जिसमें रोहित गलोटिया जी ने विश्व प्रथम निर्मित इफको नैनो यूरिया तरल व नैनो डीएपी तरल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नैनो यूरिया आधुनिक तकनीक द्वारा निर्मित एक तरल उत्पाद है और आम यूरिया खाद का एक पर्यावरण हितैषी विकल्प है।

### ठाकुर कौल सिंह के कार्य सराहे

**मंडी।** जब हिमाचल में चार मेडिकल कॉलेज की बात आती है तो कौल सिंह ठाकुर का नाम आता है और शहर में 24 घंटे पानी की बात आई तो कौल सिंह ठाकुर ने अपने विधानसभा क्षेत्र से पानी उठाकर मंडी शहर की जनता को दिया। ठाकुर कौल सिंह के काम करने के तरीके की सराहना स्व. राजा वीरभद्र भी करते थे। यह बात कांग्रेस नेत्री चंपा ठाकुर ने बाल स्कूल मंडी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान कही। बता दें कि बुधवार को राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया।

### महिलाओं को दिया व्यावसायिक प्रशिक्षण

**मंडी।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित संकल्प योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसायिक विकास संस्थान द्वारा सहेली पंचायत की महिलाओं को डीपी एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम 15 दिवसीय कार्यक्रम चलाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आठ जनवरी को हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अवनीश मिश्रा, कंसलटेंट ईडीआई तथा सहेली पंचायत प्रधान हरीश राणा द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### किसान मोर्चा द्रंग की कार्यकारिणी का विस्तार

**पधर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्रंग मंडल ने विधायक पूर्ण चंद ठाकुर व मंडल अध्यक्ष मेहर चंद भारती से विचार-विमर्श कर अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। किसान मोर्चा द्रंग मंडल के अध्यक्ष कौल सिंह ने बताया कि शंकर दास टकोली, यशवंत सिंह टांडू, सीता राम कटोला, नाग राम कुन्नू तथा चंद्र प्रकाश सनवाड़ को उपाध्यक्ष, गुड्डू राम बागी तथा विनय शर्मा पधर को महामंत्री, भगत राम शेगली, रक्षा राम लपास, इंद्र सिंह जिलहन, नागेंद्र सिंह बाबली, प्रकाश लचकंडी, हेत राम चेहटीगढ़, शारदा नंद शर्मा नगवाई तथा महेश ठाकुर नवलाय को सचिव, चीना लाल घ्राण कोषाध्यक्ष, बलबीर मीडिया प्रभारी, हेमराज धार सोशल मीडिया प्रभारी, राज कुमार आई टी शेल प्रभारी तथा लेख राम, राम सिंह, भादर सिंह, पाल सिंह, ध्यान सिंह, नेत्र सिंह, शेर सिंह, संगत राम, हरी सिंह, सूरजमणि, हेम सिंह, नथु राम, गुलाब सिंह, शेर सिंह, सुरेश कुमार, संजय, गुड्डू तथा लुदरमनी को सदस्य चुना गया।

# पीडब्ल्यूडी मंत्री को बताई धन्यारा सड़क की समस्या



लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य के साथ अभिषेक ठाकुर व अन्य।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर से युवा नेता, पूर्व प्रत्याशी एवं समाजसेवी अभिषेक ठाकुर ने बुधवार को लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के साथ भेंट की। इस दौरान अभिषेक ठाकुर ने विधानसभा क्षेत्र के अति दुर्गम क्षेत्र की ग्राम पंचायत धन्यारा के लोगों की सड़क की समस्या को लेकर पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह से बात की। अभिषेक ठाकुर ने उन्हें इस दुर्गम इलाके में सड़क सुविधा से वंचित होने के कारण आने वाली विभिन्न परेशानियों से अवगत कराया। इसके साथ उन्होंने नेरी से बाड़ू को बन रही सड़क को वाया समैली-समौल, बाड़ू, बदेहच चौरी आदि गांवों से होकर बनाने के लिए भी आग्रह किया। अभिषेक ठाकुर ने कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों को किसी बीमार या अन्य परिस्थिति में लगभग 10 से 15 किलोमीटर पैदल या पालकी में उठाकर न ले जाना पड़ेगा। मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने उन्हें आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार समस्याओं को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान पदमाराम, शालिग्राम, सोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

### गाली-गलौज करने पर मामला दर्ज

**सुंदरनगर।** उपमंडल के सलापड़ क्षेत्र की एक महिला ने ससुर पर गाली-गलौज व गंदी हरकत करने की कोशिश को लेकर थाना सुंदरनगर में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार महिला ने प्राथमिकी में कहा है कि उसका ससुर रोशन लाल उसके साथ गाली-गलौज व गंदी हरकत करने की कोशिश करता है। उसका पति जो नशे का आदी है भी इस बारे में अपने पिता को कुछ नहीं बोलता है। करीब चार माह पहले उसके ससुर ने उसे जान से मारने की भी कोशिश की और उसके साथ गलत संबंध बनाने को कहा। मंगलवार रात भी ससुर ने उसे घर से निकाल दिया।

### डोहग आईटीआई में रक्तदान शिविर

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डोहग में रोटरी क्लब के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोटेरियन अजय ठाकुर ने बताया कि शिविर में पचास से अधिक छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया। आईटीआई डोहग प्रधानाचार्य नवीन कुमारी और उनके सारे स्टाफ ने भी अपना सहयोग दिया।

### नौनिहालों ने उठाया रेल यात्रा का लुत्फ

**जोगिंद्रनगर।** प्राथमिक पाठशाला द्रंग के पहली से पांचवी कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने पहली बार जोगिंद्रनगर से ऐहजू तक रेल यात्रा द्वारा भ्रमण किया। बुधवार सुबह 10 बजे रेलवे स्टेशन जोगिंद्रनगर में इस पाठशाला के लगभग 80 छात्र-छात्राएं और पाठशाला का स्टाफ रेलवे स्टेशन पर पहुंचा। नौनिहालों में पहली बार रेल यात्रा को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। पाठशाला के प्रधानाचार्य नरेश शर्मा ने बताया कि प्राथमिक पाठशाला द्रंग के छात्रों ने पहली बार रेल यात्रा की।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जताया आभार

**मंडी।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राकेश डोगरा ने कहा कि हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम महर्षि वाल्मीकि को श्रद्धांजलि देता है। उन्होंने कहा कि मोदी ने अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं को लाकर अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया है। राकेश ने प्रधानमंत्री का आभार जताया है।

### लोकनृत्य में झलकी मंडी की संस्कृति

**मंडी।** कांगणीधार में संस्कृति सदन मोतीपुर में जिला स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। अतिरिक्त उपायुक्त मंडी निवेदिता नेगी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया ने उन्हें सम्मानित किया। मुख्य अतिथि निवेदिता नेगी ने मंडी जिला की संस्कृति को प्रदेश की संस्कृति का अनूठा अंग बताया व विभाग व कलाकारों की मेहनत को भी सराहा। प्रतियोगिता में लुड्डी नृत्य, नागरीय नृत्य, सिराजी नाटी, सुकेती नाटी, चरकटी नृत्य इत्यादि नृत्य व वाद्य यंत्रों की सांस्कृतिक झलक देखने को मिली। प्रथम आए हुए दल को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र दिया गया। यह दल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी भाग लेगा।

### सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियां बताई

**धर्मपुर।** प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने तथा कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने तथा उनका लाभ सुनिश्चित बनाने के लिए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम शुरू किया है। इसी कड़ी में बुधवार को विधायक चंद्रशेखर की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत कुम्हारडा, पैहड़, ग्राम बनेहरडी, चौकी तथा टौर जाजर में लोगों को प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं को सुना। विधायक ने उनकी अधिकांश समस्याओं का निदान मौके पर ही कर दिया और बाकि समस्याओं के निदान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए।

### कर्मचारी महासंघ ने कैबिनेट मंत्रियों से की मुलाकात

**जोगिंद्रनगर।** सरकार द्वारा अनुबंध कर्मचारियों के नियमितीकरण के संदर्भ में जारी की गई अधिसूचना को निरस्त करने बारे, सर्व अनुबंध कर्मचारी महासंघ हिमाचल प्रदेश, कैबिनेट मंत्रियों से सर्व अनुबंध कर्मचारी महासंघ हिमाचल प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष कामेश्वर शर्मा व कार्यकारिणी के विभिन्न पदाधिकारी शिमला में विभिन्न विभागों के कैबिनेट मंत्री से व अन्य अधिकारियों से मिले और उनके समक्ष सरकार द्वारा अनुबंध कर्मचारियों के नियमितीकरण के संदर्भ में जारी की गई अधिसूचना को निरस्त करने के बारे में प्रस्ताव दिया।

### 72 करोड़ से चौड़ी होगी दुर्गापुर-टिक्कर सड़क

**सरकाघाट।** शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश को अव्वल बनाने के लिए प्रदेश सरकार कृतसंकल्प है। यह बात राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिक्कर में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे प्रदेश कांग्रेस पार्टी के महासचिव पवन ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि भद्रोता क्षेत्र में आईटीआई भवन निर्माण जो 13.60 करोड़ रुपए से बनना है, को तीन करोड़ रुपए जारी हो चुके है। उन्होंने बताया कि फतेहपुर चंदेश दुर्गापुर टिक्कर, थोना, रिस्सा सरकाघाट सड़क को तकरीबन 72 करोड़ रुपए से खर्च कर चौड़ा किया जाएगा। इसके अलावा आने वाले समय में भद्रोता क्षेत्र में आम परिवार के बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु कॉलेज खोलने वह भद्रोता में पुलिस चौकी खोलने की वचनबद्धता को दोहराया।

### थुनाग में हो स्थायी जज की नियुक्ति

**गोहर।** सिराज क्षेत्र की विकट भौगोलिक स्थिति व सब जज कोर्ट थुनाग के अधूरे पड़े सैकड़ों केसों को ध्यान में रखते हुए सब जज कोर्ट थुनाग में स्थायी जज की नियुक्ति को लेकर सराज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हेम सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में बार एसोसिएशन के कई अधिवक्ताओं ने हाई कोर्ट शिमला जाकर मुख्य न्यायाधीश से सब जज कोर्ट थुनाग के लिए स्थायी जज की नियुक्ति की मांग की। बार एसोसिएशन थुनाग के अध्यक्ष हेम सिंह ठाकुर ने बताया सब जज कोर्ट थुनाग 2021 से कार्यरत है। यहां पर 710 सिविल और क्रिमिनल केसों की सुनवाई चल रही है।

### चोलथरा स्कूल में मनाया सालाना समारोह

**सरकाघाट।** शहीद कैप्टन दीपक गुलेरिया उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चोलथरा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा निदेशक एलीमेंट्री हमीरपुर एवं इसी पाठशाला के पूर्व में रहे छात्र संजय ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मुख्य अतिथि ने सत्र 2022-23 में दसवीं तथा 12वीं की विज्ञान, कला एवं वाणिज्य में प्रथम स्थान पर रहे पीयूष, श्रद्धा, पूनम देवी और शिवानी ठाकुर को 2500 रुपए का नकद वजीफा देकर सम्मानित किया।

### वृद्धाश्रम में प्रतिरोधक दवाइयां वितरित की

**नेरचौक।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेश कुमार कालिया ने भंगरोटू स्थित बल्ह वैली कल्याण सभा वृद्धाश्रम का दौरा कर वृद्धों को आवश्यक प्रतिरोधक दवाइयां वितरित की। इसके साथ ही उनके स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बुजुर्गों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए च्यवनप्राश और अश्वगंधारिष्ट बांटे। उन्होंने वृद्धों को स्वस्थ रहने के लिए योग अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर डॉ. स्वाति ठाकुर, डॉ. दिनेश वशिष्ठ तथा वृद्धाश्रम भंगरोटू के प्रबंधक घनश्याम उपस्थित रहे।

### भाजपा किसान मोर्चा की कार्यकारिणी तय

**मंडी।** भाजपा किसान मोर्चा मंडी मंडल अध्यक्ष लेखराज राणा ने किसान मोर्चा के मंडल पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा कर दी है। भाजपा किसान मोर्चा मंडी मंडल में सुजान सिंह थनौट, धनी राम बलोह, जय सिंह खलाणु, तेज राम कोटली, हेमंत कुमार राणा पंडोह व हरीश कुमार कोटली को मंडल उपाध्यक्ष, हरीश राणा सेहली, विजय शर्मा पंडोह को मंडल महामंत्री, राम लाल बनेर डवाहण को मंडल कोषाध्यक्ष व हुकम चंद बीर, दलीप सिंह सदोह, बेली राज कासण, खुशहाल सिंह ठाकुर तांदी, अमर चंद बाड़ी व राकेश कुमार रखून को मंडल सचिव बनाया। जबकि कर्ण सिंह अरनोट चलोह को मंडल कार्यालय सचिव, हेम सिंह डवाहण को मंडल प्रवक्ता , अजय कुमार खलाणू को मंडल मीडिया प्रभारी, नीरज कुमार लागधार को मंडल सोशल मीडिया प्रभारी व अभय राणा सताहण को मंडल आईटी प्रभारी नियुक्त किया गया।

# नरेंद्र कुमार को सौंपी देवभूमि ऑपरेटर यूनियन की कमान



ट्रक ऑपरेटर यूनियन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

देवभूमि छोटी काशी में ट्रक ऑपरेटर यूनियन की जनरल हाउस की बैठक बुधवार को यूनियन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस चुनाव में सर्वसम्मति से ट्रक ऑपरेटर यूनियन की कमान नरेंद्र कुमार को सौंपी गई। उन्हें प्रधान चुना गया। इसके अलावा यूनियन के अध्यक्ष पद पर शेरू को चुना गया, जबकि जुकी को उपप्रधान, मुरारी लाल को सचिव, लियाकत अली को संयुक्त सचिव, सचिन वर्मा को सलाहकार, अनिश कुमार को कोषाध्यक्ष तथा संदीप कुमार को अड्डा इंचार्ज चुना गया। इसके अलावा मंडी यूनियन द्वारा संचाचिल एरिया पंडोह, कटौला, कोटली रणधाड़ा, दुर्गापुर तथा बैहना, गुटकर एरिया के लिए भी प्रभारी चुने गए, जिसमें पंडोह के लिए सुनील गुप्ता, राजू व बरकत अली, कटौला के लिए कृष्ण, रफी, इब्राहिम तथा कोटली के लिए बृजभूषण, राजेश शर्मा, बैहना और गुटकर के लिए संदीप, लेखराज, सचिन वर्मा वहीं सदर मंडी के लिए रजत और विजय को चुना गया।

## ग्राम पंचायत मसौली में विशेष ग्राम सभा

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल की मसौली पंचायत में विशेष ग्राम सभा का श्रमिक कल्याण बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजन किया गया। श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा श्रमिकों को जो सुविधाएं व सामान उपलब्ध करवाया गया है इसके संबंध में लोगों को जानकारी दी गई। श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा पहले मनरेगा के अंतर्गत जिन्होंने द्वितीय वर्ष में 50 दिन का कार्य किया हो उन श्रमिकों को कल्याण बोर्ड द्वारा सुविधा दी जाती थी। सरकार द्वारा वर्तमान समय पर श्रमिकों को जिन्होंने मनरेगा तथा सामान्य मत में 90 दिन का कार्य किया हो उन्हें भी सुविधाएं दी जानी थी, वे बंद हो गई है। ग्रामसभा में उपस्थित लोगों ने माना की जो सुविधा लोगों को मिली है वह बहुत ही सुविधाजनक थी वर्तमान समय पर यह सुविधा बंद होने पर लोगों में काफी रोष है। इस बैठक में ग्राम पंचायत के उप प्रधान मनीष कुमार समस्त वार्ड सदस्य मौजूद रहे।

**समस्या** नगर निगम के मुख्य द्वार के काम के चलते दिक्कत

# फल और सब्जियों पर सीमेंट की धूल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**





नगर निगम के मुख्य द्वार पर सब्जी बेचते रेहड़ी-फड़ी वाले।

सालों से नगर निगम के मुख्य द्वार पर रेहड़ी-फड़ी वाले सब्जी बेचते है और यहां पर सड़क मार्ग भी साथ में ही है, लकिन आजकल नगर निगम द्वारा वहां पर मुख्य द्वार का निर्माण किया जा रहा हैं। कार्य के चलते यहां पर एक तरफ मजदूर कार्य कर रहे है और दूसरी तरफ रेहड़ी-फड़ी वाले सब्जी खुले में छोड़ कर बैठे है।

सब्जियां और फल इतने नजदीक है कि उन पर सीमेंट की धूल पड़ना लाजमी है। यू तो लोग खाने से पहले सब्जियों को अच्छे से धोते है लेकिन सीमेंट की धूल सब्जियों पर पड़ने से जम जाती है जो कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

सर्दियों के मौसम में तो और भी ज्यादा घातक है। हालांकि नगर निगम मंडी इन सभी सब्जी विक्रेताओं के लिए स्थायी व्यवस्था का प्रावधान कर रहा है लेकिन काम के दौरान भी सब्जी विक्रेता न ही सब्जी बेचने से हट रहे है और न ही अपनी फल-सब्जियों को ढक कर रख रहे हैं। डॉ. अभिषेक कौशल स्वामी पूर्णानंद मेमोरियल अस्पताल मंडी का कहना है कि जिन सब्जियों में छिलके नहीं होते उन्हें कम से कम दो से तीन घंटे के लिए पानी में भिगोने के लिए छोड़ दें उसके बाद ही सब्जी पका कर खाएं। ऐसा न करतें है तो आप बीमारियों को खुद ही न्योता दे रहे हैं।

**लोग सब्जी खरीद दे रहे बीमारियों को न्योता**

> मुख्य द्वार का कार्य जारी है। ठेकेदार को कहा गया है कि जितना जल्दी हो सके यह कार्य पूरा कर दिया जाए। कार्य से स्थानीय लोगों को और वहां बैठ रहे रेहड़ी वालों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है और वहां सीमेंट की धूल भी पड़ रही है। असुविधा को देखते हुए रेहड़ी फड़ी वाले या तो दो दिन के लिए रेहड़ी बंद कर दें या फिर जहां कार्य चल रहा है वहां से दूर बैठें।
>
> **वीरेंद्र भट्ट, महापौर, नगर निगम, मंडी।**

# बिलासपुर अस्पताल की एक करोड़ 10 लाख की देनदारी

## क्रस्ना लैब ने बंद की लैब और एक्स-रे की निशुल्क सुविधा, अस्पताल में टेस्ट करवाने के लिए दिन भर भटकते रहे मरीज, निजी लैबों की ओर किया रुख

**शुभम राही, बिलासपुर**

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को निशुल्क टेस्ट सुविधा देने वाली क्रस्ना लैब ने बुधवार को अपनी सेवाएं देना बंद कर दिया। सरकार की ओर से लैब के बकाया बिलों का भुगतान न होने के कारण बिलासपुर अस्पताल में टेस्ट की सुविधा नहीं दी गई।

अस्पताल में टेस्ट के साथ एक्स-रे तक की सुविधा बंद हो गई, जिससे मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, साथ ही निजी लैबों में भारी भरकम फीस देकर मरीजों को अपनी टेस्ट करवाने पड़े। बिलासपुर अस्पताल की बात करें, तो यहां पर एक करोड़ 10 लाख रुपए बिलों की भुगतान राशि सरकार की ओर से क्रस्ना लैब को दी जानी थी, लेकिन लंबे समय से यह पैसा न भरने के चलते बुधवार को लैब अधिकारियों की ओर से सुविधा बंद कर दी गई। टेस्ट सुविधा के साथ बिलासपुर अस्पताल में एक्स-रे सुविधा पूरी तरह से ठप हो गई। स्वास्थ्य विभाग बिलासपुर के अधिकारियों का कहना है कि मरीजों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए सरकारी लैब में टेस्ट किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)



क्रस्ना लैब।

### अल्टीमेटम देने के बाद भी सरकार ने नहीं की सुनवाई

सरकार की ओर से पिछले छह माह से क्रस्ना लैब का भुगतान नहीं किया गया है। बार-बार अल्टीमेटम देने के बावजूद सरकार ने कोई सुनवाई नहीं की। ऐसे में अब प्रदेश भर के अस्पतालों में क्रस्ना लैब की सेवाएं बंद कर दी गई हैं। बिलासपुर अस्पताल की बात करें, तो यहां पर बीती रात 12 बजे से टेस्ट सैंपल लेना बंद कर दिया गया, जिससे सुबह अस्पताल में पहुंचे मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कुछ साल पहले ही प्रदेशभर के अस्पतालों में क्रस्ना लैब स्थापित की गई थी। इस लैब में मरीजों को 24 घंटे निशुल्क टेस्ट सुविधा दी जा रही थी।

- लैब के बकाया बिलों का भुगतान नहीं होने के कारण निशुल्क टेस्ट सुविधा बंद
- सवा साल की देनदारी पहुंची करोड़ों रुपए, सरकार की लापरवाही मरीजों पर भारी

### बिलों का भुगतान करने में सरकार नहीं दिखा रही दिलचस्पी

प्रदेश के कुछ अस्पतालों में टेस्ट सुविधा के साथ अल्ट्रासाउंड सहित अन्य टेस्ट, संबंधित लैब की ओर से किए जा रहे थे। परंतु कुछ माह से क्रस्ना लैब को उनके बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा था, जिसको लेकर कई बार लैब के उच्चाधिकारियों की ओर से सरकार को अवगत भी करवाया जा रहा था, परंतु उनके बिलों का भुगतान करने में सरकार कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही थी, ऐसे में प्रदेश भर में बुधवार को क्रस्ना लैब ने अपनी सेवाएं देना बंद कर दिया, जिससे इसका सीधा असर मरीजों और उनकी जेब पर पड़ा।

### मामले को लेकर उच्चाधिकारियों को भी करवाया अवगत



उधर, इस संदर्भ में जब बिलासपुर कार्यकारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सतीश शर्मा से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर उच्चाधिकारियों का अवगत करवा दिया गया है। मरीजों को सुविधा के लिए सरकारी लैब चल रही है। मरीजों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए अस्पताल प्रशासन कार्यरत है।


बिलासपुर अस्पताल में टेस्ट करवाने के लिए भटकते रहे मरीज।

# मोदी सरकार युवाओं को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रयासरत

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि युवा देश का भविष्य है। आने वाले समय में देश की बागडोर युवा ही संभालेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार युवाओं को सशक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा युवाओं को प्रोत्साहित किया है। उनका मानना है कि महिलाओं, गरीबों और किसानों के साथ ही युवाओं की भी कोई जाति नहीं होती। इसी के मद्देनजर युवाओं के हित में कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की गई हैं। इनमें प्रधानमंत्री रोजगार, आत्मनिर्भर भारत, पीएम मुद्रा लोन तथा पीएम वाणी जैसी कई योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं का लाभ उठाकर करोड़ों युवा विकसित भारत का संकल्प पूरा करने में भागीदार बन रहे हैं। बुधवार को झंडूता में भाजयुमो की बैठक तथा मंडल सशक्तिकरण अभियान के तहत प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए जीतराम कटवाल ने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है। अनुशासित तरीके से काम करने वाली यह पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास के मूलमंत्र पर काम करती है। भाजपा के लिए राजनीति जनसेवा का माध्यम है।


मंडल सशक्तिकरण अभियान के तहत प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते जीतराम कटवाल।

इसी का नतीजा है कि लोकसभा में दो सीटों से अपनी शुरुआत करने वाली भाजपा 2019 के चुनाव में 303 सीटों पर पहुंच गई। देश में युवा मोर्चा का प्रवाह चल रहा है। लिहाजा युवाओं को पूरी निष्ठा के साथ संगठन की मजबूती में अपना योगदान देना चाहिए। आने वाले चुनाव में संसद में भाजपा की सीटों का आंकड़ा 400 से ऊपर पहुंचाने के लिए वह अभी से मोर्चा संभाल लें। इस मौके पर झंडूता भाजपा मंडल अध्यक्ष रसम सिंह चंदेल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरदयाल सिंह चंदेल, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष परिवेश शर्मा, युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव रोहित ठाकुर, जिला अध्यक्ष मनोज चंदेल तथा झंडूता मंडल अध्यक्ष अजय शर्मा समेत संगठन के कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे चरण का शुभारंभ


बिलासपुर शहर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे चरण का शुभारंभ करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि मोदी सरकार का 10 वर्ष का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा है। इस अवधि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, जिनसे लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है।

देश की जनता तुलनात्मक अध्ययन कर रही है कि 10 साल पहले देश क्या था और अब क्या है। इस तुलना के आधार पर लोग मोदी सरकार की मुक्त कंठ से सराहना कर रहे हैं। देशवासियों को नरेंद्र मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास है। लोग उन्हें लगातार तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का पक्का मन बना चुके हैं। बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे चरण के शुभारंभ पर शहर के डियारा सेक्टर स्थित नगर परिषद के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। उसने हमेशा देश और देशवासियों के हित में काम किया है। उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिए गए। इसी तरह गंभीर बीमारियों से जूझ रहे जो लोग पैसे की कमी के कारण अपना इलाज करवाने में असमर्थ थे, आयुष्मान भारत योजना से उन्हें एक तरह से नई जिंदगी मिली। ऐसी और भी कई योजनाएं हैं। लोगों से 22 को अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# मकान बनाने के लिए एक साल का दिया जाए समय

**बिलासपुर।** मटौर-शिमला फोरलेन सड़क प्रभावित एवं विस्थापित संघर्ष समिति का एक शिष्टमंडल अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त आबिद हुसैन से मिला।

शिष्टमंडल ने उपायुक्त से अपनी समस्याओं को लेकर चर्चा भी की। संघर्ष समिति ने बताया कि लोगों को नेशनल हाई-वे भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1956 की धारा के नोटिस लोगों को दिए जा रहे हैं, लेकिन अभी तक फोरलेन अधिकारियों व राजस्व विभाग की तरफ से मौके की निशानदेही नहीं हो पाई है। मुआवजा मिलने के 60 दिनों के भीतर रिहायशी मकान तैयार नहीं किए जा सकते हैं, उसके लिए एक वर्ष का समय तय होना चाहिए। स्थानीय लोगों को इस निर्माण स्थल पर अपने वाहन टिप्पर व जेसीबी आदि मशीनरी को लगाने व बेरोजगारों को रोजगार देने के बारे में प्राथमिकता देने की वकालत भी की है। इस शिष्टमंडल की अगुआई कर रहे सलाहकार भगत सिंह वर्मा व प्रधान बाबू राम सिसोदिया ने कहा कि लोगों को सड़क के किनारे जो नौ फुट की पाबंदी लगी है, उससे राहत दी जाए।

# बलघाड़ स्कूल में अव्वल रहे स्टूडेंट्स को नवाजा गया



बलघाड़ स्कूल में अव्वल रहे स्टूडेंट्स को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

राजकीय उच्च पाठशाला बलघाड़ का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें मुख्यातिथि प्रोमिला बसु जिला परिषद सदस्य घंडीर वार्ड विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इससे पहले प्रधानाचार्य देवराज ने मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों और बच्चों के अभिभावकों का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको मंत्र मुक्त किया। मुख्यातिथि ने बच्चों को पढ़ाई खेलकूद एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन का महत्व बताया।

इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति का धन्यवाद किया। इसके साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी शानदार भूमिका अदा करने वाले बच्चों को सम्मानित किया, जिसमें जिलास्तर पर कबड्डी में अंडर-14 छात्र वर्ग में अव्वल आए वंशिका, संजना कुमारी, हर्षित ईशा व अंडर-19 छात्र वर्ग में बैडमिंटन, खो-खो, योगा में रोहित राणा, नीरज कुमार व दामिनी, अंशिका, अंजली ठाकुर, हरीश कुमार को सम्मानित किया।

# विपक्ष को कोसने के बजाए एक साल की उपलब्धियां बताए सरकार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

- विपक्ष को कोसने से नहीं, विकास कार्यों को गति देने से प्रदेश का होगा विकास: महेंद्र
- पूर्व सरकार की दी सुविधाओं को छीनने के अलावा सरकार ने नहीं किया कोई काम

सरकार बने अब एक साल से भी ज्यादा का समय हो गया है इसलिए सरकार को अब विपक्ष को कोसने के बजाय प्रदेश के विकास पर फोकस करना चाहिए।

अब सरकार को विपक्ष की कमियां नहीं, बल्कि अपनी उपलब्धियां बतानी चाहिए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने कहा कि विपक्ष को कोसने से नहीं, विकास कार्यों को गति देने से प्रदेश का विकास होगा। सरकार ने व्यवस्था का मजाक बना रखा है। व्यवस्था परिवर्तन में आज ऐसी स्थिति है कि धरना दो और सैलरी लो, क्या यही व्यवस्था परिवर्तन है। प्रदेश में अराजकता फैलाने की कोशिश की जा रही है। आए दिन लोगों को परेशान किए जाने की खबरें ही सरकार की नाकामी की वजह से सामने आ रही है। महंगाई बढ़ाने से लेकर पूर्व सरकार की ओर से दी गई सुविधाओं को छीनने के अलावा और कोई भी काम इस सरकार ने नहीं किया है। कभी बिजली बोर्ड, तो कभी परिवहन निगम के कर्मचारी अपने वेतन की मांग के लिए सड़कों पर उतरते हैं, तो कभी धरना देने की धमकी देते हैं।

प्रदेश को इस तरह का व्यवस्था परिवर्तन नहीं चाहिए, जो काम के बदले वेतन भी नहीं दे।

# कौशल विकास के लिए ईको सिस्टम को तैयार कर मजबूत किया जाएगा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल के युवाओं को कौशल प्रदान करने और उन्हें आधुनिक कौशलों की जरूरत के अनुसार नौकरी और स्वरोजगार के लिए तैयार करने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र तैयार कर मजबूत बनाया जाएगा।

यह जानकारी हिमाचल के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बुधवार को संडयार और छत पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए दी। युवाओं को रोजगार देने के लिए बाजार और उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राज्य में मौजूदा तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। जल्द यह समझना जरूरी होगा कि भविष्य में किन सेक्टरों में अधिक संख्या में जॉब सृजित होंगे और किन आधुनिक कौशलों की जरूरत होगी और कार्य क्षमता कैसे बढ़ाई जा सकती है, इसके लिए प्रदेश के युवाओं को आधुनिक कौशल शिक्षा देना आवश्यक है। इसके लिए प्रदेश के स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स को सुदृढ़ किया जाएगा। बिलासपुर के युवाओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए घुमारवीं में आधुनिक स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित किया जाएगा। प्रदेश सरकार शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रयासरत है, जिसके लिए अगले सेशन से प्रदेश के सभी स्कूलों में इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त वर्तमान जरूरत के मुताबिक सभी विद्यालयों में आईसीटी लैब स्थापित किए जाएंगे। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। बिलासपुर के चारों विधानसभा क्षेत्रों में डे-बोर्डिंग स्कूल का कार्य प्रगति पर है।


राजेश धर्माणी छत में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए।

# बायोमीट्रिक अपडेट करवाने के लिए लगाए जाएंगे विशेष आधार कैंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सभी स्कूलों में पांच वर्ष और 15 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी विद्यार्थियों के अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट करवाने के लिए विशेष आधार कैंप लगाए जाएंगे। इस संदर्भ में बुधवार को निदेशक, डिजिटल प्रौद्योगिकी और गवर्नेंस विभाग, शिमला के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक मीटिंग आयोजित की गई। इस मीटिंग में उपनिदेशक उच्च शिक्षा बिलासपुर जोगिंद्र सिंह, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा बिलासपुर विश्बर शर्मा उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने बताया कि बच्चों के आधार कार्ड का पांच वर्ष और 15 वर्ष की आयु पर अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट करवाना आवश्यक होता है, नहीं तो आधार कार्ड निरस्त हो सकता है।

### स्कूलों की सूची बनाएं

इस बारे में जल्द ही एक शेड्यूल बनाया जाएगा और उसी के अनुसार स्कूलों में आधार कैंप लगाए जाएंगे। उन्होंने उपनिदेशक उच्च शिक्षा और उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द स्कूलों की सूची बनाएं, ताकि जिले की पाठशालाओं में आधार अपग्रेडेशन कैंप लगाकर विधार्थियों के आधार कार्ड अपडेट किए जा सकें।

बिलासपुर में सात वर्ष से अधिक आयु के 77609 और 17 वर्ष से अधिक आयु के 15750 अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट लंबित हैं, जो भी विद्यार्थी पांच वर्ष और 15 वर्ष की आयु को पूरा कर चुके हैं। उनके लिए यह अपडेट निशुल्क है तथा सात वर्ष और 17 वर्ष की आयु को पूरा कर चुके विद्यार्थियों को आधार अपडेट के लिए 100 शुल्क देना होगा।

# स्वाहण बिजली बोर्ड के स्टोर में हजारों के तार चोरी

**श्री नयना देवी जी।** स्वारघाट थाना के तहत स्वाहण में बिजली बोर्ड के स्टोर से हजारों रुपए की तार चोरी हो गई। विभाग की ओर से मामले की शिकायत थाने में दर्ज करवाई गई है।

शिकायत में कनिष्ठ अभियंता मनजीत सिंह ने बताया कि सुबह जब लाइनमैन कराम स्वाहण स्थित स्टोर पहुंचा तो ताला टूटा हुआ पाया। वहां से बिजली की करीब 100 मीटर तार, 60 किलोग्राम स्टेवायर और 100 मीटर सर्विस वायर चोरी होना पाई गई। चोरी हुए सामान की लागत करीब 14,500 रुपए है। शिकायतकर्ता के अनुसार अपने स्तर पर छानबीन करने पर पाया गया कि घटना स्थल के नजदीक देर रात के समय एक पिकअप घूम रही थी। गरामोड़ा स्थित टोल प्लाजा पर सीसीटीवी की जांच की, तो वह पिकअप कैंचीमोड़ की ओर गई थी। डीएसपी श्री नयनादेवी विक्रांत बोंसरा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**दीपावली** लोगों से दीप जलाने का किया आह्वान, इससे पूर्व एक सप्ताह तक चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान

# 22 को घर-घर दीप जलाएगी भाजपा, होगा भजन-कीर्तन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि जिस दिन का करोड़ों देशवासियों को इंतजार था, वह नजदीक आ गया है। 22 जनवरी, 2024 को रामलला के श्री विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा होगी।

इस खुशी में घुमारवीं भाजपा घर-घर दीप जलाकर दीपावली मनाएगी। इस दौरान मंदिरों व घरों को सजाया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से इस दिन अपने-अपने घर पर दीप जलाने का आह्वान किया। गर्ग घुमारवीं में मंडल अध्यक्ष सुरेश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित भाजपा सेक्टर प्रभारियों व मोर्चों-प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। 22 को घुमारवीं में जगह-जगह भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बनाया जाएगा। जगह-जगह प्रसाद का वितरण किया जाएगा। गर्ग ने कहा कि यह सभी का सौभाग्य है कि 22 को रामलला के श्री विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा होगी, जिसका करोड़ों लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे। इससे पहले एक सप्ताह पूर्व भाजपा स्वच्छता अभियान भी चलाएगी। बैठक में इससे पूर्व पार्टी के अनेक कार्यक्रमों पर चर्चा की।


गर्ग घुमारवीं में मंडल अध्यक्ष सुरेश की अध्यक्षता में आयोजित भाजपा सेक्टर प्रभारियों के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

मंडल अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने बताया कि बैठक में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा दिवस तथा 24 को नव मतदाता दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर मंडल महामंत्री जोरावर सिंह पटियाल, पंकज चंदेल, राजेश शर्मा, जेके शर्मा, चुन्नी लाल, प्रवीण पजियाला, देश राज, लेख राम, कैप्टन सुरजीत, प्रताप राव, बिशन दास राव, बिशन दास, ओंकार शर्मा, प्रेम धीमान, सुरेश पटियाल, अंकुश, रेणु बाला, परमजीत, बलवंत कमल व लक्की चंदेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शिक्षा मानव जीवन का अभिन्न अंग शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

ग्रेस गार्डन स्कूल घुमारवीं में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मदन लाल शर्मा सिल्वर ग्रेड नारायण सेवा संस्थान बतौर मुख्यतिथि शामिल हुए। वहीं, स्कूल के चेयरमेन नरेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से की गई। विद्यालय प्रबंधक निदेशक सुरेश सांख्यान ने मुख्यतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य पवना सांख्यान ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर विद्यालय की गतिविधियों से सभी को परिचित करवाया। विद्यालय के बच्चो ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने एकल गान, समूह गान, कविता, सोलो सांग, सोलो डांस, पंजाबी गिद्दा पहाड़ी नाटी के रूप में अनेक प्रस्तुतियां दीं। मुख्यतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा मानव जीवन का अभिन्न अंग है। शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है। अगर बच्चों को सही शिक्षा दी जाए, तो वह भावी भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने अध्यापकों को बच्चों को किताबी शिक्षा के अलावा अपनी संस्कृति के सरक्षण की शिक्षा देने की बात कही। उन्होंने बच्चों के की ओर से दिए गए मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए सभी अध्यापकों की भी सराहना की।



ग्रेस गार्डन स्कूल घुमारवीं में वार्षिक समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती स्टूडेंट्स।

# बड़सर-बिझड़ी में बनेंगे आधुनिक अस्पताल भवन : लखनपाल

## विधायक ने दांदडू स्कूल के सालाना समारोह में नवाजे होनहार

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा है कि नागरिक अस्पताल बड़सर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिझड़ी के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवनों का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दांदडू के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए विधायक ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बड़सर में 100 बेड के अस्पताल भवन के लिए लगभग 30 करोड़ की डीपीआर बनाई गई है। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिझड़ी के भवन के लिए भी करोड़ों का प्रकलन बनाया गया है। बड़सर-शाहतलाई सड़क की अपग्रेडेशन के लिए नाबार्ड को 34 करोड़ की डीपीआर भेजी गई है। अन्य सड़कों की अपग्रेडेशन के लिए भी प्रक्रिया आरंभ की गई है। बाबा बालक नाथ मंदिर और इसके आसपास के क्षेत्रों को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने तथा यहां आधुनिक सुविधाओं के लिए एडीबी की मदद से 65 करोड़ की परियोजना बनाई गई है। इस अवसर पर प्रिंसिपल सुशील कुमार ने विधायक, अन्य अतिथियों और बच्चों के अभिभावकों का स्वागत किया तथा स्कूल की विभिन्न उपलब्धियों एवं गतिविधियों की जानकारी दी। स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

समारोह में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष केवल धीमान, सेवानिवृत्त शिक्षा उपनिदेशक कुलवंत पठानिया, कैप्टन जसपाल सिंह, पूर्व बीडीसी सदस्य करतारो देवी और शिव कुमार, उमाकांत, रविंद्र शर्मा, कड़साई के पूर्व प्रधान देशराज, दिनेश कुमार, जगदीश ठाकुर, अध्यक्ष किरण देवी अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



कार्यक्रम में मौजूद विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, साथ हैं अन्य।

### 11 हजार देने की घोषणा

**उन्होंने** शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया तथा स्कूल को अपनी ओर से 11 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा भी की। उन्होंने मिडल स्कूल उट्टप को भी पांच हजार रुपए देने का ऐलान किया।दांदडू के स्टूडेंट्स, शिक्षकों और बच्चों के अभिभावकों को बधाई देते हुए इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि इस संस्थान में विभिन्न सुविधाओं के विस्तार के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान करवाया जाएगा।

# अर्पिता ने जूडो में जीता ब्रांज मेडल




**हमीरपुर।** लुधियाना में आयोजित अंडर-17 नैशनल स्कूल गेम्स में जूडो के अंडर-57 किलोग्राम से नीचे के भार वर्ग में हमीरपुर की अर्पिता शर्मा ने ब्रांज मेडल जीतकर जिला व प्रदेश का नाम रोशन किया है। अर्पिता शर्मा हमीरपुर के अणु स्थित नैशनल सैंटर ऑफ एक्सलैंस (साई) से कोच दिव्या तिवारी के सानिध्य में कोचिंग हासिल कर रही है तथा हमीरपुर पब्लिक स्कूल की छात्रा है। लुधियाना में नेशनल स्कूल गेम्स छह से 10 जनवरी तक आयोजित की गई। अर्पिता शर्मा अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों व विशेष रूप से कोच दिव्या तिवारी को देती हैं, जिन्होंने उन्हें प्रशिक्षण दिया है।

# 18 भूमि मालिकों ने बीबीएन कॉलेज को गिफ्ट की आठ कनाल 16 मरले भूमि

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

बाबा बालक नाथ दियोटसिद्ध द्वारा संचालित बीबीएन कॉलेज चकमोह के लोगों ने वर्ष 1984 में 45 कनाल भूमि दान में दी थी, लेकिन 39 वर्ष बीत जाने के बाद भी भूमि महाविद्यालय के नाम नहीं हुई थी न्यास ने पिछले कई वर्षों से इस भूमि को महाविद्यालय के नाम करवाने की कोशिश की, लेकिन योजना को अमली जामा नहीं पहनाया जा सका, जिसका प्रमुख कारण भूमि मलिकों और न्यास के बीचों-बीच तनातनी बनी रही।

भूमि महाविद्यालय के नाम न हो सकी जिसके चलते कॉलेज का विकास रुक गया था। यूजीसी से मिलने वाली अनुदान राशि भी नहीं मिल रही थी, क्योंकि भूमि पर न्यास में भवन तो बना दिए, लेकिन भूमि कॉलेज के नाम न हो सकी। 43 वर्ष से अधर में लटके इस कार्य को करवाने का प्रयास एसडीएम बड़सर डॉक्टर रोहित शर्मा ने भूमि मलिकों के बीच दो बैठकर करके बहुत ही अहम कार्य किया।

बताते चलें कि 17 कनाल भूमि मालिकों ने महाविद्यालय के नाम गिफ्ट डीड करवा दी थी, परंतु कुछ भूमि मालिक किसी कारणवश रह गए थे। नौ जनवरी को 18 भूमि मलिकों ने आठ कनाल 16 मरले भूमि महाविद्यालय के नाम गिफ्ट करवाई, जिममें केशव मेहर, ठाकुरदास वर्मा, हंसराज, सुशील कुमार संध्या देवी, कमलेश कुमारी तथा विपिन बिहारी लाल शामिल हैं। भूमि कॉलेज के नाम हो जाने पर न्यास अध्यक्ष एवं एसडीएम डॉक्टर रोहित शर्मा ने भूमि मलिकों का आभार व्यक्त किया हैं। उन्होंने कहा है कि भूमि दान करने वालों की जायज मांगों को मान लिया जाएगा। मंदिर हिस्सा दरों को पहचान पत्र दिए जाएंगे और न्यास में नौकरी में भी 10 प्रतिशत अंक अतिरिक्त इन भूमि मालिकों के बच्चों को दिए जाएंगे।



कॉलेज के नाम भूमि दान करने वाले लोग सामूहिक चित्र में।

# समूह नृत्य व गान में रितिका और शिल्पा का ग्रुप अव्वल



डीडीएम साई कॉलेज में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

डीडीएम साई कालेज कल्लर जलाड़ी में टेलेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने एकलगान, समूहगान, एकल नृत्य, युगल नृत्य, समूहनृत्य, फैंसी ड्रैस तथा स्किट आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में रिटार्यड प्रोफेसर आरसी शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कालेज के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश कपिल, प्रिंसीपल डॉ. ओपी भारद्वाज के अलावा कॉलेज स्टाफ भी उपस्थित रहा।

एकलगान में अंकिता, सचिदानंद व किरण, एकल नृत्य में अंकिता, अनुपमा व चांदनी क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहीं। युवगल नृत्य में सचिदानंद व किरन, कनिका व अंशिका तथा प्रियंका व ईशा ग्रुप क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहा। समूह नृत्य में रितिका, प्रियंका व काजल ग्रुप तथा समूहगान में शिल्पा, मुस्कान व नेहा ग्रुप क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहा। फैंसी ड्रैस में हिमांशु, अकांक्षा व आंचल क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही, जबकि स्किट में सौरव की शानदार प्रस्तुति रही।

# शास्त्री बैचवाइज भर्ती की काउंसलिंग पर भड़के सीएंडवी बेरोजगार अध्यापक

**भरेड़ी।** शास्त्री बैचवाइज भर्ती में बीए, एमए, बीएड वालों को काउंसलिग में बुलाने से शास्त्री करने वाले बेरोजगार अध्यापक जो कि वर्षों से नौकरी की आस में बैठे हैं नौकरी से वंचित हो सकते हैं। राजकीय सांस्कृतिक शिक्षक परिषद जिला हमीरपुर के पूर्व उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने प्रदेश सरकार की इस नीति की घोर निंदा की है। उन्होंने सरकार पर अरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों का खमियाजा बेरोजगार शास्त्री अध्यापकों को भुगतना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि अगर शास्त्री पदों पर बीए, एमए बीएड धारकों को शास्त्री पदों पर रखेगी तो सांस्कृतिक कॉलजों को बंद कर देना चाहिए। प्रदेश सरकार व शिक्षा विभाग में बीए, एमए में सिर्फ एकमात्र विषय संस्कृत रखकर शास्त्री बना दिया जाएगा तो शास्त्री की डिग्री करवाने का कोई भी औचित्य नहीं रहा। बेरोजगार शास्त्री अध्यापकों कहना है कि सरकार की इन नीतियों की बजह से लगभग चार हजार शास्त्री डिग्री धारकों का भविष्य समाप्त हो जाएगा। उन्होंने सरकार को चेताया अगर इसी नीतियों को बंद नहीं किया तो मजबूरन सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

**सरकार की नीतियों की वजह से हो रहा बेरोजगारों का शोषण**



कुलदीप शर्मा

# प्रधान व वार्ड पंच पर लगाया सरकारी डंगा तोड़ने का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

बमसन की टिक्कर बूल्हा पंचायत प्रधान और वार्ड पंच पर सरकारी डंगा तुड़वा उनकी पशुशाला का रास्ता बंद करने का आरोप वजवाल गांव के माया राम ने लगाया है। उन्होंने इसकी शिकायत डीसी हमीरपुर हेमराज बैरवा को भी भेजी है।

### क्या है मामला

**बजवाल** गांव के माया राम पुत्र निक्कू राम ने डीसी तथा बीडीओ को भेजी शिकायत में आरोप लगाया है कि 2004-05 में 20,850 रुपए की राशि व्यय कर उनके घर के पास डंगा निर्माण किया गया था। कुछ घरों को फायदा पहुंचाने के लिए यह डंगा तोड़ पंचायत ने उनकी पशुशाला को जाने वाला रास्ता बंद कर दिया है। इससे जहां सरकारी संपत्ति का नुकसान हुआ है, वहीं उन्हें भी परेशानी का सामना करना पड़ा है। उन्होंने मांग की है कि पंचायत प्रधान और वार्ड पंच के खिलाफ नियमों के तहत जांच कर उनका रास्ता बहाल किया जाए।

### बरसात में गिरा था डंगा

**टिक्कर** बूहला पंचायत की वार्ड सदस्य रतनी देवी का कहना है कि माया राम द्वारा लगाए गए आरोप निराधार है। डंगा बरसात में अपने आप गिर गया था। माया राम चार-पांच परिवारों को सड़क की सुविधा से वंचित रखना चाहता है। उधर, पंचायत प्रधान नीलम कुमारी का कहना है कि माया राम ने पंचायत पर केस कर रखे हैं। ऐसे में गिरे हुए डंगे का निर्माण संभव नहीं। सड़क की सुविधा सभी को मिले , इसके लिए ग्रामीणों का सहयोग जरूरी होता है। यदि माया राम पंचायत पर किए गए केस वापस लेता है तो ग्रामीणों की सहमति से आगे रास्ता और सड़क ठीक कर दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### रिखी राम बने नायब तहसीलदार

**भोरंज।** भोरंज से संबंध रखने वाले पट्टा सर्कल कानूनगो रिखी राम ने बलद्वाड़ा तहसील में नायब तहसीलदार का कार्यभार संभाल लिया है। बताते चलें कि रिखी राम 27 वर्ष पटवारी के पद पर कार्यरत रहे, जिसमें 15 वर्ष दियोग, दो साल गुवारडू, 10 वर्ष धिरड़ रहे। उसके बाद कानूनगो पद पर एक वर्ष टौणी देवी व छह वर्ष तरक्वाड़ी पट्टा सर्कल रहे। अब वे बतौर नायब तहसीलदार बलद्वाड़ा में अपनी सेवाएं देंगे। इस मौके पर तहसीलदार राहुल शर्मा, नायब तहसीलदार कर्म चंद व अन्य कानूनगो व कर्मचारी उपस्थित रहे।



नायब तहसीलदार के पद पर ज्वाइन करते रिखी राम व उनके साथ भोरंज तहसीलदार राहुल शर्मा।

### घड़ोह स्कूल में मनाया गया लोहड़ी पर्व



घड़ोह स्कूल में लोहड़ी पर्व मनाते हुए बच्चे व अध्यापक।

**धनेटा।** लेफ्टिनेंट नरैण मेमोरियल पब्लिक स्कूल घड़ोह में लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सभी अध्यापिकाओं ने एक-दूसरे को लोहड़ी की बधाई दी। चेयरमैन ओम प्रकाश शर्मा ने लोहड़ी की अग्नि में तिल, मूंगफली, रेवड़ी डालकर सबके भले की कामना की गई। इस दौरान स्कूल अध्यापकों ने बोलियों व ढोल की थाप पर लोहड़ी पर्व को सेलिब्रेट किया। इस अवसर पर चेयरमैन शर्मा ने स्टाफ व स्टूडेंट्स को लोहड़ी व मकर संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि हमें अपने अंदर छुपी बुराइयों को त्याग कर हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। सभी बच्चों को लोहड़ी उपलक्ष्य में रेवड़ी, मूंगफली का वितरण किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती सुमन शर्मा ने लोहड़ी के महत्व एवं इतिहास के बारे में जानकारी दी।

### स्वयंसेवियों ने की क्यारियों की साफ-सफाई

**भरेड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में लोहड़ी के पर्व पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर में बनी क्यारियों की साफ-सफाई करके मरम्मत की तथा स्वच्छता का संदेश दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश चंद ठाकुर ने हर त्योहार समाज को भाईचारे का संदेश देता है। ऐसे में सभी त्योहारों को खुशी-खुशी से मनाया चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि त्योहार से पहले साफ-सफाई करके वातावरण का स्वच्छ बनाया जाए। अंग्रेजी के प्रवक्ता रामलाल ने स्वयंसेवियों को श्रमदान और स्वच्छता से प्रेरित करते हुए कहा कि घरों की तरह शिक्षण संस्थानों में कार्य करना स्वयंसेवियों को नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी में स्कूल की क्यारियों का दोबारा रख-रखाब व साफ-सफाई करके सराहनीय कार्य किया है। इस दौरान स्वयंसेवियों में अनु शर्मा, रिया, अमिति, शिवानी, निखिल, सारिका, बवीता आदि ने सराहनीय कार्य किया।



जाहू स्कूल में क्यारियों की मरम्मत करते स्वयंसेवी।

### समीरपुर में पहाड़ी महिला प्रतियोगिता का आयोजन

**टौणी देवी।** आज समीरपुर सेक्टर महिला मंडल सदस्यों द्वारा केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा आयोजित की जाने वाली पहाड़ी महिला प्रतियोगिता का आयोजन समीरपुर में किया गया जिसमें महिलाओं ने काफी उत्साह दिखाया। महिला मोर्चा की प्रवक्ता अनिता गाथानीया ने अपनी पंचायत समीरपुर में महिला मंडलों का रजिस्ट्रेशन करवाया, जिसमें नीलम अरोड़ा , ज्योति परमार कर्मी धीमान, मंजू कुमारी, सहित अनेक महिला मंडल सदस्य उपस्थित रहीं

### सुनील बिट्टू मेधावी स्टूडेंट्स को करेंगे पुरस्कृत

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू वीरवार को ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर वह शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कार वितरित करेंगे।

### स्वयंसेवियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

**हमीरपुर।** राजकीय महाविद्यालय बड़सर में एनएसएस के साथ दिवसीय शिविर के समापन समारोह पर मुख्यातिथि डॉ. मनोज डोगरा ने एनएसएस के स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस का मूल उद्देश्य निस्वार्थ भावना से कार्य करना है। उन्होंने स्वयंसेवियों को बताया कि ऐसे सामाजिक संगठनों से जुड़कर रचनात्मक और सकारात्मक सोच में परिवर्तन आता है और युवावस्था में आप सबको ऐसे संस्थाओं से अवश्य जुड़ना चाहिए ताकि आपका सर्वांगीण विकास हो सकें। सभी स्वयंसेवियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया तथा दिल की गहराइयों से एनएसएस शिविर राजकीय महाविद्यालय बड़सर को 2100 रुपए भेंट स्वरूप दिए। इस दौरान एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. विजय ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। उन्होंने स्वयंसेवियों द्वारा सात दिवसीय शिवर की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कॉलेज प्रांगण को साफ-सुथरा करने के साथ-साथ गांव के लोगों को भी जागरूक किया।




डॉ. मनोज डोगरा को सम्मानित करते स्वयंसेवी।

# जेबीटी प्रशिक्षित बेरोजगार संघ मुख्यमंत्री से मिला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जेबीटी प्रशिक्षुओं ने बुधवार को नादौन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया की जेबीटी बैच वाइज भारती का रिजल्ट जल्दी घोषित किया जाए।

उनका कहना था कि बैचवाइज भर्ती नवंबर 2023 में हुई थी और इसका रिजल्ट भी तैयार हो चुका है परंतु कोर्ट के मामलों की वजह से हाई कोर्ट ने इस भर्ती के रिजल्ट पर बगैर कोर्ट की अनुमति के रिजल्ट घोषित करने से मना किया हुआ है, इसीलिए यह प्रशिक्षु मुख्यमंत्री से मिले। उनका कहना था कि कोर्ट में सरकार जल्दी से अपना पक्ष रखे इसकी स्वीकृति ले, ताकि इस वर्ग के 10 से 12 सालों के लंबे संघर्ष के बाद भर्ती की प्रक्रिया को अंजाम दिया जा सके।

संघ के प्रदेश महासचिव जगदीश प्रज्ञा ने बताया कि सरकार को जल्दी से जल्दी जेबीटी भर्ती का रिजल्ट निकाल देना चाहिए ताकि प्रदेश भर के स्कूलों में खाली पड़े टीचर्स के पदों को भरा जा सके।



मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे जेबीटी प्रशिक्षु सामूहिक चित्र में।

# हिमाचल की चारों लोकसभा सीटें जीतेगी भाजपा : सिकंदर

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर ने कहा वर्ष 2024 में नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। पिछले 10 वर्षों में देश और विदेश मे भारत वर्ष ऊंचाइयों पर पहुंचा है। आज भारत पूरे विश्व में अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में चौथे नंबर पर पहुंच चुका है। उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश की चारों सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार जीत दर्ज करेंगे। सिकंदर ने मैहरे पब्लिक लाइब्रेरी का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा हिमाचल प्रदेश के विकास पर 1462 करोड़ रुपए खर्च करके एक मिसाल पेश की है। इस अवसर संजीव शर्मा, यशपाल सिंह, पंडित राकेश व यशपाल शर्मा उपस्थित थे।

# अभिभावक रखें अपने बच्चों पर नजर

**अनंत ज्ञान, जाहू**

उपमंडल भोरंज के तहत शिवा पब्लिक स्कूल चंदरुही में वार्षिक वितरण समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व भोरंज विधायाक कमलेश कुमारी थी। कार्यक्रम में स्कूल की मुख्याध्यापिका अनितन ठाकुर ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया व स्कूल की वर्ष भर की गतिविधियों को सबके समक्ष रखा। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में स्टूडेंट्स को नशे से दूर रहने की सलाह दी। अभिभावकों को भी अपने बच्चो पर नजर रखने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि अपने बच्चों के साथ मित्रों की तरह व्यवहार करें। कमलेश कुमारी ने अपने संबोधन में कहा बच्चे हमारे देश की रीड की हड्डी है। उन्होंने अध्यापकों से आह्वान किया कि बच्चों को गुणात्मक और प्रतियोगात्मक शिक्षा देने के लिए कार्य करें तथा अच्छे नागरिक तैयार करके देश-प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने स्कूल की शिक्षा, खेलकूद गतिविधियों व अन्य गतिविधियों में बच्चों की सहभागिता की सराहना की। इस मौके पर भवानी शर्मा, हेम राज शर्मा, जुल्मी शर्मा, अजीत शर्मा, हुकम चंद, राकेश अत्री आदि उपस्थित रहे।



बच्चों को पुरस्कार देती पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, साथ हैं शिक्षक।

# गणित मेले में बच्चों ने सीखा पैसों का लेन-देन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में गणित मेला धूमधाम से मनाया गया। मेले का शुभारंभ वाइस प्रिंसिपल अश्विनी कुमार, अकादमिक समन्वयक कंचन लखनपाल व शशि बाला द्वारा किया गया। इस मेले में कक्षा तीसरी, चौथी के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों को यह सीखना था कि किस तरह से पैसों का लेन-देन करके चीजों को खरीदा जाता है। मेले में कुछ बच्चों ने दुकानदार और कुछ बच्चों ने ग्राहक की भूमिका निभाई। बच्चों ने यह सीखा कि किस तरह से चीजों को खरीदा जाता है और ग्राहक को बाकाया वापस किया जाता।



हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में आयोजित गणित मेले में भाग लेते स्टूडेंटस।

# महिलाओं को घर-द्वार मिल रहा रोजगार : अर्चना

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

हमीरपुर के सांसद वर्तमान में भारत सरकार के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने में बेहतरीन भूमिका निभा रहे हैं। यह बात जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना चौहान ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री द्वारा मातृशक्ति के लिए चलाए जा रहे निशुल्क हथकरघा प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण करने के बाद कहीं। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन पर महिलाओं के लिए निशुल्क हथकरघा प्रशिक्षण केंद्र खोले गए हैं।

भोरंज विधानसभा की ग्राम पंचायत आवहदेवी, बराड़ा व सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के पंचायत नाडसी में प्रयास संस्था के माध्यम से इन प्रशिक्षण केंद्रों ने कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने कहा कि बुधवार को उन्होंने तमाम खोले गए प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण किया और यहां पर महिलाओं को दी जाने वाली तमाम सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने बताया कि यह केंद्रीय मंत्री की ही सोच है कि महिलाओं को घर-द्वार पर रोजगार मिले इसके लिए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसके माध्यम से निशुल्क हथकरघा प्रशिक्षण केंद्रों में महिलाओं को गर्म शॉल, गर्म कंबल, मफरल तमाम गर्म उत्पाद बनाने की पूरी जानकारी दी जा रही है। प्रयास संस्था के संयोजक संजीव ठाकुर ने बताया केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन पर प्रयास संस्था मातृशक्ति को निशुल्क हथकरघा प्रशिक्षण उपलब्ध करवा रही है ताकि महिलाओं का संपूर्ण विकास हो सके घर-द्वार पर उन्हें रोजगार मिल सके।

**सरोकार** | लाभार्थी महिलाओं एवं किशोरियों को दिए एफडी के दस्तावेज

# विधायक ने बांटे सुख आश्रय योजना के प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

विधायक सुरेश कुमार ने बुधवार को यहां 'सशक्त महिला' योजना के अंतर्गत खंड स्तरीय जागरूकता शिविर की अध्यक्षता की। उन्होंने प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत 10 बेसहारा बच्चों को पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान किए।

उन्होंने मुख्यमंत्री शगुन योजना के तीन लाभार्थियों को कुल 93 हजार रुपए के राशि हस्तांतरण पत्र और बेटी है अनमोल योजना के अंतर्गत 26 लाभार्थियों को कुल 5.46 लाख रुपए की राशि की एफडी के दस्तावेज भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना बेसहारा बच्चों, परित्यक्त महिलाओं और निराश्रित बुजुर्गों के लिए वरदान साबित होगी। सुरेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना इन उपेक्षित बेसहारा लोगों को भौतिक सुख साधन, उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा व कौशल विकास के अवसर प्रदान करके सम्मानजनक जीवन-यापन के लिए अवसर प्रदान करेगी। बेसहारा बच्चों के लिए स्टार्टअप जैसी व्यवस्था के लिए वित्त पोषण की सुविधा के साथ-साथ विवाह अनुदान के रूप में दो लाख रुपए और गृह निर्माण हेतु तीन बिस्वा भूमि के अतिरिक्त गृह निर्माण अनुदान राशि के रूप में तीन लाख रुपए की सहायता राशि की व्यवस्था कारवाई जाएगी।



भोरंज के विधायक सुरेश कुमार बच्चों के साथ।

### प्रदेश सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए प्रयासरत

**प्रदेश** सरकार मुख्यमंत्री सुक्खू की दूरगामी सोच के तहत सभी वर्गों के उत्थान व विकास के लिए प्रयासरत है। बाल विकास परियोजना अधिकारी जीत राम चौधरी ने बताया कि विकास खंड भोरंज में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत 18 वर्ष तक आयु वर्ग के सात तथा 18-27 वर्ष आयु वर्ग के 38 युवाओं को प्रतिमाह 4000 रुपए प्रति माह लाभ देने बारे अनुशंसा की गई है।

## जम्मू की कोट भलवाल केंद्रीय जेल में बंद लश्कर आतंकी के पास मिला स्मार्टफोन

**एजेंसी, जम्मू**

जम्मू की कोट भलवाल स्थित केंद्रीय जेल में बंद लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी के पास से एक स्मार्टफोन बरामद किया गया है। यह स्मार्टफोन चीनी कंपनी पोको का है, जिसे जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जब्त कर लिया है। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कठुआ के हरिया चक निवासी हबीब पुत्र हज शेरू के पास से एक स्मार्टफोन बरामद किया गया है, जिसे जम्मू-कश्मीर पुलिस को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह फोन जेल के अंदर कैसे पहुंचा इसकी जांच की जा रही है। जेल के अंदर से मोबाइल फोन मिलने के बाद केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने अपने स्तर पर इस सुरक्षा उल्लंघन की जांच शुरू कर दी है। यह आतंकी हबीब कठुआ के ढल्ली क्षेत्र में सीमा पार से आए ड्रोन से यूबीजीएल और चुंबकीय बमों की बरामदगी से संबंधित मामले में आरोपी है। पिछले साल राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उसे गिरफ्तार किया था। शुरू में मामला कठुआ के राजबाग थाने में दर्ज किया गया, जिसे बाद में जनवरी, 2022 में एनआईए ने पंजीकृत किया। एनआईए को जांच में पता चला कि पाकिस्तानी हैंडलर सज्जाद गुल के निर्देश पर आतंकी हबीब सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से गिराए जाने वाले हथियार कश्मीर घाटी में सक्रिय आतंकवादियों को पहुंचाता था।

### स्टारलाइनर दृष्टि-10 यूएवी जल्द ही नौसेना और सेना में शामिल होगा, अडानी डिफेंस ने हैदराबाद के यूएवी कॉम्प्लेक्स में किया है विकसित

## नौसेना को मिला पहला स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस दृष्टि-10 यूएवी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बुधवार को पहला स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस दृष्टि-10 यूएवी नौसेना को सौंप दिया। इसे अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज ने हैदराबाद स्थित यूएवी कॉम्प्लेक्स में निर्मित किया है। हर्मीस यूएवी पर आधारित स्टारलाइनर दृष्टि-10 यूएवी जल्द ही नौसेना और सेना में शामिल होगा।

उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद यह यूएवी विकसित करके नौसेना को सौंपा जाना महत्वपूर्ण है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज में पहले स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस यूएवी की प्रगति का जायजा लेने और समीक्षा करने के लिए आपके बीच आना वास्तव में सम्मान और गर्व की बात है। दृष्टि-10 अनुबंध के बाद केवल 10 महीनों में अपने नाम के अनुरूप यह यूएवी दिन की रोशनी देख चुका है। उन्होंने कहा कि समसामयिक दुनिया के तेजी से विकसित हो रहे और गतिशील तकनीक से जुड़े युद्धों में स्वायत्त प्रणालियों के महत्व पर जोर देने की कोई आवश्यकता नहीं है। हम अपने घरों में बैठे-बैठे यूरोप और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्षों में उनके प्रभाव को देखते रहते हैं। इसके अलावा उत्तरी अरब सागर में हाल की घटनाएं इस तरह की प्रणालियों के आतंकवादियों के हाथों में पड़ने पर उत्पन्न होने वाली चुनौतियां दर्शाती हैं। एडमिरल कुमार ने कहा कि आज दुनिया भर के देशों के लिए युद्ध के क्रम में स्वायत्त प्रणालियां पसंदीदा विकल्प बनती जा रही हैं। हमारे दोनों निकटतम पड़ोसियों के पास सामूहिक रूप से यूएवी की एक बहुत बड़ी सूची है। इसलिए एक राष्ट्र के रूप में और सशस्त्र बलों के रूप में हमें चुस्त और सतर्क रहकर इस क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करना जारी रखें। भारतीय नौसेना पिछले दो दशकों से यूएवी का संचालन कर रही है, जो नौसेना के आत्मनिर्भर और फ्यूचर-प्रूफ बल होने के विजन का प्रतीक है। ऐसे परिष्कृत और विशिष्ट प्लेटफार्मों के स्वदेशीकरण को अपनाने और एकीकृत करने में सशस्त्र बलों के बीच अग्रणी के रूप में हमारे कद को भी मजबूत करती है।



### नौसैनिक अभियानों को आकार देने में महत्वपूर्ण

**उन्होंने** आज नौसेना को सौंपे गए दृष्टि-10 यूएवी की खूबियों के बारे में बताया कि अत्याधुनिक सेंसर, उन्नत सहनशक्ति, उन्नत संचार क्षमताओं के साथ-साथ स्वचालित टेक ऑफ और लैंडिंग (एटीओएल) जैसी नई पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों के साथ इंटेलिजेंस, निगरानी और विश्वसनीयता बढ़ेगी। दृष्टि-10 आकाश में हमारी तीसरी आंख बन सकता है, जिससे हमारी नौसेना भारत पर बुरी नजर डालने की हिम्मत करने वाले किसी भी व्यक्ति पर निशाना साधने में सक्षम होगी। मुझे विश्वास है कि दृष्टि-10 यूएवी भारत के राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए हमारे भविष्य के नौसैनिक अभियानों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और हिंद महासागर क्षेत्र में हमारे दोस्तों और भागीदारों के सहयोग से समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

## वर्ल्ड न्यूज

### मोबाइल चार्जर पर झगड़े में पति ने पत्नी को नाक पर मारा मुक्का

**पठानकोट।** मोबाइल चार्ज को लेकर मारपीट करने को लेकर पत्नी ने अपने ही पति के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। शिकायतकर्ता मिशन रोड घरथौली मोहल्ला निवासी कोमल रानी ने पुलिस को दर्ज करवाए बयान में बताया कि वह 16 दिसंबर को अपने मायके घर जालंधर से अपने ससुराल घर पठानकोट आई थी। उसका पहले भी अपनी पति के साथ राजीनामा हुआ है। 17 दिसंबर की दोपहर को उसका पति ने मोबाइल चार्जर को लेकर उसके साथ लड़ाई झगड़ा करने लग पड़ा। पत्नी ने आरोप लगाया कि उसके पति ने नाक पर मुक्का मारा। मारपीट में उसके काफी अंदरूनी चोटें लगी। उसके ताया के लड़के ने उसे सिविल अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचाया। थाना डिवीजन नं.1 पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर पति पुनीत कुमार के खिलाफ 323, 325 के तहत मामला दर्ज किया है।

### पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास से 2.5 किलो नशीला पदार्थ बरामद

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास के गांव से सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान के दौरान बुधवार को 2.5 किलो वजन नशीला पदार्थ जब्त किया है। यह नशीला पदार्थ तीन पैकेटों में बंद था। नशीले पदार्थ की खेप को नियंत्रण रेखा के पार से तस्करी कर इस ओर पहुंचाया गया था। अधिकारियों ने कहा कि प्रतिबंधित पदार्थ को सीमा बाड़ के आगे माल्टी क्षेत्र में फेंक दिया गया था। तस्करों तक पहुंचने से पहले पुलिस और सुरक्षाबलों की टीम ने इस खेप को जब्त कर लिया। अधिकारियों ने कहा कि तलाशी अभियान फिलहाल जारी है और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

### चंडीगढ़ में मेयर पद के लिए चुनाव 18 जनवरी को

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में नगर निगम के मेयर पद के लिए चुनाव 18 जनवरी को होंगे। इसकी घोषणा बुधवार को डिप्टी कमिश्नर विनय प्रताप सिंह ने एक नोटिस के जरिए की। मेयर चुनाव सेक्टर 17 स्थित एमसी बिल्डिंग में सुबह के 11 बजे होंगे। इस चुनाव में भी मुकाबला बीजेपी और आम आदमी पार्टी के बीच रहने की उम्मीद है। चंडीगढ़ मेयर पद इस साल अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व है। आम आदमी पार्टी के पास चंडीगढ़ में चार पार्षद एसी कैटेगरी से है जबकि कांग्रेस के दलित पार्षदों की संख्या दो है। अनुसूचित जाति के सबसे कम पार्षद बीजेपी से हैं। चंडीगढ़ नगर निगम में बीजेपी के पास अनुसूचित जाति से सिर्फ एक पार्षद है।

### हरिद्वार डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन ने किया परिवार मिलन कार्यक्रम

**हरिद्वार।** हरिद्वार डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में भेल सेक्टर-2 स्थित गुरु नानक एकेडमी में पारिवारिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आर्ट प्रतियोगिता, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली प्रतियोगिता, तम्बोला, महिला एवं बच्चों की खेल प्रतियोगिताएं, स्वास्थ्य जांच शिविर और जादूगर शो का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मेधावी बच्चों को सम्मानित करने के साथ नई कार्यकारिणी का स्वागत किया गया। हरिद्वार डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र भटेजा एवं महामंत्री संदीप वैष्णव ने कहा कि एसोसिएशन डिस्ट्रीब्यूटर्स के हितों के संरक्षण के अपने दायित्व को निभाने के साथ समाज के प्रति भी योगदान कर रही है। एसोसिएशन की और से प्रतिवर्ष पारिवारिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें सभी परिवार आपस में मिलते है, जिससे आपस में स्नेह का वातावरण बनता है। अध्यक्ष भटेजा ने कहा कि संगठित होकर व्यापारियों की समस्याओं का निदान किया जाएगा।

# गडकरी ने किए 29 प्रोजेक्टों के उद्घाटन और शिलान्यास

### पंजाब के लिए केंद्र सरकार ने खोला खजाना, चौड़ी होंगी सड़कें और बनेंगे नए फ्लाईओवर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पंजाब के लोगों को सौगात देते हुए होशियारपुर में 29 प्रोजेक्टों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इन पर करीब चार हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे और होशियारपुर, जालंधर और आसपास के इलाकों के लोगों को इन प्रोजेक्टों से काफी लाभ होगा। केंद्र सरकार देश में हाईवे और एक्सप्रेस वे का लगातार जाल बिझा रही है। हर राज्य में बेहतर रोड इंफ्रा खड़ा करने की दिशा में अब पंजाब में 4000 करोड़ की लागत से 29 नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स का निर्माण किया जाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को राज्य में 4,000 करोड़ रुपए की 29 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में लुधियाना में लाधोवाल बाईपास, लुधियाना में 6-लेन फ्लाईओवर और 2-लेन रोड ओवर ब्रिज, जालंधर-कपूरथला सेक्शन में 4 लेन और जालंधर-मक्खू रोड पर तीन पुल शामिल हैं। फोरलेन निर्माण से फगवाड़ा होशियारपुर के मध्य 100 किलोमीटर प्रति घंटा हाई स्पीड कनेक्टिविटी प्रदान होगी और यात्रा समय एक घंटे से घटकर 30 मिनट का रह जाएगा। फगवाड़ा और होशियारपुर बाईपास निर्माण से शहरी क्षेत्र में भीड़ कम होगी और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 (जीटी रोड) से होशियारपुर का सीधा संपर्क होगा। उन्होंने 670 किलोमीटर लंबी दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके पूरा होने पर दिल्ली से अमृतसर 4 घंटे में और दिल्ली से कटरा छह घंटे में पहुंचा जा सकता है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद सोम प्रकाश और भारतीय जनता पार्टी की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ भी मौजूद थे।



### इन अहम प्रोजेक्ट्स की रखी आधारशिला

**नितिन** गडकरी ने होशियारपुर-फगवाड़ा सड़क को 4 लेन में बदलने और फिरोजपुर बाईपास को 4 लेन बनाने समेत कई परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। नितिन गडकरी ने कहा कि पंजाब से दिल्ली, चंडीगढ़, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा तक बेहतर संपर्क सुविधा के लिए 1.20 लाख करोड़ रुपये की लागत से 5 नए एक्सप्रेसवे और इकोनॉमिक कॉरिडोर बनाए जा रहे हैं।

## हरियाणा के मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए यह जानकारी दी।

### खेडां वतन पंजाब दीयां सीजन-2 का समापन

## विजेता खिलाड़ियों को 8 .30 करोड़ की पुरस्कार राशि जारी



**एजेंसी, चंडीगढ़**

खेडां वतन पंजाब दीयां सीजन-दो बुधवार को समाप्त हो गया। इसके साथ ही विजेता खिलाड़ियों के लिए 8.30 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि भी जारी कर दी गई जो कि सीधे खिलाड़ियों के बैंक खातों में जानी शुरू हो गई है। उक्त जानकारी खुद सीएम भगवंत मान ने सोशल मीडिया पर दी। उन्होंने जानकारी दी कि खेडां वतन पंजाब दीयां के माध्यम से पूरे पंजाब में बच्चे खेलों से जुड़ रहे हैं और हर साल यह संख्या बढ़ रही है। सीएम मान ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई भी दी। सीएम मान ने ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज आधिकारिक तौर पर खेड़ां वतन पंजाब दीयां सीजन-दो का समापन हुआ। विजेता खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि भी जारी की गई जो सीधे खिलाड़ियों के खातों में जमा की जाएगी। सभी विजेता खिलाड़ियों को मेरी बधाई।

खेड़ां वतन पंजाब दीयां मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा आयोजित एक खेल कार्यक्रम है। यह आयोजन पंजाब के प्रत्येक निवासी को खेल से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इसके तहत ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। यह नागरिकों के बीच एकता, सांप्रदायिक सद्भाव की भावना पैदा करता है और उभरती प्रतिभाओं को एक मंच भी प्रदान करता है।

### अमेरिका भेजने के नाम पर 15 लाख रुपए की धोधाधड़ी

**पठानकोट।** अमेरिका भेजने के नाम पर 15 लाख रुपए की धोधाधड़ी करने के आरोप में पठानकोट के थाना डिवीजन नंबर 2 में दंपती के खिलाफ 346, 420, 24 इमीग्रेशन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। मोहल्ला भारत नगर निवासी जोगिंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बयान दर्ज करवाए कि उसका भतीजा जगमीत सिंह बचपन से ही उसके पास रह रहा है, जिसका पालन पोषण और पढ़ाई भी वह करवा रहे हैं। उसका भतीजा जगमीत सिंह कामकाज के लिए विदेश जाना चाहता था। इस संबंधी उसे पता लगा कि एजेंट परमिंद्र सिंह और उसकी पत्नी बलविंद्र कौर लोगों को देश भेजने का काम करते हैं। इस संबंधी उसकी परमिंद्र सिंह के साथ अक्तूबर 2023 में फोन पर बातचीत हुई। कुछ दिनों बाद वह व्यक्ति उसके घर भारत नगर पठानकोट आया जिसने बातचीत के दौरान कहा कि वह उनके भतीजे को सीधे अमेरिका भेज देगा।

इस काम के लिए 45.50 लाख रुपए लगेंगे। उसने इनके झांसे में आकर 03-12-2023 को इन्हें 15 लाख रुपए, जरूरी कागजात और पासपोर्ट दे दिए। 14-12-2023 को उसके भतीजे ने फोन करके बताया कि एजेंट ने उन्हें कोलंबिया से पनामा के जरिए अमेरिका भेजना है। एजेंट ने फोन पर संपर्क किया। उसने बताया कि उनका लड़का पनामा के जंगलों में लापता हो गया है। वह उसे ढूंढ़ रहा हैं, लेकिन उसे पता लगा कि एजेंट समेत अपनी पत्नी विदेश जाने के लिए गाजीयाबाद से नया पासपोर्ट ईशू करवा लिया है। उक्त दोनों उन्हें झांसा देकर विदेश जाने की फिराक में है। आरोप लगाया कि एजेंट और उसकी पत्नी ने उसके भतीजे जगमीत सिंह को विदेश भेजने का झांसा देकर उनसे 15 लाख रुपए एडवांस लेकर उसके भतीजे को अमेरिका भेजने की बजाए पनामा के जंगलों में लापता कर दिया है। पुलिस अधिकारियों के पास इस मामले की शिकायत पहुंचने पर मोहल्ला सिंहपुरा काहनूवान जिला गुरदासपुर निवासी परमिंद्र सिंह और बलविंद्र कौर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## सूने घर को चोरों ने बनाया निशाना सोने-चांदी के गहने और नकदी चोरी

### चंडीगढ़ गया था कठुआ का परिवार, वापस लौटा तो टूटे मिले ताले



कठुआ के पटेल चौक में घर में चोरी होने के बाद बिखरे सामान को देखती महिलाएं।

**अनंत ज्ञान, कठुआ**

कठुआ के पटेल चौक में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया है। परिवार किसी काम से चंडीगढ़ गया था। मंगलवार शाम पांच बजे वापस लौटा तो टूटे ताले और बिखरा सामान देख पांव तले से जमीन खिसक गई।

बताया जा रहा है कि पीड़ित परिवार की बेटी की अप्रैल में शादी तय है, लेकिन चोर घर से सारे गहने और नकदी लेकर फरार हो गए। चोरी की वारदात कब हुई परिवार को अभी तक नहीं पता चल पाया। फिल्हाल, मामले की शिकायत थाना कठुआ में दी गई है। सूचना मिलने पर कठुआ पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी देते वार्ड नंबर 15 पटेल नगर निवासी शिवानी वर्मा ने बताया कि उसके माता-पिता और छोटी बहन किसी काम के चलते शुक्रवार को चंडीगढ़ गए थे। मंगलवार शाम को वह वापस लौटे तो देखा कि घर के ताले टूटे थे। बाहर मुख्य द्वार का ताला तोड़ने की बजाए चोर दीवार फांदकर अंदर गए और सभी कमरों के ताले तोड़ दिए। थाना प्रभारी, कठुआ अजय चिब ने बताया कि पुलिस चोरी के मामलों पर गंभीरता दिखा रही है। हटली में हुई चोरी के बड़े मामले को चंद दिन पहले ही ट्रेस किया गया है। इस मामले में भी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जल्द ही जांच कर चोरों को काबू कर लिया जाएगा।

## अनंत ज्ञान आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(11 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत** : 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास** : पौष, **तिथि** : अमावस्या 05:29 शाम तक, **नक्षत्र** : पूर्वाषाढ़ा (05:39 शाम तक), **पक्ष** : कृष्ण, **राहुकाल** : 01:47-03:05 रात्रि तक।

### विशेष दिन

11 जनवरी 2024 : पौष अमावस्या आज।
11 जनवरी 2024 : लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि आज।

सूर्योदय : 07:15
सूर्यास्त : 05:42

**मेष** : व्यावसायिक कार्यप्रणाली में लाभ बढ़ेगा। अचानक आए खर्चे आर्थिक बोझ बढ़ा सकते हैं। दोस्तों का सहयोग मिलेगा, लेकिन जीवन-साथी के साथ किसी छोटी-सी बात पर अनबन घर की शांति को भंग कर सकती है।

**वृषभ** : आज बौद्धिक चर्चा और समझौते में सफलता मिलेगी। आज किसी बड़े प्रोजेक्ट की रूपरेखा बनेगी। दुकान, मकान के विवाद आपसी समझौते से हल होंगे। मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते है।

**मिथुन** : आज राजकीय सहयोग से कार्य सिद्धि होगी। समय से भोजन और पर्याप्त, नींद न आने के कारण शरीर में अस्वस्थता अनुभव होगा। बाहरी लोगों के साथ अच्छे संबंध कायम हो सकते हैं।

**कर्क** : गुस्से पर काबू रखें। कार्यभार आज अधिक रहेगा। नए दोस्त बनेंगे। असहाय लोगों की मदद करें, उन्नति होगी। पढ़ाई में अवरोध आएगा। निराशावादी रवैये से बचें क्योंकि न सिर्फ यह आपकी संभावनाओं को कम कर देगा।

**सिंह**: आज मानसिक रूप से आपके मन में हताशा व्याप्त होगी। व्यापारी अपने व्यापार में धन लगाकर नए कार्य का प्रारंभ कर सकेंगे और भविष्य के लिए योजना भी बना पाएंगे। गलतफहमी से होने वाली दुर्घटना से बचते रहें।

**कन्या** : आज आप कम समय में काम को पूरा करने की कोशिश में कामयाब होंगे। आज बड़ा लाभ होगा। दुष्ट जन हानि पहुंचा सकते हैं। दिन की शुरुआत में थोडा समय धर्म में दें। आज किसी असहाय की मदद जरूर करें।

**तुला** : परिवार में मंगलकारी वातावरण रहेगा। दोस्तों और सगे- संबंधियों की तरफ से भेंट-उपहार मिलने से आनंद अनुभव करेंगे। कार्य सरलता से पूर्ण होंगे। व्यापारियों को विदेश के साथ के व्यापार में लाभ होगा।

**वृष्चिक**: आज मांगलिक प्रसंग आयोजित किए जाएंगे। प्रवास का आयोजन किए जाने की संभावना है। स्वास्थ्य के संबंध में प्रश्न खड़े होंगे। कामकाज के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा।

**धनु**: आज आपके कारोबार की बाधा दूर होकर कार्यसिद्धि होगी। गुस्से की भावना आपको हानि पहुंचा सकती है। बीमार व्यक्ति आज ऑपरेशन न कराएं। आपको किसी भी कार्य में सफलता मिलेगी।

**मकर** : आज परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। न्याय पक्ष में मजबूती आएगी। आज पढ़ाई पर कम ध्यान देने या घर की बजाय दोस्तों के साथ ज्यादा समय बिताने की वजह से बच्चे असंतोष का कारण बन सकते हैं।

**कुंभ** : आज के दिन लंबे समय से चले आ रहे लंबित कार्यों को आज गति मिलेगी। विचारों की भरमार आपको मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएगी। आज आप भावनात्मक तौर पर असुरक्षित महसूस कर सकते हैं।

**मीन** : आज आपके कार्य विलंब से पूरे होंगे। परिश्रम तो अधिक करेंगे परंतु फल कम मिलेगा। परिवार के आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। जीवनसाथी के साथ गलतफहमी के कारण विवाद संभव है।

### शेयर बाजार आखिरी घंटे की खरीदारी से शेयर बाजार में आई तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

## निवेशकों ने एक दिन में कमाए 1.39 लाख करोड़ रुपए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिन के आखिरी घंटे में हुई जोरदार खरीदारी के कारण घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली कमजोरी के साथ हुई थी। दिन के कारोबार में शेयर बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव बना रहा लेकिन आखिरी सत्र में जबरदस्त खरीदारी होने से शेयर बाजार ने बढ़त बना ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.38 प्रतिशत और निफ्टी 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान आईटी, मेटल और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह इंफ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी और ऑटोमोबाइल इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर एफएमसीजी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और रियल्टी सेक्टर के शेयर दबाव में कारोबार करते नजर आए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही। इसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.23 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आखिरी सत्र के दौरान हुई ताबड़तोड़ खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 1.39 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हो गई।



बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 368.86 लाख करोड़ रुपए (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 367.48 लाख करोड़ रुपए था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.39 लाख करोड़ रुपए का फायदा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,935 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,092 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,742 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 101 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए।

एनएसई में आज 2,155 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,127 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,028 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर बढ़त के साथ और 16 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 28 शेयर हरे निशान में और 22 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 3.01 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 71,383.20 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में बिकवाली की वजह से ये सूचकांक 275.23 अंक टूट कर 71,110.98 अंक तक पहुंच गया लेकिन इसके बाद खरीदारों ने भी जोर लगाया। इससे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होता दिखने लगा। पूरे दिन के कारोबार के दौरान ज्यादातर समय लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश जारी रही। इसकी वजह से सेंसेक्स की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा लेकिन कारोबार के आखिरी घंटे में खरीदारों ने अपना जोर बना दिया।

# कुटलैहड़ में हर वर्ष 200 छात्राओं की पढ़ाई का खर्च उठाएंगे भुट्टो

## विधायक ने हटली स्कूल से की शुरुआत, कहा-कोई भी छात्र गरीबी या फिर पैसे की तंगी के कारण पढ़ाई से नहीं रहेगा वंचित

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में हर वर्ष 200 गरीबी रेखा से नीचे वाली छात्राओं का पढ़ाई का खर्च उठाने का हमने निर्णय लिया है और उसकी शुरुआत सरकारी स्कूल हटली से हमने मंगलवार को कर दी है। हमारा उद्देश्य है कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में कोई भी छात्र गरीबी या फिर पैसे की तंगी होने के कारण पढ़ाई से वंचित नहीं रहे। एक वर्ष में हमने सौ से ज्यादा छात्र छात्राओं को सेकेंडरी या फिर उच्च शिक्षा के लिए मदद की है। यह शब्द कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोह में वार्षिक समारोह में कहे।

विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि शिक्षक छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को तराशते हैं और शिक्षकों द्वारा दिए गए संस्कारों एवं प्रेरणा से युवा स्कूल से शिक्षा ग्रहण करके बड़ा मुकाम हासिल करते हैं। भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र को शिक्षा का मॉडल बनाने के लिए हमारा निरंतर प्रयास जारी है। कुटलैहड़ विस क्षेत्र के लिए हमने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू या फिर शिक्षा मंत्री या अन्य मंत्रियों से भी मांग रखी है। उन्होंने तुरंत उस के समाधान की स्वीकृति प्रदान की है। फिर चाहे कुटलैहड़ के प्राइमरी विंग के उत्थान के लिए 70 लाख की बात हो। या फिर हाई ओर सेकेंडरी के लिए 60 नए कमरों के लिए 5 करोड़ से ज्यादा की धनराशि स्वीकृत करके उनकी समस्याओं का समाधान किया है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र का समग्र विकास करवाना हमारी प्राथमिकता है। भुट्टो ने कहा कि


राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोह में वार्षिक समारोह में मुख्यतिथि देवेंद्र कुमार भुट्टो के साथ बच्चे और अध्यापकष

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में सड़क, शिक्षा स्वास्थ्य, बिजली-पानी जनता की रोजमर्रा की जरूरत है। बीते 20 वर्षों में केवल इन पर राजनीति ही हुई है। हमने एक वर्ष में कुटलैहड़ विस क्षेत्र में इन मूलभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए प्रयास किए हैं। आज कुटलैहड़ विस क्षेत्र में जनता को सारी सुविधाएं मिल रही हैं। क्योंकि हमने हर विभाग को कड़े आदेश जारी किए हैं। इससे पूर्व मुख्यतिथि भुट्टो का सरोह स्कूल पहुंचने पर स्कूल स्टाफ एवं स्थानीय जनता ने जोरदार स्वागत किया।

मंच से स्कूल स्टाफ, एसएमसी ने मुख्यातिथि भुट्टो को समानित किया। छात्रों द्वारा बेहतर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्कूल प्रिंसिपल द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। मुख्यतिथि देवेंद्र कुमार भुट्टो ने मांग पर स्कूल मुख्यालय पर शहीदी गेट एवं श्मशानघाट के लिए पक्का रास्ता एवं अन्य घोषणाओं के लिए धन राशि स्वीकृत की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर स्कूल स्टाफ, स्थानीय जनता एवं अधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### मंदली स्कूल को दिए तीन लाख रुपए

**कुटलैहड़** विस क्षेत्र के मंदली स्कूल के खेल मैदान के सुधारीकरण के लिए 3 लाख की धनराशि पहुंचने पर स्कूल प्रिंसीपल एवं एसएमसी ने विधायक देवेंद्र भुट्टो का आभार प्रकट किया है। मंदली स्कूल के प्रिंसीपल देवेंद्र चौहान ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व स्कूल में कार्यक्रम के दौरान हमारी मांग पर विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने खेल मैदान के सुधारीकरण के लिए 3 लाख की घोषणा की थी। एक सप्ताह में 3 लाख की धनराशि मिल गई है। उसके लिए हम विधायक महोदय का आभार प्रकट करते है।

## हटली स्कूल में सजा सत्य साईं बाबा का दरबार

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटली में एनएसएस शिविर के पांचवें दिन श्री सत्य साईं सेवा समिति हटली द्वारा एनएसएस यूनिट के छात्रों को श्री सत्य बाबा के पद्चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम से पूर्व एनएसएस यूनिट के छात्रों ने साफ सफाई की। ओर योगाभ्यास भी किया। हटली की सत्य साईं सेवा समिति के कलविंद्र सलिंद्र राणा एवं सूबेदार जुल्फी राम शर्मा ने संबोधन में कहा कि श्री सत्य का अर्थ सच्चाई का मार्ग है। जो युवा नशे और कुसंगति को छोड़कर मेहनत करके सच्चाई के मार्ग पर चलता है। वही युवा अपनी मंजिल को प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि देश मे 140 करोड़ आबादी है। और 140 करोड़ भारत देश मे 100 प्रतिशत हर व्यक्ति श्री सत्य साईं बाबा से जुड़ा हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### अयोध्या से आए अक्षत कलश का स्वागत


मिटा गांव में अयोध्या के अक्षत निमंत्रण कलश का भव्य स्वागत करतीं महिलाएं।

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत धुंधला के मिटा गांव में श्री अयोध्या से आए निमंत्रण अक्षत कलश का भव्य स्वागत हुआ। घर-घर पर कीर्तन दरबार सजा। श्री राम नाटक क्लब हटली की महिला बिंग की प्रधान ज्योति वर्ज़ाता की अध्यक्षता में हर पंचायत में दर्जनों घरों में निमंत्रण अक्षत का स्वागत हुआ। हे राजा राम तेरी आरती गाऊं के साथ कीर्तन दरबार सजा।

### नशा मुक्त ऊना अभियान बना रहा बच्चों को सशक्त

**बंगाणा।** बंगाणा ब्लॉक के सभी स्कूलों में नशा मुक्त ऊना अभियान पर नवचेतना मॉड्यूल पर एक्टीविटी करवाई जा रही है। यह अनोखी पहल कहीं न कहीं बच्चों को मानसिक रूप से और समय के हिसाब से सशक्त बना रही है। यह जानकारी देते हुए बंगाणा ब्लॉक के राजकीय उच्च विद्यालय हरोट के इंचार्ज निर्मल सिंह राणा जी ने खुशी व्यक्त की है। नशा मुक्त ऊना अभियान ने कहीं न कहीं इस समाज को जो नशा मुक्त बनाने की जो पहल शुरु की है सभी स्कूल के अध्यापक और बच्चे उसका जोरदार तरीके से स्वागत करते हैं। स्कूल प्रशासन जिला प्रशासन से निवेदन करता है कि इस अभियान को मात्र एक साल नहीं बल्कि निरंतर चलाता रहे। इस मौके पर नशा मुक्त ऊना अभियान के प्रोग्राम अधिकारी सतपाल रणावत, स्थानीय स्कूल के मेंटर टीचर वीना कुमारी, सहायक मेंटर टीचर राकेश सांख्यान और सभी अध्यापक और बच्चे मौजूद रहे।

### युवती सम्मेलन का सत्ती ने किया शुभारंभ

**ऊना।** ऊना स्थित भाजपा कार्यालय दीपकमल में बुधवार को जिला महिला मोर्चा द्वारा युवती सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें ऊना के विधायक एवं पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतपाल सत्ती व जिलाध्यक्ष बलबीर चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन में प्रतिभागी युवतियों को भाजपा की विचारधारा से अवगत कराया गया। सतपाल सत्ती ने कहा कि जो प्रतिभा आज बेटियों में देखने को मिली, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिए संकल्प बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की सफलता का प्रमाण है। जिलाध्यक्ष बलबीर चौधरी ने कहा कि भाजपा के सामाजिक सरोकार भी हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य युवतियों को मंच मिले, जिससे उन्हें अपनी प्रतिभा को दिखाने का मौका मिले। सम्मेलन में भाषण प्रतियोगिता में युवतियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया गया है। जिसमें लगभग 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सतपाल सत्ती ने प्रतिभागी युवतियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किए। इस मौके पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनु ठाकुर, भाजपा के जिला महामंत्री राजकुमार पठानिया, संतोष सैणी भी मौजूद रहे।


### आधार सीडिंग कंपलीट, मोबाइल सीडिंग शेष

**ऊना।** जिला मुख्यालय में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर ने की। उन्होंने बताया कि जिला में आधार सीडिंग का कार्य 99.99 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। जबकि मोबाइल सीडिंग का कार्य 96.32 प्रतिशत पूरा हो चुका है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपनी-अपनी ईकेवाईसी संबंधित उचित मूल्य की दुकान में करवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उपभोक्त ा 31 जनवरी तक ईकेवाईसी अपनी नजदीकी उचित मूल्य की दुकान पर जाकर करवा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सितंबर से नवंबर 2023 तक खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 687 निरीक्षण किए गए। इस अवधि में अनियमितताओं के 25 मामलों पर कार्रवाई करते हुए 37 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। इसके अलावा 23 दुकानदारों और व्यापारियों को पॉलीथीन का उपयोग करने पर 21 हजार का जुर्माना किया गया। उन्होंने कहा कि 17 उचित मूल्य की दुकानों किया गया। इसके अलावा विशेष निरीक्षण के दौरान 12 गैस सिलेंडर जब्त किए गए और 15 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। महेंद्र पाल ने बताया कि उपभोक्त ाओं को गुणवता युक्त खाद्यान उपलब्ध करवाने के लिए बीते सितंबर से नवंबर माह तक कुल 48 सैंपल लिए गए। सभी सैंपलों की रिपोर्ट सही पाई गई है। बैठक में जिला परिषद चेयरमैन नीलम कुमारी, डीएफएससी राजीव शर्मा, एफसीआई के मैनेजर राजेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

### गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश दिवस पर सार्वजनिक अवकाश की मांग, सौंपा ज्ञापन

**ऊना।** गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश दिवस पर सार्वजनिक अवकाश की मांग को



लेकर बुधवार को गुरु नानक मिशन संस्था का शिष्टमंडल डीसी राघव शर्मा से मिला। इस दौरान डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में प्रदेश सरकार से गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की गई। संस्था के महासचिव हरपाल सिंह कोटला ने कहा कि देश के लिए परिवार न्योछावर करने वाले दशम गुरु का प्रदेश में प्रकाश दिवस बड़े स्तर पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में गुरु गोबिंद सिंह से संबंधित दर्जनों ऐतिहासिक गुरुद्वारे हैं। जहां बाहरी राज्यों की संगत भी नतमस्तक होती है। उन्होंने कहा कि इस दिवस पर सार्वजनिक अवकाश न होने से सिख समुदाय में गुस्सा है। हरपाल सिंह ने कहा कि इस अवसर पर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश न होने से संगत कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो पाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करे। शिष्टमंडल में परमजीत सिंह, सुखवंत सिंह, बलविंदर सिंह, भूपिंदर सिंह शामिल थे। उधर, हिमाचल सिख फेडरेशन के अध्यक्ष गुरमेज सिंह ने भी गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश दिवस पर सार्वजनिक अवकाश किए जाने की मांग की है।

# अग्निहोत्री ने हरोली में किए 22 करोड़ की योजनाओं के लोकार्पण

## आईटीआई पूवोवाल के कार्यशाला भवन, टाहलीवाल पुलिस थाना का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बुधवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र में लगभग 22 करोड़ रुपए के विकासात्मक कार्यों के उद्घाटन किए। उन्होंने कहा कि हर महीने विकास दिवस के रूप में हम हरोली विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिखते हैं। उन्होंने कहा कि इस कड़ी के पहले चरण में आज 2.37 करोड़ से नवनिर्मित आईटीआई पूवोवाल के कार्यशाला भवन, रेन शेल्टर गोंदपुर और टाहलीवाल पुलिस थाना का शुभारंभ किया है। इसके अलावा संत ढांगू वाला की पुण्यतिथि पर बीटन कॉलेज में 34 लाख से बनी कैंटीन का लोकार्पण किया है।

मुकेश अग्निहोत्री ने टाहलीवाल में पुलिस थाना का शुभारंभ करते हुए कहा कि हरोली की जनता को सुरक्षित रखना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है। आने वाले समय में टाहलीवाल थाना अपराधिक


टाहलीवाल पुलिस थाना का उद्घाटन करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए ए क्लास थाना बनकर उभरेगा। इसके परिणाम भी एक क्लास होंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस थाने में 46 पद स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही पोलयां में भी पुलिस चौकी खोली जाएगी। मुकेश अग्निहोत्री ने अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश में पारदर्शिता के साथ काम करने वाली सरकार ने सत्ता संभाली है। उन्होंने कहा कि कानून के खिलाफ और गैर कानूनी कार्य करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि हरोली में भी माइनिंग के नाम पर लूट मचाने व अपराधिक/नशे जैसी गतिविधियों करने वालों के विरुद्ध प्रशासन और सरकार एक साथ मिलकर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नशीलों पदार्थों की गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि हरोली क्षेत्र को विकास के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि पालकवाह के कौशल विकास केंद्र के संचालन के लिए ट्रिपल आईटी सलोह के साथ समझौता किया गया है। उन्होंने कहा कि पूबोवाल में 8 करोड़ से पेयजल योजना का लोकार्पण किया। यह पेयजल योजना मात्र चार महीने में बनकर तैयार हुई है। उन्होंने हीरां पंचायत में सामुदायिक भवन और पंडोगा में 6 करोड़ से नवनिर्मित आईटीआई के शैक्षणिक भवन का उद्घाटन किया। इस मौके पर पर पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रणजीत राणा, प्रदेश कांग्रेस सचिव अशोक ठाकुर, ओबीसी सैल के अध्यक्ष प्रमोद कुमार और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद बिट्टू सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री ने हरोली-शिमला बस सेवा को दिखाई हरी झंडी

## पांच घंटे में पहुंचाएगी शिमला, 325 रुपए किराया


हरोली-शिमला बस सेवा को हरी झंडी दिखाते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना जिला के हरोली से शिमला के लिए हिमाचल परिवहन निगम की बस सेवा शुरू हुई। जिसे बुधवार को हरोली से उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरी झंडी दिखाई । यह बस सेवा हरोली से शिमला 5 घंटे में पहुंचाएगी।

इस बस सेवा के शुरू होने से हरोली, ऊना, मैहतपुर सहित साथ लगते एरिया के लोगों का राजधानी शिमला आना जाना आसान हो जाएगा। यह बस सेवा हरोली प्रतिदिन सुबह 6 बजे हरोली से चलेगी और सुबह 11 बजे शिमला आईएसबीटी पहुंचेगी। इस बस की ऊना आईएसबीटी में सुबह 6.20 बजे की टाइमिंग रहेगी। वहीं, शिमला आईएसबीटी से यह सेवा दोपहर 2.15 बजे शुरू होगी। ऊना आईएसबीटी में शाम 6 बजे का समय रहेगा। शाम साढ़े 6 बजे हरोली बस में पहुंचेगी। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि क्षेत्रवासियों की मांग पर हरोली से शिमला के लिए परिवहन निगम की नई बस सेवा शुरू की गई है। यह बस सेवा हरोली से ऊना, मैहतपुर, आनंदपुर साहिब, कीरतपुर साहिब, कोटीपुरा एम्स, दालड़ाघाट, शालाघाट और घणाहट्टी होते हुए शिमला पहुंचेगी। हरोली से शिमला का किराया 325 रुपए होगा जबकि आईएसबीटी ऊना से शिमला का किराया 314 रुपए लगेगा।

### समूरखुर्द बीएड कॉलेज में 12 को युवा दिवस कार्यक्रम

**ऊना।** समूरखुर्द स्थित शिक्षा भारती बीएड कॉलेज में 12 जनवरी को नेहरू युवा केंद्र द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें डीसी राघव शर्मा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। नेहरू युवा केंद्र के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. लाल सिंह ने बताया कि रोड सेफ्टी, स्वच्छता, देश प्रेम, राष्ट्र भक्ति और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर माल्यार्पण होगा। माय भारत पोर्टल पर पंजीकृत विभिन्न विभागों कर प्रदर्शनियों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि जिसमें विभिन्न युवा संस्थाओं, सामुदायिक और शैक्षणिक संस्थाओं के लगभग 400 युवा प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से युवा पीढ़ी को जागरूक करने के लिए 13 से 19 जनवरी तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# गणतंत्र दिवस समारोह पर कृषि मंत्री फहराएंगे तिरंगा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह यहां राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) के मैदान में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर डीसी राघव शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय समारोह में कृषि मंत्री चंद्र कुमार मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

उन्होंने कहा कि समारोह से पूर्व सुबह 10.40 बजे कृषि मंत्री यहां शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके बाद सुबह 10.55 बजे समारोह स्थल पर ध्वजारोहण करेंगे। परेड का निरीक्षण करने के बाद मार्च पास्ट की सलामी ली जाएगी। राघव शर्मा ने कहा कि परेड में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी और एनएसएस की टुकडियां शामिल होंगी। स्कूली बच्चों, पुलिस, भाषा सहित अन्य विभागों द्वारा


डीसी अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में जिला के समग्र विकास को दर्शाती विभिन्न विभागों की विकासात्मक झांकियां निकाली जाएंगी। जिनमें स्वास्थ्य, डीआरडीए, कृषि, बागवानी, महिला एवं बाल विकास और भाषा विभाग की झांकियां समारोह का हिस्सा बनेंगी। बैठक में एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर, सहायक आयुक्त वीरेंद्र शर्मा, एएसपी संजीव भाटिया सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्वजीत पटियाल ने कलरूही में महाशिव पुराण कथा में की पूजा

## शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन शिव और पार्वती विवाह का मंचन किया

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला ऊना के गांव कलरूही के पंचमुखी शिव मंदिर से हो रही शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन आचार्य गोपाल स्वरूप शास्त्री ने शिव और पार्वती विवाह का मंचन किया। शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन समाजसेवी विश्वजीत पटियाल ने सुबह पूजा अर्चना की। आचार्य गोपाल स्वरूप शास्त्री ने कथा को आगे बढ़ाया और बताया शिव विवाह की कथा सुनाई और कहा कि आत्मा का परमात्मा से मिलन ही शिव में लीन हो जाना है।

भगवान शंकर वैराग्य के देवता माने गए है, परंतु शिव ने विवाह कर संसार को गृहस्थ आश्रम में रहकर भी वैराग्य व योग धर्म का अनुसरण करने का तरीका दिया है। कथा वाचक ने कहा कि शिव परिवार में भगवान के वाहक नन्दी, मां पार्वती


शिव महापुराण कथा में समाजसेवी विश्वजीत पटियाल ने सुबह की पूजा-अर्चना।

का शेर, गणेश का मूषक और कार्तिकेय का वाहन मोर है। शिव के गले मे सर्प रहते हैं, जो सभी विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस्य रखना ही शिव पुराण सिखाता है।

भगवान के विवाह के वर्णन में मैनादेवी व हिमालय राज की पुत्री के रूप मे मां पार्वती का जन्म लेना। प्रारम्भिक काल मे शिव की तपस्या करना, उसी दौरान ताड़का सुर के आतंक को खत्म करने के लिए शिव का निद्रा भंग हुई। तब जाकर शिव पार्वती का विवाह हुआ। इस कथा में भगवान शंकर की बारात भी निकाली गई। विवाह के दौरान माता-बहनों ने शिव-पार्वती विवाह पर मंगल गीत गाए गए तो पांडाल में मौजूद श्रद्धालुओं ने भजनों पर नृत्य कर शिव-पार्वती विवाह का आनंद लिया।

इस पावन मौके पर अयोध्या से आए हुए श्री राम जी के अक्षत को लेकर प्रभु राम के भक्त भी पहुंचे। सभी प्रभु भक्तों ने राम नाम के जयकारों से आए श्री राम अक्षतों व प्रभु भक्तों का स्वागत किया।

**मांग** संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ ने शास्त्री पदों के नए भर्ती नियमों पर जताया ऐतराज

# टीजीटी संस्कृत की भर्ती रद्द करे प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान, ऊना**

संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ की ऊना इकाई ने शास्त्री पदों की भर्ती के नए नियमों का विरोध किया है। बुधवार को यहां डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में टीजीटी संस्कृत के पदों की काउंसलिंग के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार से शास्त्री पदों की भर्ती को रद्द करने की मांग उठाई।

संघ ने चेताया कि अगर सरकार ने हमारी मांग को अनसुना किया तो उसका डटकर विरोध किया जाएगा। जिलाध्यक्ष सोहन लाल ने कहा कि शास्त्री की उपाधि वाले अभ्यार्थियों से कुठाराघात हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमने अपने पक्ष को सरकार के समक्ष रखने का


संघ के पदाधिकारी विरोध जताते हुए।


प्रयास किया है। लेकिन सरकार हमारी बात को अनसुना कर रही है। जिसका विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे ऊपर एनसीटीई के जो नियम लागू किए हैं, वह सरासर गलत हैं। जिसका संघ पुरजोर विरोध करता है। उन्होंने कहा कि बीए और एमए वालों को हमारे साथ सम्मिलित किया जा रहा है। जो तर्कसंगत नहीं है। कांगड़ा इकाई के जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि सभी ने पांच साल तक 35 विषय पढ़कर उपाधि प्राप्त की है। जबकि प्रदेश सरकार 3-4 विषय पढ़ने वालों को टीजीटी संस्कृत के भर्ती में प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि टीजीटी संस्कृत के पदों की काउंसलिंग में सभी अभ्यार्थियों से लिए डॉक्यूमेंट लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश सरकार की दोगली नीति है। सामान्य बीए वाले अभ्यार्थियों को लिया जाता है तो यह शास्त्री की उपाधि करने वालों के साथ कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि उपाधि शास्त्री की है और विषय भी सीएंडवी के अंदर शास्त्री ही आता है। उन्होंने कहा कि हमें टीजीटी संस्कृत पद की बजाय शास्त्री पद ही चाहिए। अगर सरकार के पास सामान्य शास्त्री को बीएड करवाने का इंफ्रास्ट्रक्चर है तो हम सभी बीएड करने के लिए तैयार हैं।

# एलआईसी अधिकारियों-कर्मचारियों ने की सांकेतिक हड़ताल, नारेबाजी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना में नॉर्दर्न जोन इंश्योरेंस इम्प्लायज एसोसिएशन के तत्वावधान में एलआईसी अधिकारियों व कर्मचारियों के संयुक्त मोर्चा ने एक घंटे की सांकेतिक हड़ताल की। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की।

जिसमें ऑल इंडिया इंश्यारेंस इम्पलायज एसोसिएशन के सचिव चरण सिंह, फेडरेशन ऑफ एलआईसी क्लास वन एसोसिएशन के सचिव राजीव कुमार, नेशनल फेडरेशन ऑफ नेशनल इंश्यारेंस फील्ड वर्कर के सचिव बृजपाल शेखावत ने निगम प्रबंधन से लंबित वेतन पुर्ननिरीक्षण की मांग पर जल्द वार्ता करने का आग्रह किया।


कर्मचारी व अधिकारी सांकेतिक हड़ताल करते हुए।

उन्होंने एलआईसी में नई भर्तियां शुरू करने और एनपीएस में अंशदान को 14 प्रतिशत करने की मांग रखी। उन्होंने कर्मचारियों की मांगों को लेकर निगम प्रबंधन से प्रतिनिधि मंडल को जल्द वार्ता के लिए बुलाने का आग्रह किया। इस मौके पर एलआईसी ऊना ब्रांच के राकेश कुमार, दिलबर सिंह, रवि जोशी और प्रमोद कुमार सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

" दुनिया में हर व्यक्ति अलग है। इसलिए जो जैसा है, उसे वैसा स्वीकार करना सीखें।
-अज्ञात

# हिमाचल में बढ़ रहा नशे का जाल

**देवभूमि** हिमाचल नशे के लिए विख्यात हो गई है। प्रदेश में हर रोज जगह-जगह भांग, चरस और खासकर चिट्टे की खेप पकड़ी जा रही है। नशा कारोबारियों ने अपनी जड़ें इतनी गहरी कर ली हैं कि वे पकड़ में तो आ जाते हैं, लेकिन इन लोगों ने पैसा इतना बना लिया होता है कि कानून को भी जेब में रखते हैं और थोड़े दिनों बाद जेल की हवा खाकर दोबारा अपना नेटवर्क बना लेते हैं। चिट्टे का नशा हमारी नौजवान पीढ़ी को खोखला कर रहा है। पूरा प्रदेश नशे का अड्डा बनता चला जा रहा है। नशे का जाल लगभग पूरे प्रदेश में बिछ चुका है, जिसके चलते अपराधियों की धरपकड़ करने के लिए पुलिस की सिरदर्दी और बढ़ गई है। हालांकि पुलिस नशा कारोबारियों पर शिकंजा कसने के लिए लगातार अभियान चलाती रहती है और जगह-जगह जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी बताती रहती है, बावजूद इसके युवाओं में नशे की प्रवृत्ति थमने का नाम ही नहीं ले रही है। हिमाचल पुलिस प्रदेश के विभिन्न इलाकों में बीते दस महीनों में करीब साठ करोड़ का चिट्टा पकड़ चुकी है। हैरानी की बात है कि नशा करने वालों में बुद्धिजीवी वर्ग भी शामिल हैं। डॉक्टर, पटवारी, क्लर्क, पुलिस के साथ स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं भी नशे से अछूते नहीं हैं। माहौल इस कदर खराब हो गया है कि चारों ओर नशेड़ी ही नजर आते हैं। ऐसे में संभ्रांत परिवार के बच्चे अपने आपको जैसे-तैसे इस नशे से दूर रखे हुए हैं, लेकिन कहीं न कहीं इसकी आंच उन तक भी पहुंच ही जाती है। यह सब सोयायटी का असर है। थोड़े से मजे के लिए युवा वर्ग अपना सब कुछ छोड़कर नशे में पड़ गया है। जिस समय उसे पढ़ाई कर अपना करियर बनाना होता है उस समय वह अपना अधिकांश समय कुसंगति में पड़कर बर्बाद कर दे रहा है। नतीजतन उसके हाथ चंद दिनों की मौज ही बचती है और बाकी जिंदगी दूसरों के सहारे मजबूर होने पर विवश होना पड़ रहा है। यही वजह है कि प्रदेश में लड़कों के मुकाबले लड़कियां अच्छे नंबर लेकर टॉपर बन रही हैं और अपना करियर भी संवार रही हैं। आज जहां देखो नारी शक्ति की ही जय-जयकार हो रही है। नारी शक्ति निरंतर सफलता की सीढ़ियां चढ़ती जा रही है। पुलिस के पास एनडीपीएस एक्ट के तहत हजारों मामले दर्ज हो रहे हैं। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश में नशे का चलन किस ओर बढ़ रहा है। शिमला जिले में चिट्टा तस्करी के सबसे ज्यादा मामले दर्ज हैं। जब राजधानी में ही यह हाल है तो बाकी जगह का अनुमान लगाना ज्यादा कठिन नहीं है। पुलिस नशा तस्करों की चेन को तोड़ने के लिए बेशक मास्टर प्लान बनाती रहे, लेकिन जब तक लोगों खासकर युवाओं में चेतना नहीं आएगी तब तक किसी भी योजना को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमालच को ड्रग फ्री राज्य बनाने का ऐलान कर रखा है, लेकिन उसे मूर्त रूप देने के लिए बड़ी मेहनत करनी होगी। नशे की संस्कृति को जड़ से खत्म करना प्रदेश सरकार और पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है।

# उच्च गुणवत्ता उत्पाद में भारत दुनिया में अग्रणी

**प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया है कि एक लाभदायक बाजार तभी कायम रह सकता है जब उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हितों में संतुलन हो। इस रणनीति का एक प्रमुख घटक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) पर जोर देना है। इसके जरिये क्यूसीओ यह सुनिश्चित करता है कि सभी उत्पाद भारतीय मानक ब्यूरो के निर्धारित मानदंडों के अनुरूप हों। यह उन उपभोक्ताओं के लिए एक वरदान है, जिससे उपभोक्ताओं को उत्पादों तथा व्यवसायों के संबंध में विश्वसनीय, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता का भरोसा प्राप्त होता है। इसके जरिये घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बढ़ती मांग व उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिजिटल इंडिया पहल ने 140 करोड़ भारतीयों के परिवार को दुनिया से जुड़ने और सर्वोत्तम उत्पादों व व्यवहारों के बारे में जानने में मदद की है। वे किसी उत्पाद को खरीदने से पहले नियमित रूप से प्रदर्शन, स्थायित्व और निर्भरता के लिए ग्राहक समीक्षाओं की जांच करते हैं। यदि वे उत्पाद से असंतुष्ट हैं, तो वे सार्वजनिक रूप से कमियों को उजागर करते हैं। इसलिए, उत्पाद की गुणवत्ता, कीमत और नवीनता के बीच संतुलन बनाना समय की मांग है।**



पीयूष गोयल
(लेखक, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री हैं।)

**विनिर्माण** क्षेत्र में जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के अनुरूप उच्चतम वैश्विक मानकों को पूरा करने वाले उच्च गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराने में भारत दुनियाभर में अग्रणी बनने की दिशा में अग्रसर है। प्रतिस्पर्धी दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री के मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है कि 'मेड इन इंडिया' ब्रांड गुणवत्ता की गारंटी हो, जो भारतीय और विदेशी उपभोक्ताओं के लिए आनंद का परिचायक बने। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया है कि एक लाभदायक बाजार तभी कायम रह सकता है जब उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हितों में संतुलन हो। इस रणनीति का एक प्रमुख घटक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) पर जोर देना है। इसके जरिये क्यूसीओ यह सुनिश्चित करता है कि सभी उत्पाद भारतीय मानक ब्यूरो के निर्धारित मानदंडों के अनुरूप हों। यह उन उपभोक्ताओं के लिए एक वरदान है, जिससे उपभोक्ताओं को उत्पादों तथा व्यवसायों के संबंध में विश्वसनीय, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता का भरोसा प्राप्त होता है। इसके जरिये घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बढ़ती मांग व उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिजिटल इंडिया पहल ने 140 करोड़ भारतीयों के परिवार को दुनिया से जुड़ने और सर्वोत्तम उत्पादों व व्यवहारों के बारे में जानने में मदद की है। वे किसी उत्पाद को खरीदने से पहले नियमित रूप से प्रदर्शन, स्थायित्व और निर्भरता के लिए ग्राहक समीक्षाओं की जांच करते हैं। यदि वे उत्पाद से असंतुष्ट हैं, तो वे सार्वजनिक रूप से कमियों को उजागर करते हैं। इसलिए, उत्पाद की गुणवत्ता, कीमत और नवीनता के बीच संतुलन बनाना समय की मांग है।

मोदी सरकार सुरक्षित, विश्वसनीय व बेहतर गुणवत्ता वाले सामान उपलब्ध कराने और भारतीय उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत गुणवत्ता ईको-सिस्टम विकसित करने पर केंद्रित है। मई 2014 से पहले, 106 उत्पादों को कवर करने वाले केवल 14 क्यूसीओ जारी किए गए थे। सूची को अब 653 उत्पादों को कवर करते हुए 148 क्यूसीओ तक बढ़ा दिया गया है। इनमें एयर कंडीशनर, खिलौने और जूते जैसे घरेलू उत्पाद शामिल हैं।




### निर्यात पर गुणवत्ता नियंत्रण

क्यूसीओ ने मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड के मिशन को गति दी है। क्यूसीओ के तहत कई उत्पादों का निर्यात किया जा रहा है। कच्चा लोहा उत्पाद, सौर डीसी केबल, दरवाजे की फिटिंग, छत के पंखे, हेलमेट, स्मार्ट मीटर, हिंजेस, एयर कूलर और एयर फिल्टर गुणवत्ता-नियंत्रित उत्पाद हैं, जो आयात किए जाने की तुलना में कहीं अधिक निर्यात किए जाते हैं। क्यूसीओ द्वारा कवर किए गए कास्ट आयरन उत्पादों का पिछले साल 535 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात हुआ था, जबकि आयात मुश्किल से 68 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। लगभग 25 क्यूसीओ में ऐसे उत्पाद शामिल हैं, जहां आयात से अधिक निर्यात होता है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि क्यूसीओ भारत में मजबूत गुणवत्ता चेतना के निर्माण पर केंद्रित हैं। इससे देश में खराब गुणवत्ता वाले सामानों की डंपिंग को कम करने में भी मदद मिलती है। उल्लेखनीय है कि सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली वस्तुओं तक पहुंच हमारे अमृत काल में प्रत्येक भारतीय नागरिक का अधिकार है। क्यूसीओ लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। सस्ते इलेक्ट्रॉनिक्स के कारण आग लगने, खिलौनों में जहरीले रसायनों के कारण बच्चों के अस्पताल में भर्ती होने और बिजली के शॉर्ट-सर्किट जैसे जोखिमों के कारण घटिया उत्पाद घरों के लिए बेहद खतरनाक हो सकते हैं।

### शानदार उदाहरण


गुणवत्ता-नियंत्रण कैसे उपभोक्ताओं और निर्माताओं की मदद के लिए विनिर्माण को आमूल रूप से उन्नत कर सकता है, इसका एक शानदार उदाहरण खिलौना उद्योग है। इस क्यूसीओ के कार्यान्वयन से पहले, भारतीय खिलौना बाजार सस्ते व घटिया उत्पादों से भरा पड़ा था। वर्ष 2019 में भारतीय गुणवत्ता परिषद के एक सर्वेक्षण से पता चला कि मुश्किल से एक-तिहाई खिलौने प्रासंगिक बीआईएस मानकों का पालन करते हैं, और उनमें से अधिकांश बच्चों के लिए खतरनाक थे। यह मोदी सरकार के लिए पूरी तरह से अस्वीकार्य था, जिसने एक जनवरी, 2021 से इस क्षेत्र के लिए क्यूसीओ के साथ तेजी से हस्तक्षेप किया था। इससे भारत में खिलौनों की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ। एक हालिया सर्वेक्षण से पता चला है कि भारतीय बाजार में 84 प्रतिशत खिलौने बीआईएस मानकों का पालन करते हैं। क्यूसीओ ने न केवल भारतीय बच्चों को सुरक्षित, उच्च गुणवत्ता वाले खिलौने उपलब्ध कराए हैं, बल्कि 2018-19 की तुलना में 2022-23 में उनके निर्यात में 60 प्रतिशत की वृद्धि भी हुई है। उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और घरों में उपयोग होने वाले अन्य उत्पादों पर कई गुणवत्ता मानदंड लागू किए गए हैं। इनमें स्मार्ट मीटर, बोल्ट, नट और फास्टनर, छत के पंखे, अग्निशामक यंत्र, कुकवेयर, बर्तन, पानी की बोतलें, पाइप्ड नेचुरल गैस के उपयोग के लिए घरेलू गैस स्टोव, लकड़ी आधारित बोर्ड, इंसुलेटेड फ्लास्क और इंसुलेटेड कंटेनर आदि शामिल हैं। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उद्योग प्रतिनिधियों सहित सभी हितधारकों से परामर्श करती है कि क्यूसीओ को लागू करने से पहले उनकी प्रतिक्रिया, तकनीकी इनपुट और व्यावहारिक सुझावों पर विचार किया जाए। यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान रखा जाता है कि सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों को लंबी अंतरण अवधि देकर उनके हितों की रक्षा की जाए। सरकार उद्योग को अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद करने और उन निर्माताओं का समर्थन करने के लिए हमेशा तैयार है, जो गुणवत्ता में सुधार करना चाहते हैं।

### गुणवत्ता अभिशासन और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद

उत्पादों को वैश्विक मानकों के अनुरूप उन्नत करने का अभियान 140 करोड़ भारतीयों के अपने परिवार के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के प्रधानमंत्री के व्यापक दृष्टिकोण से जुड़ा है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा और बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ-साथ रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी जरूरतें प्रदान करने के लिए कई निर्णायक कदम उठाकर उनकी आकांक्षाओं को पूरा किया है। उनके भावनात्मक, भ्रष्टाचार-मुक्त शासन ने विकास को गति दी है, मुद्रास्फीति को नियंत्रित किया है और भारत को विश्व स्तर पर उज्ज्वल बनाया है। उल्लेखनीय है कि पांच साल में करीब 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। लोगों ने हाल के विधानसभा चुनावों में अपने मतदान से प्रधानमंत्री के उच्च गुणवत्ता वाले प्रशासन के प्रति विश्वास व्यक्त किया है। यह भारतीय निर्माताओं के लिए एक मजबूत संदेश है। जब लोग चयन करते हैं। अपने मत से या अपने बटुए से तो वे सर्वोत्तम गुणवत्ता चुनते हैं। याद रहे कि 'क्वालिटी इज फ्री' के लेखक फिलिप क्रॉस्बी ने एक बार कहा था। यदि आप गुणवत्ता से बाहर हैं, तो आप व्यवसाय से बाहर हैं।

## आपकी कविता, आपकी आवाज

### आदमी और दौड़



*जीवन के हर छोर से*
*हर मोड़ से*
*हर दौड़ में*
*भाग रहा है ,*
*आदमी,,,,, !*

*हर बात में*
*किसी भी हालत में*
*मात पे मात दिए जा रहा है*
*खुद आदमी को*
*आदमी,,,,, !*
*जीवन के हर छोर से*
*हर मोड़ से*
*हर दौड़ में*
*भाग रहा है*

*आदमी,,,,, !*
*भूख नहीं*
*भूखा भी नहीं*
*भर पेट है ,लेकिन*
*फिर भी मुंह की*
*मुंह से छीने जा रहा है*
*आदमी,,,,, !*
*जीवन के हर छोर से*
*हर मोड़ से*
*हर दौड़ में*
*भाग रहा है*

*आदमी,,,, !*
*इधर से तो*
*कुछ उधर से*
*सब कुछ निगल के*
*फिर भी लार टपक रहा है*
*आदमी,,,,, !*
*जीवन के हर छोर से*
*हर मोड़ से*
*हर दौड़ में*
*भाग रहा है*
*आदमी,,,,,, !*

कवि डॉ. कमल के प्यासा।

## प्रेरक कथा



### असली साथी

**एक** व्यक्ति के तीन मित्र थे। वे जीवनभर उसके साथ हमेशा रहे। जब उसका अंतिम समय आया तो अपने तीनों मित्रों को पास बुलाया और कहा , 'अब मेरा अंतिम समय आ गया है। आप मित्रों ने जीवनभर मेरा साथ दिया है, पर क्या आप मेरे मरने के बाद मेरा साथ दोगे ?' पहले मित्र ने कहा, 'मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ दिया। मैंने इस जीवन में आपके सुख चैन के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी पर आपके मृत्यु के बाद आपकी कोई सहायता नही कर सकता, इसलिए मुझे क्षमा करना।' दूसरा मित्र बोला, 'मैं मृत्यु को चाह कर भी नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर एक परिस्थिति में साथ रहा। मैं यह निश्चित करूंगा कि मृत्यु के बाद तुम्हारा अंतिम संस्कार सही तरह से हो उसकी जवाबदारी मैं लेता हूं। पर मैं भी आपके मृत्यु के बाद आपकी कोई सहायता नहीं कर सकता। तीसरा मित्र बोला, ' मित्र! तुम बिलकुल भी चिंता मत करो। मैं वादा करता हूं कि मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूंगा।' इन तीन मित्रों के नाम हैं- धन ,परिवार और कर्म। मनुष्य के कर्म ही सिर्फ मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। इस प्रेरक कथा से सिख मिलती है कि कर्म ही इहलोग ( मनुष्य जीवन ), परलोक ( मृत्यु के बाद ) दोनों लोक में साथ निभाता है। कर्म प्रधान है । आज हम अपने जीवन में अगर किसी भी स्थिति में हैं, वह हमारे कर्म का नतीजा है। सही दिशा में कर्म करे तो जिंदगी संवर जाती है और गलत दिशा में करें तो जिंदगी बिखर जाती है।

# जल और वायु है प्रकृति का अनुपम उपहार



लेखक
रामलाल पाठक
ब्रह्मपुखर, बिलासपुर

**प्रकृति से हो रही छेड़छाड़ से पारंपारिक जल स्रोतों का अस्तित्व खतरे में है तथा वायुमंडल पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। परिणामस्वरूप लगभग आधी से अधिक जनसंख्या के लिए नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल भी उपलब्ध नहीं हो रहा है। इसलिए अब कहा जा रहा है कि धरती पर यदि तृतीय विश्व युद्ध होगा तो उसका कारण स्वच्छ पेयजल ही होगा। इसलिए देश एवं दुनिया में बिगड़ रहा पर्यावरण भविष्य के लिए कड़ी चुनौती होगी।**

**जल** एवं वायु के बिना संसार में किसी भी प्राणधारी के अस्तित्व की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। यह कहना तर्कसंगत है कि जल ही जीवन है तथा वायु के बिना धरती पर जीवन असंभव है। जल एवं वायु धरती के प्राणधारियों के लिए प्रकृति की ओर से मिला अद्भुत उपहार है लेकिन मानव द्वारा निजी स्वार्थों के लिए प्रकृति से छेड़छाड़ की है। इससे मानव सहित अन्य सभी प्राणियों पर पर्यावरण प्रदूषण का खतरा मंडराने लगा है। यदि मनुष्य ने समय रहते इस ज्वलंत समस्या को गंभीरता से नहीं लिया तो इसके अत्यंत गंभीर परिणाम होंगे। पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सरकार का ही नहीं बल्कि पूरे समाज का नैतिक दायित्व है।

जलवायु में बढ़ते प्रदूषण से पर्यावरण प्रेमी अत्यंत चिंतित हैं। भू-विज्ञान के अनुसार पृथ्वी के दो तिहाई से अधिक भाग में पानी है लेकिन यह सारा पानी पीने योग्य शुद्ध नहीं है जबकि शेष बचे भाग में जन-जीवन है तथा इसमें ही उपलब्ध पानी से समस्त प्राणियों की आवश्यकताएं पूरी होती हैं। निरंतर प्रदूषित हो रहे पर्यावरण का सबसे अधिक प्रभाव जल और वायु पर ही पड़ता है। प्रकृति से हो रही छेड़छाड़ से पारंपारिक जल स्रोतों का अस्तित्व खतरे में है तथा वायुमंडल पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। परिणामस्वरूप लगभग आधी से अधिक जनसंख्या के लिए नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल भी उपलब्ध नहीं हो रहा है। इसलिए अब कहा जा रहा है कि धरती पर यदि तृतीय विश्व युद्ध होगा तो उसका कारण स्वच्छ पेयजल ही होगा। इसलिए देश एवं दुनिया में बिगड़ रहा पर्यावरण भविष्य के लिए कड़ी चुनौती होगी। मनुष्य शुरू से ही पर्यावरण संतुलन के प्रति संवेदनशील रहा है । वीरान पड़ी धरती पर विभिन्न श्रेणियों के पेड़ लगाए जाते रहे हैं। जिनमें पीपल और वटवृक्ष की अधिकता रही है। जिससे प्राण धारियों के लिए पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन व छाया मिल सके। इसके साथ ही इन पेड़ों की घनी छाया से तापमान स्थिर रहता है तथा जमीन में भी नमी बनी रहती है। इन विशालकाय वृक्षों में देवी-देवताओं का वास माना जाता है। सदियों से लोक आस्था के केंद्र रहे इन विशालकाय वृक्षों पर वनकाटुओं की कुल्हाड़ी भी नहीं चलती। लोग पीपल व वटवृक्ष की लकड़ी का प्रयोग न तो इमारतों के दरवाजों एवं खिड़कियों के लिए करते हैं और न ही इसे जलाने के काम में लाया जाता है। यही कारण है कि सड़कों पर वर्षों के बाद भी इन वृक्षों का अस्तित्व बना हुआ है। प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण करना तो लोग पुण्य समझते हैं। किसी बड़े पीपल या वटवृक्ष के नीचे लोग प्याऊ लगाते ताकि राहगीर पलभर छाया में बैठकर आराम कर सके तथा प्याऊ का ठंडा पानी पीने के बाद अपनी मंजिल की ओर चल पड़े। बढ़ते जंगली जानवरों की प्यास बुझाने के लिए जंगलों में बड़े-बड़े तालाब बनाए जाते थे। जंगल में प्राकृतिक जल स्रोत कम होने की स्थिति में उन तालाबों में बारिश का पानी संग्रहित किया जाता था ताकि जंगली जानवर पानी की तलाश में बस्तियों की ओर न पड़े। तालाब के उस पानी से जमीन की नमी भी बनी रहती। पहले कच्चे घर आंगन होने से बरसाती पानी का जमीन में रिसाव हो जाता था इससे भी इनमें नमी बनी रहती थी। अब घर आंगन भी पक्के हैं इसे बरसात का पानी एकदम बह जाता है। विकास की अंधी दौड़ में भी पर्यावरण प्रभावित हुआ है । लंबी-चौड़ी सड़कों को पक्का करने, बड़े-बड़े भवनों के निर्माण तथा कंक्रीट के बड़े-बड़े मैदानों के बनने से तापमान प्रभावित हुआ है। जमीन पर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए हैं। निर्माण कार्य के लिए अंधाधुंध खनन हो रहा है। इन में प्रयोग होने वाली लकड़ी से पर्यावरण पूरी तरह प्रभावित हुआ है। उपजाऊ भूमि रेत में बदल गई है। नदियों, खड्डों व नालों में रेत बजरी एवं पत्थरों का अंधाधुंध खनन हुआ है। इसके किनारों पर स्थित प्राकृतिक जल स्रोत लुप्त हो गए हैं या फिर लुप्त होने के कगार पर हैं। इससे असंख्या उठाऊ पेयजल एवं सिंचाई योजनाएं प्रभावित हुई हैं। उद्योगों से निकलने वाले धुंए तथा अन्य कचरे से भी वायुमंडल का तापमान बढ़ा है। उद्योगों के प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं लेकिन ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि कुछ उद्योगों ने नियमों की अनदेखी की है।

पराली जलाने तथा बिजली की मशीनों से फसलों की गाही से निकलने वाली धुंध के साथ ही वाहनों से निकलने वाले धुएं से भी वायुमंडल प्रदूषित हो रहा है। धरती का तापमान बढ़ने से हिमालय के पुराने ग्लेशियर पिघलने लगे हैं। अब पहले की अपेक्षा कम हिमपात हो रहा है तथा मौसम भी तेवर बदल रहा है। घर-द्वार पेयजल उपलब्ध होने से प्राकृतिक जल स्रोत बुरी तरह से प्रदूषित हो गए हैं। उनके रखरखाव की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। अंधाधुंध खनन होने तथा हैंडपंप लगने से जल स्रोतों को ग्रहण लग गया है । करीब तीन दशक पहले तक लोगों की दिनचर्या पनघट से ही शुरू होती थी लेकिन अब यह बीते जमाने की बात हो गई है। हालांकि पर्यावरण बचाओ पर सरकार ने पहले से ही अपना ध्यान केंद्रित किया है। यदि इस दिशा में प्रभावी ढंग से ठोस कदम नहीं उठाए गए तो संसार के प्राण धारियों का भविष्य संकट में है।

# हिंदी भाषा का गर्व के साथ प्रयोग करें



ब्लॉगर

लेखक
मुमुक्षु के ठाकुर
स्वतंत्र पत्रकार, स्तंभकार, मोहल्ला ओबड़ी, चंबा


यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**बस,** अभी-अभी ही तो सारी दुनिया में 'विश्व हिंदी दिवस' मनाया गया है।

केवल मात्र भारत में ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व में भी महान हिंदी भाषा का सम्मान और स्वाभिमान सहित प्रयोग किया जाना चाहिए। इस विषय से संबंधित एक रोचक व विशिष्ट अभिव्यक्ति का एकदा सुअवसर मुझे भी प्राप्त हुआ था। वर्ष 1992 के संभवत: आषाढ़-श्रावण-भाद्रपद मास में। जब वनभोज / स्वास्थ्य-विहार या संभवत: शिक्षण-प्रशिक्षण परिभ्रमण पथ पर अग्रसर एक छात्र ने स्वपरिचय देने का कदाचित असफल सा प्रयास किया तो मुझे उस से ये प्रश्न पूछना अनिवार्य प्रतीत हुआ। क्या आप वर्तमान भारतीय शिक्षा-प्रणाली, तृतीय वर्षीय उपाधि उपार्जन अध्ययन के अंतर्गत, आधारभूत विज्ञान के प्रथम वर्ष के छात्र हैं। जब वो लगभग पंद्रह-बीस क्षणों तक मेरा मुख ताकता रहा तो मुझे कदाचित अवांछित स्पष्टीकरण देना पड़ा कि मैं बीएससी फर्स्ट ईयर छह बेसिक सांइस आठ अंडर थ्री ईयर डिग्री कोर्स, एज पर प्रजेंट इंडियन एजुकेशन सिस्टम के बारे में पूछ रहा था। वो बेचारा झेंप सा गया और कुछ नाराज सा भी दिखा। पता नहीं किस लिए मेरे हिंदी भाषा के प्रयोग करने के प्रयास पर या स्वयं उसके हिंदी भाषा के अति अल्प जानकारी के कारण? उस समय में तो अंग्रेजी भाषा और साहित्य का जानकार होना बहुत बड़ी उपलब्धि और सम्मान माना जाता था। वैसे, सर्वशक्तिमान ईश्वर, प्रभु परमात्मा की असीम अनुकंपा से मुझे सहस्त्रों बार विशुद्ध, तत्सम हिंदी भाषा में वार्तालाप करने के शुभ अवसर मिले हैं। तभी से लेकर आज तक मुझे अंग्रेजी भाषा में भी लेखन करने और राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित होने के भी सुअवसर प्राप्त हुए हैं। विश्व की सर्वश्रेष्ठ भाषाओं में से एक महान हिंदी भाषा के प्रति हमारे प्रेम और सम्मान के बारे में हम और क्या ही कहें? ये हमारा महा-सौभाग्य रहा कि हम धर्मयुग, कादम्बिनी, साप्ताहिक हिंदुस्तान, शुभ तारिका को पढ़ते हुए पले-बढ़े हैं।

जय हिंदी जय हिंदी जय हिंदी।

## आपका पत्र



**आधुनिक** युग में हर क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक बदलाव ने समाज को प्रभावित किया है। पिछले बीस सालों में विज्ञान की बड़ी क्रांति देखने को मिल रही है। सबसे बड़ी क्रांति यही है कि हम सोशल मीडिया के दौर में जी रहे हैं। हमारे हर ओर मोबाइल फोन दिखता है। मोबाइल फोन हमारी सबसे बड़ी जरूरत बन गई है। मोबाइल के बिना हम एक भी पल नहीं रह सकते हैं। मोबाइल फोन सोशल मीडिया का सबसे बड़ा माध्यम है।। कभी हम मोबाइल की महज एक कल्पना करते थे, लेकिन आज स्मार्टफोन के युग में जी रहे हैं और भविष्य में हो सकता है इससे भी बड़ी सुविधा हमारे हाथ में हो।

हो सकता है एक चिप ही मोबाइल का काम करें। और भी कई सुविधाएं एक चिप से ही संभव हो सकें, लेकिन आज यह प्रश्न भी उठता है कि क्या विज्ञान की यह क्रांति सही है। कहीं हम खतरे की और तो नहीं बढ़ रहे। हमारे लिए विज्ञान अभिशाप तो नहीं बनता जा रहा। क्या हम विज्ञान का सही फायदा उठा पा रहे हैं। ऐसे कितने ही सवाल हैं, जिनको वर्तमान की कुछ स्थितियां ने जन्म दिया है। सोशल मीडिया के दौर में सूचना तंत्र को बड़ा खतरनाक तरीके से दुरुपयोग हो रहा है। आज नैतिक जिम्मेदारियों को भूलकर लोग सोशल मीडिया पर कुछ भी परोस रहे हैं। क्या यह सही है ? हमें विज्ञान के दौर में कहां तक सीमित रहना चाहिए ताकि नैतिकता हमारे जीवन का आदर्श बने सके। **-विजय कुमार, शिमला।**

## आपकी डायरी

जन-जन की भाषा है हिंदी, भारत की आशा है हिंदी, जिसने पूरे देश को जोड़े रखा है, वो मजबूत धागा है हिंदी, हिंदोस्तान की गौरव गाथा है हिंदी, एकता की अनुपम परंपरा है हिंदी, जिसके बिना हिंद थम जाए ऐसी जीवन रेखा है हिंदी, जिसने काल को जीत लिया है, ऐसी कालजयी भाषा है हिंदी, सरल शब्दों में कहा जाए तो, जीवन की परिभाषा है हिंदी।



अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

**22वीं सीनियर नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

### गोवा के पणजी में चंबा सहित प्रदेश के 18 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

# चंबा जिले के तीन खिलाड़ी चयनित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला चंबा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तीन खिलाड़ी वीरेन सिंह, मनीश शर्मा और शैलेंद्र कुमार का चयन 22वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए हुआ है।

यह चैंपियनशिप गोवा के पणजी में होगी। चैंपियनशिप में चंबा सहित प्रदेश के कुल 18 खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे। यह जानकारी जिला चंबा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संस्थापक वह महासचिव अजय शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि आठवीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के 11 खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिसमें स्वर्ण व रजत पदक विजेताओं को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित कर लिया गया है। अजय ने बताया कि दस जनवरी से से 13 जनवरी को होने वाली एथलेटिक्स चैंपियनशिप में चंबा के धावक 100 मीटर, 400 मीटर, शॉटपुट, डिस्कस, थ्रो इत्यादि पैरा खेलों में भाग लेंगे। अजय ने बताया कि जिला चंबा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन को बने हुए अभी तक तीन साल पूरे नहीं हुए हैं, लेकिन खिलाड़ियों को एक बेहतरीन मंच देने के लिए एसोसिएशन की तरफ से हर संभव प्रयास किया जा रहा है ताकि खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल का प्रदर्शन दिखा सकें।

अजय ने प्रदेश सरकार से अपील की है कि वो हिमाचल पैरा स्पोर्ट्स खिलाड़ियों के लिए एक खेल मैदान हॉस्टल और इंडोर स्टेडियम की सुविधा उपलब्ध करवाने में प्रदेश एसोसिएशन की मदद करें ताकि प्रदेश के खिलाड़ी मेहनत कर देश के लिए पैरालंपिक खेलों में मेडल ला सके। इसके लिए प्रदेश सरकार को अहम कदम उठाने की आवश्यकता है। इससे हिमाचल के सभी खिलाड़ी नशे से दूर रहकर खेलों में अपना ज्यादा ध्यान देंगे और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश व प्रदेश के लिए खेलेंगे और विश्व स्तर पर देश का नाम ऊंचा करते रहेंगे।



# दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए हॉकी इंडिया की 26 सदस्यीय पुरुष टीम घोषित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने बुधवार को 22 जनवरी 2024 से केपटाउन, दक्षिण अफ्रीका में शुरू होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए 26 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम की घोषणा की है। टूर्नामेंट में फ्रांस, नीदरलैंड, भारत और मेजबान दक्षिण अफ्रीका भाग लेंगे। भारतीय टीम का नेतृत्व हरमनप्रीत सिंह करेंगे और एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर विजेता हार्दिक सिंह उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे।

जूनियर भारतीय टीम के साथ शानदार प्रदर्शन के बाद युवा अरजीत सिंह हुंदल और बॉबी सिंह धामी को टीम में शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका दौरे को लेकर मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हम ओलंपिक वर्ष में दक्षिण अफ्रीका दौरे के साथ सीजन शुरू करने के लिए काफी उत्साहित हैं, जहां हम गुणवत्तापूर्ण टीमों के खिलाफ खेलेंगे और इससे मुझे एफआईएच हॉकी प्रो लीग से पहले कुछ खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा मोड में देखने का मौका भी मिलेगा। टूर के लिए रवाना होने से पहले हमने साई, बेंगलुरु में एक छोटा शिविर लगाया है। हमने दो युवा खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया है, और यह देखना दिलचस्प होगा कि हम जिस स्तर पर खेलते हैं उसके अनुसार वे खुद को ढालते हैं।

### दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम

**गोलकीपर-** पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक, पवन।
**डिफेंडर्स-** जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), वरुण कुमार, सुमित, संजय, रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम।
**मिडफील्डर-** विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, विष्णुकांत सिंह, हार्दिक सिंह (उप-कप्तान), मनप्रीत सिंह।
**फारवर्ड-** मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, आकाशदीप सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, बॉबी सिंह धामी।

# अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 से विराट हटे, नजरें रोहित पर

## मोहाली में आज शाम सात बजे से शुरू होगा सीरीज का पहला मैच



**समय शाम 7:00 बजे**

**एजेंसी, मोहाली**

टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बुधवार को मोहाली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 इंटरनेशनल मैच में नहीं खेलेंगे। कोहली हालांकि दूसरे और तीसरे टी20 मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। द्रविड़ ने कहा कि विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से कल (11 जनवरी) के मैच में नहीं खेलेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व भारतीय कप्तान कोहली तीन मैचों की सीरीज के अगले दो मैच के लिए उपलब्ध होंगे।

द्रविड़ ने कहा कि वीरवार को सीरीज के पहले मैच में यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा भारत के लिए पारी का आगाज करेंगे।

बता दें कि रोहित और कोहली दोनों 14 महीने बाद टी20 प्रारूप में वापसी कर रहे हैं। कोहली के हटने के बाद भारत और अफगानिस्तान मैच में अब वीरवार को सभी की नजरें वापसी कर रहे रोहित शर्मा पर टिकी होंगी। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मीडिया से बात करने से पहले भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बताया कि कोहली 'पारिवारिक कारणों' से हट गए हैं।

### मुकाबले के लिए टीमें :

**भारत :** रोहित शर्मा ( कप्तान ), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।
**अफगानिस्तान:** इब्राहिम जदरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इकराम अलीखिल, हजरतुल्लाह जजाइ, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद कबी, करीम जन्नत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीबुर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद, नवीनुल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदन नायब, राशिद खान।

# एशिया का सबसे बड़ा फुटबॉल टूर्नामेंट 12 जनवरी से

**एजेंसी, दिल्ली**



कतर में दो दिन बाद एशिया का सबसे बड़ा फुटबॉल टूर्नामेंट AFC एशियन कप शुरू हो रहा है। भारत का पहला ही मुकाबला 2015 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारतीय टीम ने पहली बार लगातार दो सीजन के लिए क्वालिफाई किया है। ब्लू टाइगर्स के नाम से मशहूर हो रही भारतीय टीम को को ग्रुप-बी में ऑस्ट्रेलिया, उज्बेकिस्तान और सीरिया के साथ रखा गया है। भारत 5वीं बार एशियन कप खेल रहा है। टीम के सामने एशिया की टॉप-24 टीमों का चैलेंज होगा। भारतीय टीम 68 साल से इस टूर्नामेंट में खेल रही है लेकिन आज तक चैंपियन नहीं बन सकी। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम का अब तक का बेस्ट परफॉर्मेंस 1964 में आया है। तब टीम दूसरे नंबर पर रही थी। इजराइल चैंपियन बना था।

**68** साल में एक भी खिताब नहीं जीत सका भारत, पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से



**भारत का शेड्यूल**
Vs ऑस्ट्रेलिया (13 जनवरी, शाम 5: 00 बजे से)

## न्यूज ब्रीफ

### मुंबई में क्रिकेट मैच के दौरान सिर पर गेंद लगने से एक व्यक्ति की मौत

**मुंबई।** एक स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान एक 52 वर्षीय पुरुष की फील्डिंग के दौरान मौत हो गई जब उसी मैदान पर चल रहे दूसरे मैच से गेंद आकर उनके सिर पर लगी। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह हादसा सोमवार को दोपहर में माटुंगा के दाडकर क्रिकेट मैदान पर हुआ। उस समय जयेश चुन्नीलाल सावला अपनी टीम के लिये फील्डिंग कर रहे थे। मैदान पर एक साथ दो मैच चल रहे थे। दूसरे मैच से बल्लेबाज ने शॉट लगाया तो गेंद सावला के सिर के पिछले हिस्से में लगी। वह मैदान पर अचेत होकर गिर गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि सावला की मौत सिर में लगी चोट के कारण हुई और माटुंगा थाने में हादसे में मौत की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

### तीन साल की अनुपस्थिति के बाद एंजेलो मैथ्यूज की श्रीलंकाई टी20 टीम में वापसी

**कोलंबो।** जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए मंगलवार को श्रीलंका की टीम घोषित कर दी गई है। अनुभवी हरफनमौला एंजेलो मैथ्यूज की टीम में वापसी हुई है। मैथ्यूज लगभग तीन वर्षों में अपना पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय खेलने की कतार में हैं। कप्तान के तौर पर वानिंदु हसरंगा की यह पहली सीरीज होगी इसके अलावा टीम में बल्लेबाज कुसल परेरा और धनंजय डी सिल्वा भी हैं, जो मौजूदा वनडे के लिए टीम में नहीं हैं, साथ ही स्पिनर अकिला धनंजय, राउंड-आर्म सीम गेंदबाज नुवान तुषारा और बल्लेबाजी ऑलराउंडर कामिंडु मेंडिस भी टीम में हैं। इस टीम से बाहर किए गए खिलाड़ियों में सलामी बल्लेबाज अविष्का फर्नांडो और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज नुवानिदु फर्नांडो व जेनिथ लियानाज शामिल हैं, जो जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे में प्लेयर ऑफ द मैच थे।



### रणजी मैच खेलेंगे श्रेयस अय्यर, मुंबई ने स्क्वॉड में शामिल किया, मुकाबला 12 से

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के युवा बैटर श्रेयस अय्यर रणजी ट्रॉफी मैच खेलते नजर आएंगे। मुंबई ने उन्हें अपने स्क्वॉड में शामिल किया। टीम 12 जनवरी से आंध्र प्रदेश के खिलाफ एलिट ग्रुप में अपना दूसरा मुकाबला खेलेगी। श्रेयस को अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 स्क्वॉड से बाहर रखा गया है। टी-20 सीरीज 11 जनवरी से शुरू होकर 17 जनवरी तक चलेगी। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट खेल सकते हैं। मुंबई को 12 जनवरी से आंध्र प्रदेश के खिलाफ सेकेंड राउंड का मैच खेलना है। मुकाबला मुंबई के ही वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। श्रेयस को भारत की टी-20 टीम में जगह नहीं मिली लेकिन वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट स्क्वॉड में वापसी कर सकते हैं। साउथ अफ्रीका में पिछले दौरे पर 4 पारियों में वह 31, 6, 0 और 4 रन के स्कोर ही बना सके थे। ऐसे में रणजी मुकाबला खेलना उनके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।




# खेलो इंडिया यूथ गेम्स 6 एडिशन थांग-ता कनिष्ठ वर्ग प्रतियोगिता में चंबा के चार खिलाड़ी चयनित

**आरके रांगड़ा, चंबा**



कोच भुवनेश सिंह



प्रियांशी | रिदिमा | अंकुश | कार्तिकेय

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 6 एडिशन थांग-ता कनिष्ठ वर्ग प्रतियोगिता के तहत तमिलनाडु में आयोजित होने वाली प्रतिस्पर्धा में जिला चंबा के चार खिलाड़ियों का हिमाचल प्रदेश टीम में चयन हुआ है। जोकि जिला चंबा के लिए गर्व की बात है।

गौर हो कि हाल ही में श्रीनगर में हुई 29वीं कनिष्ठ वर्ग प्रतियोगिता में जिला चंबा के दो-दो खिलाडियों को पुरूष व महिला वर्ग के तहत खेलो इंडिया यूथ गेम्स 6 एडिशन थांग-ता कनिष्ठ वर्ग प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश टीम के लिए चयनित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जोकि देश के तमिलनाडु राज्य के कोयंबटूर में 28 जनवरी से 30 जनवरी तक आयोजित होने वाली 6 एडिशन थांग-ता कनिष्ठ वर्ग प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम में जिला चंबा के चयनित 4 खिलाड़ियों में पुरुष वर्ग में कार्तिकेय कटोच -56 किलो भार वर्ग में स्टाइल-2 और अंकुश कपूर -60 किलो भार वर्ग स्टाइल-2 व महिला वर्ग में प्रियांशी -56 किलो भार वर्ग में स्टाइल-2 और रिधिमा -52 किलो भार वर्ग स्टाइल-2 में भाग लेंगे। हिमाचल प्रदेशा राज्य टीम के लिए चयनित खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश के मुख्य कोच भुवनेश सिंह (ब्लैक बेल्ट थल्ड डिग्री) की अगुवाई में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व तमिलनाडु राज्य के कोयंबटूर में करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# टेनेसी टाइटन्स ने लगातार हार के बाद कोच माइक व्राबेल को किया बर्खास्त



**एजेंसी, नैशविले**

पेशेवर अमेरिकी फुटबॉल क्लब टेनेसी टाइटन्स ने छह सीजन और पिछले 24 खेलों में से 18 में मिली हार के बाद मंगलवार की सुबह कोच माइक व्राबेल को बर्खास्त कर दिया है।

टाइटन्स की नियंत्रण मालिक एमी एडम्स स्ट्रंक ने एक बयान में कहा कि उन्होंने व्राबेल को अपने फैसले के बारे में मंगलवार सुबह बताया। उन्होंने कहा कि यह एक कठिन निर्णय था, जो मैंने लिया था।

टाइटन्स ने एक साल पहले यह बदलाव शुरू किया था, रैन कार्थन को फ्रैंचाइजी के पहले अश्वेत महाप्रबंधक के रूप में नियुक्त किया और अपने एनालिटिक्स स्टाफ का विस्तार किया। टीम द्वारा जारी एक साक्षात्कार में स्ट्रंक ने कहा कि उन्होंने पूरे सीज़न में टीम का आकलन किया। टाइटन्स 2022 में 7-10 से आगे हो गया और रविवार को 6-11 से सीजन समाप्त हुआ।

स्ट्रंक ने कहा, जैसा कि एनएफएल निरंतर नवाचार और विकास कर रहा है, मेरा मानना है कि निरंतर सफलता के लिए सबसे अच्छी स्थिति वाली टीमें वे होंगी जो सभी फुटबॉल कार्यों में एक संरेखित और सहयोगी टीम को सशक्त बनाती हैं। पिछले साल, हमने फुटबॉल नेतृत्व के प्रति अपने दृष्टिकोण में बदलाव शुरू किया और उस योजना को आगे बढ़ाने के लिए अपने कर्मियों में कई बदलाव किए। जैसे-जैसे मैंने अपनी टीम की स्थिति का आकलन करना जारी रखा, मैं इस निष्कर्ष पर पहुंची कि टीम को नए कोचिंग स्टाफ के नए दृष्टिकोण और परिप्रेक्ष्य से भी लाभ होगा।

### शाकिब बोले- कप्तानी का फैसला मेरे हाथ में नहीं




**डाका।** बांग्लादेश टीम के कप्तान शाकिब अल हसन ने हाल ही में बांग्लादेश के संसदीय चुनाव में जीत हासिल कर सांसद बने हैं। चुनाव बाद उन्होंने कहा कि वह टीम की कप्तानी आगे जारी रखने को लेकर बांग्लादेश के क्रिकेट अधिकारियों से मिलकर अपनी स्थिति स्पष्ट कर देंगे। शाकिब तीन महीने बाद फिर से खेल मैदान पर वापसी कर रहे हैं। वह घरेलू लीग बांग्लादेश प्रीमियर लीग से पहले शेर ए बांग्ला स्टेडियम में प्रैक्टिस शुरू कर दी है। वहीं एक दिन बाद उन्होंने मंगलवार को बशुंधरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपनी नई फ्रेंचाइजी रंगपुर राइडर्स के साथ अभ्यास सत्र में शामिल हुए। बीपीएल 19 जनवरी से शुरू होना है। शाकिब ने मंगलवार को प्रैक्टिस सेशन के बाद टीम की कप्तानी को जारी रखने के सवाल पर पत्रकारों से कहा, अभी तक इस पर (राष्ट्रीय टीम की कप्तानी पर) कोई चर्चा नहीं हुई है, लेकिन मैं बोर्ड से बात करूंगा और इस पर चर्चा करूंगा। इस पर टीम के हित को ध्यान में रखते हुए सभी के सहमति से फैसला किया जाएगा।

### अल्टीमेट खो-खो : दूसरे सेमीफाइनल में चेन्नई किक गन्स की चुनौती के लिए तैयार तेलुगु योद्धाज

**कटक।** जीएमआर ग्रुप की खो-खो फ्रेंचाइजी, तेलुगु योद्धाज़ अल्टीमेट खो-खो सीजन दो के दूसरे सेमीफाइनल में लीग टॉपर्स चेन्नई किक गन्स का सामना करने के लिए तैयार हैं। सदर्न डर्बी वाला यह सेमी-फाइनल यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जाएगा। तेलुगु योद्धाओं ने छह मैच जीतकर 18 अंकों के साथ लीग को चौथे स्थान पर समाप्त करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की थी।

**वेस्टइंडीज-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज** | 17 जनवरी से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 13 खिलाड़ियों की टीम

# ग्रीन ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में, रेनशॉ की भी वापसी





**एजेंसी, मेलबर्न**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने 17 जनवरी से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 13 खिलाड़ियों की टीम घोषित की है। ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट मैच में खेलेंगे। मैट रेनशॉ, जिन्हें वार्नर ने संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखा है, को मार्कस हैरिस और कैमरून बैनक्रॉफ्ट के साथ टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआती एकादश में ऑलराउंडर ग्रीन की वापसी की पुष्टि की है। बेली ने कहा, एडिलेड में टेस्ट के लिए कैमरून ग्रीन अंतिम एकादश में आएंगे, जिसमें स्कॉट बोलैंड और मैथ्यू रेनशॉ भी शामिल होंगे। हमने एक ऐसी टीम चुनी है, जिसके बारे में हमारा मानना है कि इसमें देश के सर्वश्रेष्ठ छह बल्लेबाज शामिल हैं। उन्होंने कहा, स्कॉट बोलैंड और मैट रेनशॉ बीबीएल में मेलबर्न स्टार्स (15 जनवरी) और ब्रिस्बेन हीट (13 जनवरी) के लिए खेलने के बाद पहले टेस्ट से पहले टीम में शामिल होंगे।

वार्नर के संन्यास के बाद ग्रीन को एकादश में शामिल किया गया है, इसका मतलब है कि स्टीवन स्मिथ अपने 14 साल के टेस्ट करियर में पहली बार सलामी बल्लेबाज की भूमिका में होंगे। सिडनी में पाकिस्तान के खिलाफ अंतिम टेस्ट मैच के समापन पर स्मिथ ने सलामी बल्लेबाज की भूमिका में रुचि दिखाई और ऐसा माना जाता है कि उस्मान ख्वाजा के साथ जुड़ने की उनकी उत्सुकता ने ऑस्ट्रेलियाई चयन पैनल के विचारों को प्रभावित किया है। इस बीच ग्रीन को नंबर चार पर बल्लेबाजी करने के लिए चुना गया है, इस स्थिति में वह घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में बल्लेबाजी करते हुए आगे बढ़े हैं। 2023 एशेज के दौरान इस ऑलराउंडर को मिशेल मार्श की जगह टीम में शामिल किया गया था, लेकिन संभवत : मार्श को भी टीम में शामिल किया जाएगा।

### ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम इस प्रकार है

**पैट** कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड (उपकप्तान), उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, मैथ्यू रेनशॉ, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क।

# मां नर्मदा के जल से होगा रामलला का जलाभिषेक



**अयोध्या।** प्रभु राम की नगरी अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले मां नर्मदा के जल से रामलला का अभिषेक किया जाएगा। मध्य प्रदेश में कुक्षी के विधायक एवं पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह हनी बघेल के नेतृत्व में मां नर्मदा के भक्त 11 कलश में मां नर्मदा का जल लेकर अयोध्या पहुंचे। कारसेवकपुरम में आज श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय को मां नर्मदा का जल सौंपा गया।



कुक्षी से मां नर्मदा का जल लेकर आए चैतन्य गुप्ता ने हिंदुस्थान समाचार' को बताया कि मध्य प्रदेश के पांच धार्मिक स्थानों से और मां नर्मदा के 11 घाटों का जल लेकर हम लोग अयोध्या आए हैं। उन्होंने बताया कि मेघनाद, धर्मराय, घटेश्वर, कोटेश्वर, महेश्वर और ओंकारेश्व जैसे प्रमुख धर्म स्थलों से जल लाया गया है। मां नर्मदा के भक्ति 11 बुलेट पर 22 लोग आए थे। कारसेवकपुरम से रामरज और मां सरयू का जल लेकर भक्त अपने धाम के लिए रवाना हुए।

# देश में 22 जनवरी को होगा दीपावली जैसा माहौल

**बलिया।** अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि जैसे-जैसे करीब आ रही है, हर कोई अपने-अपने तरीके से तैयारी में जुट गया है। 22 जनवरी को दीपावली जैसे माहौल होने का अंदेशा है। जिसे लेकर मिट्टी के दीयों की जबरदस्त बिक्री होने वाली है।

भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा और उद्घाटन 22 जनवरी को जैसे ही होगा, लोग घरों को दीयों की रोशनी से जगमग करेंगे। इसका अंदाजा कुम्हारों और मिट्टी के दीये बेचने वाले दुकानदारों को भी है। शायद यही वजह है कि टाउन हॉल रोड के रहने वाले कुंजय कुमार भी पूरी तैयारी में हैं। कुंजय कुमार टाउन हॉल के पास ही चौक में मिट्टी के दीये बेचते हैं। अभी औसतन रोज एक हजार मिट्टी के दीये बेचते हैं। उन्होंने बताया कि हमें

### मिट्टी के दीयों की बढ़ी मांग



मालूम है कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के दिन यानी 22 को यहां भी लोग दीपावली मनाएंगे। अभी से लोग मिट्टी के दीये खरीदने लगे हैं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को लेकर हमने चुनार व आजमगढ़ से दीये मंगाए हैं। स्थानीय कुम्हार डिमांड के अनुसार दीयों की आपूर्ति नहीं कर पाएंगे। कुंजय कुमार बताते हैं कि माहौल तो ऐसा बन रहा है कि दीपावली से भी अधिक दीयों की मांग रहेगी।



# 102 साल से रामलला को पान खिला रहा चौरसिया परिवार

एजेंसी, नई दिल्ली

### कर्फ्यू में भी पान पहुंचाया रोज 51 पान का भोग 5100 रुपए सैलरी



अयोध्या के प्रसिद्ध हनुमान गढ़ी मंदिर के पास रिंकू चौरसिया की बनारसी पान भंडार नाम की दुकान है। दुकान पर नाम का कोई बोर्ड नहीं है, लेकिन शहर में किसी से पूछें कि राम मंदिर वाले चौरसिया बाबू की दुकान कहां हैं, सब तुरंत पता बता देंगे। यह पहचान रामलला से जुड़ी है।

चौरसिया परिवार की तीन पीढ़ियां रामलला के लिए पान का भोग बना रही हैं। इसकी शुरुआत 1920 में रिंकू की दादी रामप्यारी देवी ने की थी। यह दुकान राममंदिर के पास है। राम मंदिर आंदोलन के वक्त रिंकू के पिता अमरीश प्रसाद दुकान पर बैठने लगे। आज अयोध्या में चौरसिया परिवार की पान की तीन दुकानें हैं। रिंकू 10 साल के थे, तब पहली बार पिता के साथ पान लेकर मंदिर गए थे। रिंकू चौरसिया की पान की दुकान राममंदिर के करीब ही है। रिंकू 10 साल के थे, तब पहली बार पिता के साथ पान लेकर मंदिर गए थे।

22 जनवरी को रामलला अपने मंदिर में विराजेंगे। 42 साल के रिंकू भी इस दिन की तैयारी में जुटे हैं। उन्हें रामलला के उस दिन के भोग के लिए 551 पान गिलौरी बनाने का ऑर्डर मिला है।

## हैदराबाद में चारमीनार एक्सप्रेस की तीन बोगी पटरी से उतरी, छह लोग घायल

**हैदराबाद।** चेन्नई से चल कर हैदराबाद पहुंचने वाली चारमीनार एक्सप्रेस की तीन बोगियां बुधवार को पटरी से उतर गई। जिसमें छह लोगों को मामूली चोट आई है।

हादसा नामपल्ली रेलवे स्टेशन के पास बुधवार सुबह करीब दस बजे हुआ। चेन्नई से कल देर शाम रवाना हुई ट्रेन सीधे प्लेटफॉर्म नंबर पांच पर पहुंची और डेड एंड दीवार से जा टकराई। जिससे ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। ट्रेन से उतरने की तैयारी कर रहे दरवाजे पर खड़े कुछ यात्री झटके की वजह से गिर कर चोटिल हो गए। एस2, एस3, एस6 बोगियां आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई हैं। ट्रेन के धीरे-धीरे स्टेशन पर रुकने से बड़ा हादसा टल गया।

# संयुक्त राष्ट्र महासभा में गुस्साया भारत कहा- इसराइल-हमास युद्ध हमें मंजूर नहीं

एजेंसी, संयुक्त राष्ट्र




### भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज बोलीं- शांतिपूर्ण समाधान का एकमात्र तरीका संवाद और कूटनीति

भारत ने बुधवार को इसराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध में जानमाल के नुकसान की कड़ी निंदा की और इसे खतरनाक मानवीय संकट बताया।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की एक बैठक को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का एकमात्र तरीका संवाद और कूटनीति है। भारत की दूत ने कहा कि इसराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के कारण बड़े पैमाने पर नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की जान चली गई है और इसके परिणामस्वरूप एक खतरनाक मानवीय संकट पैदा हो गया है। यह स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है और हमने नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा की है। साथ ही, हम जानते हैं कि इसका तात्कालिक कारण सात अक्तूबर को इसराइल में आतंकवादी हमले थे, जो चौंकाने वाले थे। हमने इसकी स्पष्ट निंदा की थी। कंबोज ने यूएनजीए बैठक के दौरान कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस का दृष्टिकोण रखता है।

# हूती विद्रोहियों पर बड़ा पलटवार, अमेरिका और ब्रिटेन ने नष्ट किए ड्रोन और मिसाइल

## लाल सागर में वाणिज्यिक शिपिंग लेन पर हूतियों ने किया था 26वां हमला

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका और ब्रिटेन की सैनाओं ने मिलकर दक्षिणी लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन की ओर यमन स्थित हूतियों द्वारा दागे गए 21 ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराया है। यह जानकारी खुद अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड या CENTCOM ने दी है। उनका कहना है कि फिलहाल इसमें किसी के घायल होने की खबर नहीं है। पिछले सात हफ्तों में यह लाल सागर में वाणिज्यिक शिपिंग लेन पर 26वां हूती हमला था। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड या CENTCOM ने बताया कि अमेरिका और ब्रिटेन की सैनाओं ने एक साथ मिलकर दक्षिणी लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन की ओर हूतियों द्वारा दागे गए 21 ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराया। इस हमले में 18 ड्रोन, दो एंटी-शिप क्रूज मिसाइल और एक एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइल को मार गिराया गया है। यह 19 नवंबर के बाद से लाल सागर में वाणिज्यिक शिपिंग लेन पर 26वां हौथी हमला था। बता दें कि 19 नवंबर को तुर्की से भारत आ रहे वाहन वाहक गैलेक्सी लीडर का अपहरण हुआ था। इस ऑपरेशन में ड्वाइट डी आइजनहॉवर एयरक्रॉफ्ट के लड़ाकू विमानों और यूके के चार विध्वंसक विमानों ने हिस्सा लिया।



### अंतरराष्ट्रीय समुद्री गठबंधन

अमेरिका ने लगातार हो रहे हमलों को लेकर चिंता जताई थी और साथ ही पिछले महीने हमलों से निपटने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समुद्री गठबंधन का बनाया था, जिसमें कुछ शिपिंग लाइनों को दक्षिणी अफ्रीका के आसपास से समुद्री मार्ग अपनाने के लिए कहा गया था, हालांकि यह रास्ता काफी लंबा है, लेकिन उन्हें लाल सागर से पूरी तरह बचने के लिए कहा गया है।

### क्यों हो रहे हैं हमले

**हूती** विद्रोहियों का कहना है कि जब तक इसराइल गाजा में संघर्ष बंद नहीं करता तब तक वे अपने हमले जारी रखेंगे। हूतियों का कहना है कि वे इसराइल से जुड़े जहाजों को निशाना बना रहे हैं, लेकिन मध्य पूर्व में अमेरिकी नौसैनिक बलों के कमांडर वाइस एडमिरल ब्रैड कूपर का कहना है कि जिन पर हमला किया गया है वह कई और देशों से भी सम्बंधित हैं। बता दें गाजा में सात अक्तूबर को जब युद्ध की शुरुआत हुई थी तब हमास ने सीमा पार से एक हमला किया और इसराइल में 1,139 लोगों को मार डाला। कुछ घंटों बाद इसराइल द्वारा हमला शुरू करने के बाद से गाजा में कम से कम 23,210 लोग मारे जा चुके हैं।

## वर्ल्ड न्यूज

### जापान में परमाणु संयंत्र तक पहुंची तीन मीटर ऊंची सुनामी



**टोक्यो।** जापान में पहली जनवरी को 7.6 तीव्रता वाले भूकंप के बाद इशिकावा प्रांत के शिका परमाणु ऊर्जा संयंत्र तक लगभग तीन मीटर ऊंची सुनामी पहुंच गई थी। यह जानकारी संयंत्र के संचालक ने दी। सुनामी पहली जनवरी को शाम लगभग 5.45 बजे, प्रीफेक्चर और उसके आसपास के क्षेत्र में भूकंप आने के लगभग 90 मिनट बाद पहुंची। होकुरकु इलेक्ट्रिक ने कहा कि लहरों के कारण संयंत्र में सुरक्षा संबंधी कोई समस्या नहीं हुई, क्योंकि यह समुद्र तल से लगभग 11 मीटर ऊपर बना है और इसकी समुद्री दीवार चार मीटर ऊंची है। यूटिलिटी ने कहा कि सुनामी की ऊंचाई के बारे में पता नहीं चल पाया, क्योंकि भूकंप के बाद समुद्र तल पर स्थापित एक मापने वाले उपकरण से डेटा ट्रांसमिशन बंद हो गया। बिजली कंपनी ने शिका संयंत्र के पास जल-स्तर गेज के साथ-साथ तरंग गेज के अपने डेटा विश्लेषण के परिणाम जारी किए।

### कनाडा में गुरुद्वारे के बाहर विरोध प्रदर्शन हुआ हिंसक, दो घायल

**टोरंटो।** कनाडा में एक गुरुद्वारे के बाहर दो सप्ताह तक चला विरोध प्रदर्शन सप्ताह के अंत में हिंसक हो गया। इस हिंसा में दो लोग घायल हो गए हैं। स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार, गुरुद्वारा नेतृत्व समिति के विरोध में चल रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़कने के बाद रविवार शाम को पूर्वोत्तर कैलगरी में दशमेश संस्कृति केंद्र में अधिकारियों को बुलाया गया। कैलगरी पुलिस सेवा (सीपीएस) के अनुसार, रविवार को दशमेश संस्कृति केंद्र से सेवा के लिए दो कॉल प्राप्त हुईं, जिनमें से प्रत्येक प्रदर्शनकारियों और इमारत के रहने वालों के बीच अलग-अलग गड़बड़ी के लिए थी।

### इसराइली सेना ने तीन फिलस्तीनियों को मारी गोली, वीडियो में कैद हुई घटना

**बीट रीमा।** वेस्ट बैंक के एक गांव के सीसीटीवी वीडियो फुटेज इसराइली सेना ने बिना किसी उकसावे के तीन फिलिस्तीनियों को गोली मार दी, जिसमें एक की मौत हो गई। पिछले हफ्ते बीट रीमा गांव में हुई घातक गोलीबारी की घटनाओं में इसराइली सैनिक बिना उकसावे के गोलीबारी करते दिखाई दिए। फिलिस्तीनियों का कहना है कि तीन महीने पहले गाजा में इसराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से यहां की स्थिति बेहद खराब हो गई है। इसराइली सेना ने कहा कि आतंकवाद विरोधी अभियान के तहत सैनिकों ने 28 से 29 दिसंबर, 2023 की रात बीट रीमा में प्रवेश किया। सैनिकों ने उन संदिग्धों पर गोलीबारी की जिन्होंने उन पर विस्फोटक और फायरबम फेंके थे। सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा करने के बाद, एक सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि सैनिकों ने बताया कि फिलिस्तीनियों में से एक को जब उसे गोली मारी गई तो वह मोलोटोव कॉकटेल जला रहा था।

# रवीना टंडन की वेब सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' में दिखेगी छलावे और धोखे की दुनिया

एजेंसी, मुंबई

फेमस एक्ट्रेस रवीना टंडन अब ओटीटी की दुनिया में अपनी धाक जमाने के लिए तैयार हैं। उनकी नई वेब सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' का जबरदस्त ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। शो में वो इंद्राणी कोठारी का किरदार निभा रही हैं, जोकि बॉलीवुड के 90 के दशक की 'क्वीन' है और अब अलीबाग की रानी है और वहां पर राज करती है। 'कर्मा कॉलिंग' शो अमेरिकन सीरीज 'Revenge' पर बेस्ड है। यह ग्लैमर की दुनिया की चमक के पीछे छिपे छलावे और धोखे की दुनिया को करीब से दिखाता है।

'कर्मा कॉलिंग' के ट्रेलर की शुरुआत इस डायलॉग से होती है, 'जब आपका सब कुछ राख हो चुका हो, एक ही रास्ता बचता है, बदला। इस कहानी में किसी को माफ नहीं किया जाएगा।' इसके बाद इंद्राणी कोठारी को इंट्रोड्यूस किया जाता है। इंद्राणी 90 के दशक की वो एक्ट्रेस रह चुकी है, जो बॉलीवुड पर राज करती थी। अब वो अलीबाग की राजमाता है। पर उसकी जिंदगी में तब तूफान आ जाता है, जब उसका सामना 'कर्मा' से होता है।

### कर्मा कॉलिंग की कास्ट

'कर्मा कॉलिंग' में रवीना टंडन के अलावा वरुण सूद, नम्रता सेठ, विक्रमजीत विर्क, विराफ पटेल, रोहित रॉय, एमी एला जैसे स्टार्स भी नजर आएंगे। इस शो का डायरेक्शन रूचि नारायण ने किया है। आप इसे ओटीटीज्ञ प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैं। ये 26 जनवरी 2024 को स्ट्रीम होगा।



## अमेरिका ने चीन को बोला - ताइवान के मुद्दे पर 'कभी समझौता नहीं' होगा



**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका से कहा है कि वो ताइवान के मुद्दे पर 'कभी समझौता नहीं' करेगा। चीन की ओर से ये बयान अमेरिका के साथ लंबे समय के बाद हो रही सैनिक स्तर की बातचीत के दौरान आया है। चीन का ये बयान ऐसे वक्त में आया है जब आने वाले दिनों में ताइवान में चुनाव होने वाले हैं। माना जा रहा है कि इस बयान से चीन और ताइवान के बीच दूरियां और भी बढ़ सकती हैं। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है, लेकिन ताइवान खुद को चीन की मुख्यभूमि से अलग मानता है। चीनी रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है, चीन अमेरिका के साथ बराबरी और सम्मान के आधार पर स्वस्थ और स्थायी सैनिक संबंध विकसित करना चाहता है। चीन और अमेरिका के बीच मिलिट्री स्तर की वार्ता आखिरी बार साल 2021 में हुई थी। चीन ने अमेरिका से ये भी अपील की है कि वो 'ताइवान को हथियारों की आपूर्ति रोके' और उसकी चिंताओं को 'गंभीरता' से ले।

# बांग्लादेश के विदेश मंत्री बोले-भारत निश्चिंत रहे, चीन के आगे नहीं झुकेंगे

एजेंसी, ढाका



बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. एके अब्दुल मोमन ने भारत को भरोसा दिलाया है कि उनका देश चीन की चाल में कभी नहीं फंसेगा और कभी घुटने नहीं टेकेगा। हमने बहुत अच्छा तालमेल और संबंध विकसित किया है। पीएम मोदी ने इसे स्वर्णिम अध्याय बताया है और हम इस पर आगे बढ़ना चाहते हैं।

हम भारत और बांग्लादेश और अन्य सभी पड़ोसियों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए आगे बढ़ेंगे। बांग्लादेश में चीन का बहुत ज्यादा प्रभाव नहीं है। चीन एक विकास भागीदार है। वह हमारी कुछ परियोजनाओं में हमारी मदद कर रहे हैं। चीन यहां या तो एक ठेकेदार के रूप में काम कर रहा है या फिर एक विशेषज्ञ के रूप में। अगर आप देखें कि हमें चीन से कितना पैसा मिला है, तो यह जीडीपी के एक फीसदी से भी कम है। चीन से मिले कर्ज को लेकर उन्होंने कहा कि एक देश दूसरे देश के कर्ज में डूबा हो सकता है यदि उसकी विदेशी कर्जा 55 प्रतिशत से अधिक हो। हमारी कुल उधारी सिर्फ 13.6 फीसदी है। भारत में डर वास्तविक नहीं है। चीन एक मित्र और विकास भागीदार है। हम कोई भी सहायता या फंड प्राप्त करने में बहुत विवेकपूर्ण हैं। इसलिए लोगों को यह डर नहीं होना चाहिए कि बांग्लादेश चीनियों के आगे झुक जाएगा। विदेश मंत्री ने कहा, भारत में एक मजबूत और परिपक्क सरकार है। उनका नेतृत्व परिपक्क है और उन्हें मजबूत मूल्य और परंपराएं विरासत में मिली हैं। भारत ऐसा कुछ नहीं करेगा जिससे भारतीय मूल्यों और सिद्धांतों को ठेस पहुंचे।

# चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की कोई संभावना नहीं : एस्ट्रोबोटिक

एजेंसी, न्यूयॉर्क

अमेरिका का पहला पूरी तरह से निजी अंतरिक्ष यान, जिसका लक्ष्य लगभग 50 वर्षों के बाद अमेरिका को चंद्र क्षेत्र में वापस लाना था, चंद्रमा पर ऐतिहासिक लैंडिंग नहीं करेगा।

कंपनी ने यह घोषणा की है। पिट्सबर्ग स्थित एस्ट्रोबोटिक टेक्नोलॉजी के पेरेग्रीन लूनर एल में एक विसंगति का सामना करना पड़ा, और अधिकारियों ने प्रणोदन प्रणाली के भीतर विफलता के कारण प्रणोदक का गंभीर नुकसान की बात कही है। लूनर ने 8 जनवरी को उड़ान भरी थी।

मिशन टीम लैंडर की बैटरी को पूरी तरह से चार्ज करने में कामयाब रही, लेकिन टीम ने अपडेट किया कि लैंडर के थ्रस्टर्स अधिकतम 40 घंटे तक ही काम कर सकते हैं। बाद में, कंपनी ने एक्स पर पुष्टि की कि अंतरिक्ष यान के पास, दुर्भाग्य से, चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की कोई संभावना नहीं थी। हालांकि, टीम ने पेरेग्रीन के परिचालन काल को बढ़ाने के तरीके खोजना जारी रखा है।



**चर्चा** द न्यूज ने भारतीय डेलिगेशन की विजिट न लिखकर हिंदू डेलिगेशन लिखा है, जो उसके सांप्रदायिक रुख को दिखाता है

# स्मृति इरानी के मदीना जाने पर पाक को लगी मिर्ची

एजेंसी, मदीना

भारत की अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति इरानी पिछले दिनों सऊदी अरब के दौरे पर थीं। इस दौरान वह मदीना भी गई थीं और वहां हज की तैयारियों का जायजा लिया था। भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ पहुंचीं स्मृति इरानी ने सऊदी अरब के कुछ सीनियर नेताओं से भी मुलाकात की और जेद्दाह में आयोजित उमराह कॉन्फ्रेंस में भी हिस्सा लिया।

इस विजिट की तस्वीरें स्मृति इरानी ने एक्स पर शेयर की हैं और बताया है कि वह मदीना की पवित्र अल मस्जिद अल नबवी और कुबा मस्जिद के बाहरी परिसर तक गई थीं। कुबा मस्जिद को इस्लाम की पहली मस्जिद माना जाता है। इसकी स्थापना पैगंबर मोहम्मद ने 622 ई. में की थी। स्मृति इरानी के इस दौरे को लेकर पाक मीडिया को मिर्ची लग गई है और अब वह स्मृति इरानी के अलावा सऊदी अरब पर भी सवाल उठा रहा है। पाकिस्तानी अखबार द न्यूज की वेबसाइट ने तो स्मृति इरानी के पहनावे तक पर सवाल उठाया है।

कुबा मस्जिद में किसी गैर-मुस्लिम की एंट्री पर मनाही है, लेकिन 2021 में नियमों में थोड़ा बदलाव हुआ था और अब गैर-मुस्लिम भी बाहरी परिसर तक जा सकते हैं। द न्यूज ने इसे भारतीय डेलिगेशन की विजिट न लिखकर हिंदू डेलिगेशन लिखा है, जो उसके सांप्रदायिक रुख को दिखाता है। यही नहीं उसने लिखा, 'इरानी के नेतृत्व में पहली बार कोई गैर-मुस्लिम डेलिगेशन मदीना गया है और उसने इस्लाम के ऐतिहासिक स्थानों का दौरा किया है।

डेलिगेशन में दो महिलाएं थीं, जिन्होंने साड़ी और सलवार कमीज पहन रखी थी। इन लोगों ने सिर भी नहीं ढके थे। इसके अलावा स्मृति इरानी ने माथे पर बिंदी लगा रखी थी।



### सऊदी अरब पर भी भड़का रहता है पाकिस्तान

**कश्मीर** के मुद्दे पर सऊदी अरब का समर्थन न मिल पाने पर तो उसने यहां तक कहा था कि हमारे मुस्लिम भाई भी कारोबार की वजह से चुप्पी साधे हुए हैं। बता दें कि स्मृति इरानी के नेतृत्व में डेलिगेशन सऊदी अरब में हज यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने गया था। इस साल भारत के लिए सऊदी अरब ने 1 लाख 75 हजार हज यात्रियों का कोटा तय किया है। हज यात्रा की तैयारियों को लेकर सऊदी अरब की ओर से गैर-मुस्लिम डेलिगेशन का स्वागत करना और स्मृति इरानी का मस्जिद के परिसर तक जाना अहम है। इसे दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ रिश्तों और सऊदी अरब के रवैये में बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है।

# भारत विरोधी बयान पर मालदीव में दो फाड़

एजेंसी, माले

मोहम्मद मुइज्जू सरकार के मंत्री के जरिए पीएम मोदी के खिलाफ की गई विवादित टिप्पणी के बाद मालदीव की राजनीतिक भूचाल आ चुका है। मालदीव के विपक्षी नेताओं ने भारत के साथ बिगड़ते रिश्तों के लिए मोहम्मद मुइज्जू सरकार को जिम्मेदार ठहराया है।

वहीं, बुधवार को मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद मिकाइल अहमद नसीम ने देश के संसद अध्यक्ष से इस मामले पर विदेश मंत्री को संसद में तलब करने का आग्रह किया है। मिकाइल अहमद नसीम ने कहा कि पीएम मोदी और भारत के खिलाफ की गई वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा टिप्पणियों पर पूछताछ के लिए मैंने संसद अध्यक्ष से विदेश मंत्री को संसद में तलब करने की गुजारिश की है। बता दें कि इस समय मालदीव में संसद की कार्यवाही स्थगित है, लेकिन मिकाइल अहमद नसीम का कहना है कि इस मामले पर संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए।

### पीएम मोदी के पक्ष में खड़ा हुए सांसद मिकाइल अहमद नसीम



डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद मिकाइल अहमद नसीम।